

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

ड्रोन फोटो- अरुण साहू

*भारतमाला के तहत आए गांवों तक पहुंची हरिभूमि की टीम मुआवजा लेने वाले 70 फीसदी लोगों को ग्रामीण नहीं पहचानते*

# भेलवाडीह से नायकबांधा तक 'भ्रष्टाचार-माला', किसने खरीदी जमीन, कौन ले गया मुआवजा, कोई नहीं जानता

*भारतमाला प्रोजेक्ट के तहत रायपुर विशाखापट्टनम कॉरीडोर में जमीनों के बंदरबांट को लेकर हरिभूमि ने सिलसिलेवार खुलासे किए। खुलासों के बाद हरिभूमि की टीम भेलवाडीह से नायकबांधा तक प्रभावित गांवों में पहुंची। इस दौरान एक और चौंकाने वाला तथ्य सामने आया।*

गौरव शर्मा ▶▶| रायपुर

हरिभूमि को मिली रिपोर्ट में नायकबांधा से टोकरो तक जिन लोगों के करोड़ों रुपए मुआवजा लेने का उल्लेख है, उनमें से 70 फीसदी लोगों को ग्रामीण पहचानते तक नहीं। ग्रामीणों ने बताया कि नई सड़क का नोटिफिकेशन होते ही बड़े पैमाने पर बाहरी लोग आए और जमीनों की खरीदी बिक्री का सिलसिला शुरु कर दिया। कई ग्रामीण ऐसे भी हैं, जिन्होंने औने पौने दाम में अपनी जमीनें बेची। बाद में पता चला कि उन्हीं जमीनों के टुकड़े कर बाहर से आए लोगों ने करोड़ों रुपए मुआवजा ले लिया। गांव के जिन ▶▶|शेष पेज 7 पर

भारतमाला-1

## जमीन टुकड़ों में बांटकर मुआवजा लेने वालों को अब जांच का डर



### सरपंच ने कहा- आधे से ज्यादा बाहरी

हरिभूमि की टीम ने नायकबांधा गांव पहुंचकर सरपंच भारती गौकरण साहू से मुलाकात की। मुआवजा लेने वालों के नाम, खसरा नंबर के आधार पर जानकारी मांगी। इस दौरान सरपंच ने अधिकतर लोगों के बाहरी होने की बात कही। गौकरण साहू ने बताया, सड़क के लिए निर्माण शुरु होने के पहले ही बड़ी संख्या में कारोबारियों और बाहरी लोगों ने जमीनें खरीद ली। इन्हीं लोगों ने बाद में मुआवजा भी ले लिया। इसके बाद से वे गांव से नदारद हैं।

### ग्रामीण पूछते रहे- कैसे होगी वसूली

नायकबांधा, टोकरो और उरला में हरिभूमि की टीम ने मुआवजा लेने वाले ग्रामीणों से बातचीत की, लेकिन वे कुछ भी कहने तैयार नहीं हुए। इस दौरान ग्रामीण जमीनों के टुकड़े कर भारी भरकम मुआवजा लेने वालों पर कार्रवाई को लेकर ▶▶|शेष पेज 7 पर

### अरबों रुपए बंट गए फिर भी नहीं मिली राशि

भारतमाला प्रोजेक्ट के तहत भेलवाडीह से उरला, झांकी, नायकबांधा और सातपारा तक जमीनों के टुकड़े कर मुआवजे का बड़ा खेल हुआ। इसके बाद भी यह तथ्य सामने आया कि अब भी बड़ी संख्या में किसानों को राशि नहीं मिली है। हरिभूमि को मिली जानकारी के अनुसार अब तक 6 गांवों के 506 भूस्वामियों को 243 करोड़ से अधिक राशि का भुगतान किया जा चुका है। अब भी 206 कृषकों का 81 करोड़ 46 लाख 19 हजार 797 रुपए का मुआवजा बाकी है।

inh
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### पेड़ों की कटाई मामले पर कल सुनवाई




**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट हैदराबाद के कांची गाचीबोवली में पेड़ों की कटाई से संबंधित मामले में 16 अप्रैल को सुनवाई करेगा। इसमें कोर्ट ने तेलंगाना सरकार से हैदराबाद विवि के पास एक भूखंड पर से बड़े पैमाने पर पेड़ों को हटाने की अनिवार्य आवश्यकता के बारे में स्पष्टीकरण मांगा था। वनों की कटाई की गतिविधियों का कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया था।

### सबरीमला में भगवान अयप्पा स्वर्ण लॉकेट वितरण



**सबरीमला।** त्रावणकोर देवस्वम बोर्ड ने सबरीमला मंदिर में 'विषु' पर्व के दिन भगवान अयप्पा की तस्वीर वाले स्वर्ण लॉकेट के वितरण की योजना शुरू की। राज्य के मंत्री वी एन वासवन ने इन लॉकेटों का वितरण आरंभ किया, जिन्हें मंदिर के गर्भगृह में रखा गया था और जिनकी श्रद्धालुओं ने ऑनलाइन बुकिंग कराई थी।

### कार में बंद दो बच्चियों की दम घुटने से मौत



**हैदराबाद।** तेलंगाना के रंगा रेड्डी जिले में सोमवार को एक कार में दुर्घटनावश बंद हो जाने के कारण चार और पांच साल की दो बच्चियों की दम घुटने से मौत हो गई। यह घटना दमरगिड्डा गांव में दोपहर करीब दो बजे उस समय हुई, जब रिश्ते की दोनों बहनें खेलते समय अपने एक रिश्तेदार के घर के पास खड़ी कार में बैठ गईं।

### चलती गाड़ी में नाचने का वीडियो, 38 हजार जुर्माना



**नोएडा।** नोएडा में सड़क पर चलती स्पोर्ट्स यूटिलिटी व्हीकल की छत एक युवक के नाचने का वीडियो सोशल मीडिया पर आने के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 38 हजार रुपए से अधिक का चालान काटा है। यह वीडियो नोएडा का बताया जाता है। वीडियो में दिखाई दे रहा है कि तेज संगीत बजाकर युवक थार की छत पर नाच रहा है।

## मुर्शिदाबाद के बाद अब दक्षिण 24 परगना जिले में बवाल

# 'हिंसा' पहुंची सुप्रीम कोर्ट, इधर परगना में उबाल, भीड़ ने फूंकी पुलिस की गाड़ियां

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

पश्चिम बंगाल में वक्फ कानून के खिलाफ हिंसा थमने का नाम ही नहीं ले रही है। मुर्शिदाबाद के बाद अब दक्षिण 24 परगना जिले में सोमवार को हिंसा भड़क गई। दक्षिण 24 परगना में आईएसएफ विधायक सिद्दीकी वक्फ कानून के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे थे। इस प्रदर्शन में शामिल होने के लिए लोगों को पुलिस ने रोका। इसके बाद लोग उग्र हो गए और उन्होंने सड़क पर जाम लगा दिया। वहीं प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने लाठीचार्ज भी किया।

विधायक नौशाद सिद्दीकी ने कहा सत्तारूढ़ पार्टी कह रही है कि वे इस वक्फ संशोधन अधिनियम को यहां लागू नहीं होने देंगे, हम भी यही चाहते हैं। इसलिए हम विरोध कर रहे हैं, लेकिन पुलिस ने हम पर हमला किया है। हम इसकी निंदा करते हैं। विरोध हमारा लोकतांत्रिक अधिकार है, हमने पुलिस को सूचित किया कि हम एक रैली निकालेंगे। नौशाद ने ये आरोप लगाया कि भाजपा और तृणमूल कांग्रेस दोनों ही वोट बैंक की राजनीति के लिए पश्चिम बंगाल में धर्म से खेल रहे हैं।

*पश्चिम बंगाल में सोमवार को वक्फ संशोधन कानून के खिलाफ एक बार फिर हिंसा भड़क गई। दक्षिण 24 परगणा के भांगड़ में प्रदर्शनकारियों ने पुलिस की गाड़ियों में आग लगाने के साथ-साथ जमकर तोड़फोड़ किया। इस इलाके में भारी संख्या में पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। इधर, मुर्शिदाबाद के जाफराबाद में प्रदर्शनकारियों ने जवानों पर पत्थर फेंके।*

### खास बातें

- जाफराबाद में पुलिस और सुरक्षा बलों के जवानों पर फेंके गए पत्थर
- प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने पुलिस ने किया लाठीचार्ज

### पुलिस की बाइक में तोड़फोड़ की

हाईवे पर हालात काबू में आ गए, लेकिन उग्र भीड़ ने शोणपुर में पुलिस की 5 बाइक में तोड़फोड़ की और उनमें आग लगा दी। कैदियों को ले जाने वाली वैन को पलटा दिया और उसमें भी तोड़फोड़ की।



### मुर्शिदाबाद में भी भड़की हिंसा

मुर्शिदाबाद के जाफराबाद में वक्फ कानून के खिलाफ एक बार फिर हिंसा भड़क गई। यहां पुलिस और केंद्रीय बल जब अंतिम संस्कार के लिए रूट मार्च करने इलाके में गए थे, तो उन पर ईंट-पत्थर फेंके गए। हालांकि जैसे ही पुलिस और केंद्रीय सुरक्षा बल को इसकी सूचना मिली मौके पर पहुंचकर उन्होंने हालात पर काबू पा लिया और प्रदर्शनकारियों को भगा दिया।

### 19 विस्थापित परिवार लौटे

इधर, मुर्शिदाबाद में 10-12 अप्रैल बीच हुई हिंसा के बाद अब हालात धीरे-धीरे सामान्य हो रहे हैं। एडीजी लॉ एंड ऑर्डर जावेद शमीम ने बताया- दुकानें खुलने लगी हैं। अब तक 19 विस्थापित परिवार अपने घर लौट चुके हैं। मालदा और मुर्शिदाबाद जिला प्रशासन मिलकर लोगों की सुरक्षित वापसी करवा रहा है। शमीम ने कहा- अब तक 210 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। पिता-पुत्र की हत्या मामले में अलग केस दर्ज किया जाएगा और दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।

### मौलवियों से मुलाकात करेंगी सीएम ममता बनर्जी

पश्चिम बंगाल में कई जगहों पर वक्फ कानून के खिलाफ हो रही हिंसा को लेकर 16 अप्रैल को सीएम ममता बनर्जी इमाम और मौलवियों से मुलाकात करेंगी। वहीं दूसरी तरफ 16 अप्रैल को भाजपा शहीद दिवस मनाएगी।

### सुप्रीम कोर्ट पहुंचा मुर्शिदाबाद हिंसा का मामला

मुर्शिदाबाद में वक्फ कानून के खिलाफ हुई हिंसा का मामला अब सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। बता दें कि इस हिंसा में तीन लोगों की मौत हो गई और कई घायल हो गए। शीर्ष अदालत के वकील शशांक शेखर झा ने हिंसा और मौतों की जांच के लिए एक विशेष टीम बनाने तथा इस जांच की निगरानी सर्वोच्च न्यायालय से करने की मांग की है।

## छत्तीसगढ़ में बढ़ी हरिभूमि की प्रसार संख्या, 3 लाख 73361 प्रतियों के साथ नंबर वन




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में लगातार हरिभूमि की प्रसार संख्या में इजाफा हो रहा है। आडिट ब्यूरो और सर्कुलेशन के आंकड़ों के मुताबिक हरिभूमि छत्तीसगढ़ में नंबर वन है। प्रदेश में हरिभूमि की कुल 3 लाख 73 हजार 361 प्रतियां हैं। वहीं दैनिक भास्कर 2 लाख 59 हजार 835 प्रतियों के साथ दूसरे और पत्रिका 1 लाख 42 हजार 443 प्रतियों के साथ तीसरे स्थान पर बना हुआ है।

उल्लेखनीय है कि 24 मार्च, 2025 को हरिभूमि में प्रकाशित खबर में पत्रिका की प्रसार संख्या हरिभूमि से 2 लाख 44 हजार कम बताई गई थी जबकि पत्रिका की प्रसार संख्या हरिभूमि से 2 लाख 30 हजार 918 प्रतियां कम है।

- भास्कर की 2 लाख 59835 प्रतियां, पत्रिका की प्रतियां 1 लाख 42443
- छत्तीसगढ़ में पत्रिका, हरिभूमि से 2 लाख 30 हजार 918 प्रतिया कम

**सेलूद इलाके की घटना**

## नहर में फिसला दोस्त बचाने कूदा, बह गए दोनों



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

धमतरी स्थित बिलाई माता के मंदिर में पूजा पाठ कर तीन दोस्त अपनी कार से घर लौट रहे थे। इस दौरान सेलूद नहर में दो युवक नीचे उतरे, लेकिन अचानक पैर फिसलने से एक युवक पानी में बह गया। उसे बचाने के चक्कर में दूसरा युवक नहर में कूद गया। लेकिन पानी का बहाव तेज होने से दोनों बह गए। घटना की खबर लगते ही मौके पर एसडीआरएफ और उतई पुलिस पहुंची। रविवार से नहर में रेस्क्यू का काम चल रहा है। लेकिन सोमवार शाम तक युवको के बारे में कोई ▶▶|शेष पेज 7 पर

- उतई पुलिस और एसडीआरएफ की टीम मौके पर

### दोनों युवकों ने नहर में पानी देख रोकी थी कार

परिजनों के मुताबिक प्रहलाद यादव और नंद किशोर धुर्वे, आकाश चंद्राकर तीनों धमतरी बिलई माता मंदिर के दर्शन कर लौटने के बाद शाम होने पर उन्होंने नहर में तेज पानी देखा तो कार वहीं रोक दी,फिर कुछ देर बाद रिलैक्स होने के लिए नहर में नंद किशोर और प्रहलाद उतरे। दोनों नहर के पानी में पैर डालकर बैठे थे। ▶▶|शेष पेज 7 पर

### खोजबीन जारी है

रेस्क्यू जारी है। सूचना मिलने पर पुलिस और एसडीआरएफ की टीम पहुंची है। गोताखोरों की भी मदद ली जा रही है। नहर में दोनों युवक उतरे थे। पैर फिसलने से हादसा हुआ है। 24 घंटे बीत जाने के बाद भी खोजबीन जारी है।

\- अनूप लकड़ा, एसडीओपी पाटन

## खादी ग्रामोद्योग बोर्ड के अध्यक्ष पांडेय ने संभाला कार्यभार



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सोमवार को राजधानी स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में छत्तीसगढ़ खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड के नवनियुक्त अध्यक्ष राकेश पांडेय के पदभार ग्रहण कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने श्री पाण्डेय को नये दायित्व के ▶▶|शेष पेज 7 पर

## डीएनए ने पकड़ा झूठ, चाचा ही अनाचारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

मासूम बच्ची के साथ बीते दिनों हुए अनाचार के बाद हत्या के मामले में परिजन पुलिस पर सवाल खड़े कर सीबीआई जांच की मांग कर रहे हैं, लेकिन डीएनए रिपोर्ट आने के बाद पुलिस का पक्ष मजबूत हो गया है। खुलासा करते हुए एएसपी सुखनंदन राठौर ने 6 वर्षीय बच्ची का रेप कर हत्या मामले में पुलिस ने संदिग्ध समेत आरोपी चाचा का डीएनए कराया था। इसकी रिपोर्ट पुलिस को मिल ▶▶|शेष पेज 7 पर

- परिजन लगा रहे थे गंभीर आरोप

**कई संदेह पर लगा अब विराम**



### परिजन बोले- पुलिस कराए नार्को टेस्ट

मृतक बच्ची के परिजन और माता पिता का कहना है कि असली आरोपी खुलेआम घूम रहा है। दुर्ग पुलिस की जांच पर भरोसा नहीं है। पुलिस आरोपी का नार्को टेस्ट करा ले। इससे साफ हो जाएगा कि आरोपी है या नहीं। अगर ऐसा नहीं करने पर मामले की जांच सीबीआई को सौंपे जाने की मांग कर रही है। परिजनों के मुताबिक बच्ची के साथ घटना को अंजाम किसने दिया है। इसके लिए जो भी करना पड़े परिवार तैयार हैं।

### मदद करने वाले भी होंगे आरोपी

दुर्ग एएसपी सिटी सुखनंदन राठौर के मुताबिक मोहल्ले के कई लोगों को यह पता था कि, जो कार वहां खड़ी रहती है। उसके एक दरवाजे का लॉक खराब है। यह बात आरोपी को भी पता थी। जब उसने बच्ची का अनाचार कर हत्या की, तो शव को कार के भीतर ही दरवाजा खोलकर ▶▶|शेष पेज 7 पर

## रायपुर के डॉक्टर अनिल राहुले ने नागपुर जाकर की वारदात

# डॉक्टर पति बना जल्लाद, भाई के साथ मिलकर की हत्या!

एजेंसी ▶▶| नागपुर

महाराष्ट्र में नागपुर के हुडकेश्वर से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां सिर्फ चरित्र पर शक की वजह से डॉक्टर ने अपनी पत्नी की बेरहमी से हत्या कर दी। मृतक का नाम डॉक्टर अर्चना राहुले था, वहीं हत्या करने के दोनों आरोपी डॉक्टर हैं। इन आरोपियों के नाम पति डॉ. अनिल राहुले और देवर रवि राहुले हैं। आरोपी पति अनिल छत्तीसगढ़ के रायपुर इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल में सहायक प्राध्यापक है। यह घटना हुडकेश्वर पुलिस थाना क्षेत्र के लाडेकर लेआउट स्थित एक आवासीय मकान में घटी। घटना के दौरान पति ने अपनी ▶▶|शेष पेज 7 पर

### सदमे में इकलौता बेटा

मृतक का एक बेटा है, जो तेलंगाना राज्य के करीमनगर में एमबीबीएस के तीसरे वर्ष में पढ़ रहा है, जो अपनी मां की हत्या पिता के द्वारा किए जाने पर सदमे में है। बता दें कि डॉक्टर दंपति ने प्रेम विवाह किया था।



### दोनों आरोपी गिरफ्तार

डॉ. अर्चना राहुले मेडिकल अस्पताल में फिजियोथेरेपी विभाग में सहायक प्रोफेसर थीं। आरोपी पति डॉ. अनिल राहुले (52) छत्तीसगढ़ के रायपुर स्थित एक मेडिकल कॉलेज में डॉक्टर हैं। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। अदालत ने उन्हें चार दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया है।

### हत्या के बाद रायपुर चला गया था आरोपी

आरोपी पति ने 9 अप्रैल को अपनी पत्नी की हत्या कर दी और शव को घर पर ही छोड़कर रायपुर चला गया। शनिवार को घर लौटने पर दरवाजा खोलते ही अनजान होने का नाटक करते हुए आरोपी पति ने उसकी पत्नी की हत्या हो जाने की बात कही। हालांकि, पुलिस जांच में पता चला कि पति और देवर ने ही हत्या की है।

# ‘पार्टियां’ डा. आंबेडकर का इस्तेमाल केवल वोट बैंक के लिए कर रहीं हैं: कुमार प्रशांत

**हरिभूमि न्यूज/रायपुर**
डा. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर आईएनएच और हरिभूमि के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी के साथ सार्थक संवाद में चर्चा करते हुए गांधीवादी विचारक कुमार प्रशांत कहते हैं जब बहुजन समाज के जुड़ी एक पार्टी बन गई और उसने आंबेडकर को अपना आईकान बन लिया तो बाकी राजनीतिक पार्टियों को लगा अगर उन्होंने ऐसा नहीं किया तो उनका वोट बैंक हाथ से चला जाएगा, यही कारण है कि आज राजनीतिक पार्टी अपने को आंबेडकर का भक्त बनाते में लगी हुई हैं। सच्चाई यह है कि आंबेडकर का इस्तेमाल महज वोट बैंक के लिए किया जा रहा है।

सार्थक संवाद

*▸▸ डा. आंबेडकर ने चार-पांच साल में क्या किया था जो एक बड़ी शख्सियत के रूप में उभर कर सामने आए, जो महात्मा गांधी को भी लगा उनसे मिलना चाहिए?*

▸▸ आंबेडकर के राजनीति में उतरने से पहले की कांग्रेस की राजनीति को देखे तो महात्मा गांधी दलितों के लिए काम कर रहे थे, पर गांधी जी स्वयं दलित नहीं थे। तब की राजनीति में दलितों के प्रवक्ता के रूप में सवर्ण सामने आते थे। यह पहली बार हुआ डा. आंबेडकर के आने के बाद की दलितों के प्रवक्ता के रूप में एक दलित सामने आए। गांधी जी और डा. आंबेडकर की पहली मुलाकात तब हुई थी जब गांधी जी दूसरे गोलमेज सम्मेलन के लिए जाने वाले थे। गांधी जी से मुलाकात में आंबेडकर बहुत कट्टू शब्दों में बात करते हैं। तब गांधी जी कहते हैं, अभी देश बड़ी कठिन परिस्थिति में पड़ा है, मेरे पास समय नहीं है। इसके जवाब में आंबेडकर कहते हैं आपका देश पड़ा होगा मेरा तो नहीं पड़ा है। यह मुलाकात कुछ अच्छी नहीं रहती है। गोलमेज सम्मेलन के लिए जिस जहाज में गांधी जी को जाना था, उसमें आंबेडकर भी जाने वाले थे, लेकिन बाद में गांधी के पास सूचना आई कि उनको एक दिन बाद जाना है। अगर दोनों एक ही पानी के जहाज जाते तो शायद इनको बात करने का लंबा समय मिलता। गोलमेज सम्मेलन में अंग्रेजों ने अलग-अलग समाज के लोगों को बुलाया था। अंग्रेज चाहते थे कि अलग-अलग समाज में निर्वाचन हो और नेता चुने जाए। गांधी जी इसके पक्ष में नहीं थे, आंबेडकर इसके पक्ष में थे। गोल मेज सम्मेलन से लंदन से वापस आने के बाद गांधी की पकड़ लिए जाते हैं और सारी कांग्रेस भी पकड़ ली जाती है। जेल में गांधी जी को खबर मिलती है, अंग्रेजी सरकार ने अलग-अलग समाज के लिए निर्वाचन की प्रक्रिया को मंजूरी दे दी है। उस समय एक अजीब सी व्यवस्था थी कि जिस समाज का व्यक्ति खड़ा होगा, उसको उस समाज का व्यक्ति ही वोट करेगा। यानी दलित को वोट दलित ही करेगा, इसका मतलब यह है दलित व्यक्ति दलित ही रहेगा। गांधी जी ने जेल में ही इस व्यवस्था के खिलाफ आमरण अनशन प्रारंभ कर दिया था। आंबेडकर ने इसके बाद टिप्पणी की थी गांधी जी यह न समझे कि उनके प्राण बचाने के लिए मैं अपने समाज की बलि चढ़ा दूंगा। दलित समाज में गांधी जी के भी बहुत संख्या में समर्थक थे, उनके दबाव में आंबेडकर को जेल में गांधी जी से मिलने जाना पड़ता है। आंबेडकर वहां पर गांधी जी से कहते हैं हमारे साथ बहुत अन्याय किया है।

*▸▸ आजादी के आंदोलन में आंबेडकर की क्या भूमिका रही है?*

▸▸ आजादी के दो मतलब थे। एक राजनीतिक आजादी के लिए तो देश लड़ ही रहा था और एक मानसिक आजादी भी बहुत बड़ी है। मानसिक आजादी गांधी जी लगातार लड़ते रहे। आंबेडकर ने अपने दलित समाज की मानसिक आजादी के लिए लड़ाई लड़ी।




इस लिहाज से मैं कह सकता हूं कि वे भी एक स्वतंत्रता सेनानी है, लेकिन जहां तक राजनीतिक आजादी की लड़ाई का सवाल है तो इसमें डा. आंबेडकर की कोई भूमिका नहीं रही है।

*▸▸ डा. आंबेडकर के लिए कांग्रेस ने क्यों कर सीट खाली करवा कर उनको जीत दिलाने का काम किया था?*

▸▸ डा. आंबेडकर खुद को गांधी विरोधी कहते थे, लेकिन गांधी जी ने कभी खुद को आंबेडकर जवाहर लाल नेहरू की कैबिनेट में आंबेडकर नहीं थे, तो सवाल किया गया था, इसमें आंबेडकर क्यों नहीं है। जवाहर लाल ने जवाब दिया था आंबेडकर का आजादी की लड़ाई में योगदान नहीं था, वो आजाद भारत की कैबिनेट में कैसे हो सकते हैं। गांधी जी कहते हैं, जवाहर यह तुम्हारी कैबिनेट नहीं बन रही है, यह आजाद भारत की कैबिनेट बन रही है। तब डा. आंबेडकर को कानून मंत्री बनाया जाता है।

*▸▸ आंबेडकर को लेकर सभी पार्टियां उनको अपना बताने का प्रयास करती है?*

▸▸ ये सब राजनीति के लिए है। सब आंबेडकर का इस्तेमाल कर रहे हैं। अगर आज आंबेडकर होते तो इसके खिलाफ लड़ाई लड़ते।

*▸▸ भाजपा और कांग्रेस में से किसकी सोच आंबेडकर से मेल खाती है?*

▸▸ बहुमत की जो राजनीति है, उसमें यह है कि मत किस तरह से ज्यादा मिले। कांग्रेस ने आजादी के बाद लंबे समय तक यह समीकरण साध कर रखा इसलिए वह सफल रही। जिस दर्शन में भाजपा विश्वास करती है, वह दर्शन पूरी तरह से कमजोर वर्गों के खिलाफ है। इसी दर्शन पर आरएसएस भी विश्वास करता है। जब तक भाजपा इस दर्शन को नहीं बदलती है, उसका इस छवि से निकलना मुश्किल है। जहां तक कांग्रेस का सवाल है तो वह व्यवहार में बेइमानियां करती हैं। उसके दर्शन में यह बात नहीं है, क्योंकि उसका दर्शन गांधी से मिला हुआ है।

*▸▸ संघ और भाजपा तो दलितों और पिछड़ों के लिए काम करने का दावा करती है?*

▸▸ चर्च भी तो ये सारे दावे करता है। यही काम भाजपा भी कर रही है। संघ ने आज तक इन वर्गों के लिए अपने दरवाजे खोले नहीं है।

*▸▸ अचानक 90 के दशक में आंबेडकर का भारतीय राजनीति में पुर्न जन्म हो गया। 25 साल का जो मौन रहा, उस पर क्या कहेंगे?*

▸▸ जब कोई समाज अपने हित के लिए राजनीति पार्टी बनाता है तो ऐसा कुछ होता है। कांशीराम ने बहुजन समाज पार्टी बनाई। आंबेडकर को इस पार्टी ने आईकान बनाया। एक ही पार्टी के पास रहेगा तो हमारा क्या होगा, ऐसे में दूसरी पार्टियों ने भी इस हथियार को अपना हथियार बनाने का काम किया। इसलिए आज हर कोई आंबेडकर का भक्त हो गया है।

**▸▸ महात्मा गांधी और डा. आंबेडकर में आज की राजनीति में कौन ज्यादा प्रभावी है?**

▸▸ डा. आंबेडकर आज ज्यादा प्रभावी दिख रहे हैं। गांधी के विरोध वाली सरकार जितनी बार गांधी का नाम लेती है, उतनी बार तो गांधी को मनाने वाले भी नहीं लेते हैं। यह राजनीतिक मजबूरियां हैं।

## खबर संक्षेप

### कारखाना प्रबंधक समेत दो के विरुद्ध एफआईआर

**चांपा।** नगर के प्रकाश इंडस्ट्रीज लिमिटेड के फर्नेस ब्लास्ट मामले में लापरवाही उजागर होने पर स्थानीय पुलिस ने प्रबंधन के दो अधिकारियों सहित अन्य के विरुद्ध जुर्म दर्ज किया है। हादसे में प्लांट के कुल 13 मजदूर झुलस गए थे। इनमें से चार को बेहतर उपचार के लिए डीआडीओ हैदराबाद एयर एम्बुलेंस भेजा गया है।
शनिवार 12 अप्रैल को प्रकाश इंडस्ट्रीज लिमिटेड के 15 टन ओल्ड फर्नेस में हुए ब्लास्ट में लावा गिरने से कुल 13 मजदूर झुलस गए थे। शाम 4 बजे हुए हादसे में झुलसे सभी मजदूरों को उपचार के लिए नारायणा हॉस्पिटल रायपुर भेजा गया था। इनमें से चार की हालत गंभीर होने से उन्हें बेहतर उपचार के लिए हैदराबाद भेजा गया है। निरीक्षक राहुल पटेल द्वारा पुलिस में एफआईआर दर्ज कराई गई है। मामले में पुलिस ने कारखाना प्रबंधक उदय सिंह, अधिभोगी संजय जैन सहित अन्य दो के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 287, 289 एवं (3) 5 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### महिला की धारदार हथियार से हत्या

**बालोद।** ब्लाक के ग्राम निपानी में कुछ दिन पूर्व घर से भागते हुए बचाओ-बचाओ की आवाज लगाकर कोटवार और सरपंच के पास पहुंची 35 वर्षीया मीना उर्फ रामबती साहू की अंततः धारदार हथियार से हमला कर हत्या कर दी गई है। रामबती उर्फ मीना की लाश उनके ही शयनकक्ष के फर्श पर पड़ी मिली। उनके सिर पर गंभीर चोट के निशान थे, वहीं, फर्श पर खून फैला था। महिला का शव चित हालत में पड़ा मिला। सिर से काफी खून बह चुका था। जानकारी के अनुसार घटना रविवार रात की बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि मृतका के पति रामेश्वर उर्फ गोलू साहू एक नाचा कलाकार हैं, जो कार्यक्रम के सिलसिले में घटना के दिन घर पर नहीं थे। बाहर कार्यक्रम में गए थे। दूसरे दिन सुबह उन्हें घटना की जानकारी मिली।

### युवक से की गई मारपीट आरोपियों पर कार्रवाई

राजनांदगांव। दोस्तों के साथ पिकनिक मनाकर लौट रहे युवक का रास्ता रोककर मारपीट करने के मामले में पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। पुलिस के अनुसार प्रार्थी मुकेश यादव 28 साल निवासी गौरीनगर अटल आवास का 13 अप्रैल को रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह अपने दोस्तों के साथ मोहड में पिकनिक मनाकर ई-रिक्शा वाहन से वापस आ रहे थे कि नंदई चौक के पास पहुंचे, तभी आरोपी रितेश यादव उर्फ लारो यादव, मुरली ठाकुर व उनके अन्य 2 विधि के विरूद्ध संघर्षरत बालक द्वारा एक राय होकर वाहन को रोककर चौक हमारा है, कहकर गाली-गुप्तार कर हाथ-मुक्का एवं डंडा से मारपीट कर जान से खतम करने की धमकी दिया है। रिपोर्ट पर धारा 296, 351(2) 115(2), 126(2), 3(5) भारतीय न्याय संहिता के तहत मुकदमा पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## कॉमन सर्विस सेंटर के सेवा प्रदाता और सरपंचों के बीच हुआ एमओयू

# मोदी की एक और गारंटी हुई पूरी, ग्राम पंचायतों में नकद भुगतान की सुविधा शुरू होगी : साय

भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती के अवसर पर छत्तीसगढ़ में मोदी की एक और गारंटी पूरी होने जा रही है। प्रदेश की 1460 ग्राम पंचायतों में 24 अप्रैल, पंचायत दिवस से नकद भुगतान सहित अन्य डिजिटल सेवाएं शुरू की जाएंगी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की उपस्थिति में प्रदेश के प्रत्येक विकासखंड की 10-10 ग्राम पंचायतों में ‘अटल पंचायत डिजिटल सुविधा केंद्र’ के लिए एमओयू किया गया। इन सुविधा केंद्रों में ग्रामीणों को अब बहुत सारी सुविधाएं एक ही छत के नीचे मिल सकेंगी। वे अपने खाते से आसानी से पैसे निकाल सकेंगे, अपने खाते से किसी अन्य के खाते में पैसे भेज सकेंगे, बिजली-पानी बिल का भुगतान कर सकेंगे तथा पेंशन-बीमा जैसी अनेक सुविधाओं का लाभ अपने पंचायतों में ही ले सकेंगे।

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर।

अटल पंचायत डिजिटल सुविधा केंद्र के लिए कॉमन सर्विस सेंटर के सेवा प्रदाताओं और सरपंचों के बीच आज एमओयू हुआ। यह कार्यक्रम प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों में आयोजित किया गया। इन सुविधा केंद्रों के आरंभ होने से ग्रामीणों को छोटे-छोटे कार्यों के लिए विकासखंड और जिला मुख्यालय नहीं जाना पड़ेगा। गांव में ही उन्हें बहुत-सी सुविधाओं का लाभ मिल सकेगा। निवास कार्यालय से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिला मुख्यालयों में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, छत्तीसगढ़ के लिए आज ऐतिहासिक दिन है। मोदी की गारंटी की एक और गारंटी पूरी करने जा रहे हैं। विधानसभा चुनाव के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनता से ग्राम पंचायतों में नकद भुगतान की सुविधा शुरू करने का वादा किया था, जो अब पूरा होने जा रहा है।

- **1460 ग्राम पंचायतों में 24 अप्रैल से शुरू होगी नकद भुगतान सुविधा सहित अन्य डिजिटल सेवाएं**

### मोदी की ये गारंटी हुई पूरी

मुख्यमंत्री ने कहा, हमने सवा साल में ही मोदी की गारंटी के अधिकतर वादों को पूरा किया है। चाहे किसानों के लिए 3100 रुपये में धान खरीदी हो या पिछले दो वर्षों का धान बोनस, महिलाओं के लिए महतारी वंदन योजना, बुजुर्गों के लिए रामलला दर्शन, मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना का पुनः प्रारंभ, या 5 लाख 62 हजार कृषि मजदूरों को सालाना 10 हजार रुपये देने का वादा। उन्होंने कहा, ग्राम पंचायतों में शुरू हो रहे इन सुविधा केंद्रों से किसान धान का भुगतान, महतारी वंदन योजना, पेंशन तथा अन्य योजनाओं की राशि का भुगतान ले सकेंगे, साथ ही जन्म-मृत्यु प्रमाणपत्र सहित अन्य सुविधाओं का भी लाभ ले सकेंगे।



### ‘मोर दुवार साय सरकार’ महाभियान 15 से 30 अप्रैल तक

उन्होंने कार्यक्रम से जुड़े सभी जनप्रतिनिधियों से आह्वान किया कि प्रधानमंत्री आवास योजना प्लस प्लस का सर्वे 15 से 30 अप्रैल तक हो रहा है। इस सर्वे की सूची में सभी जरूरतमंद और पात्र हितग्राहियों का नाम शामिल हो, ताकि उन्हें योजना का लाभ मिल सके। प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत चल रहे सर्वेक्षण विशेष पखवाड़ा ‘मोर दुवार साय सरकार’ महाभियान 15 से 30 अप्रैल की जानकारी हितग्राहियों को दी गई। उन्होंने बताया कि 15 अप्रैल को मुख्यमंत्री प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के सर्वे अभियान का शुभारंभ करेंगे।

### गांव-गांव में वाटर हार्वेस्टिंग की अपील

मुख्यमंत्री ने प्रदेश में गिरते भू-जल स्तर पर गंभीर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने गांव-गांव में जल संचयन को बढ़ावा देने के लिए वॉटर हार्वेस्टिंग अपनाने की अपील की। प्रदेश में भू-जल का गिरता स्तर बहुत ही चिंताजनक है। इसके लिए गांव-गांव में भू-जल स्तर बढ़ाने हेतु विभाग से अलग से एसओपी जारी किया जा रहा है। हम जल स्तर बढ़ाने के लिए कार्ययोजना बनाकर कार्य करेंगे।

### ग्राम पंचायत बनेंगे स्वावलंबी- शर्मा

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा, पंचायतों में वित्तीय सुविधा को बढ़ावा देने के लिए अटल पंचायत डिजिटल सुविधा केंद्र एक मील का पत्थर साबित होगा। इनसे निश्चित ही एक ही स्थान पर रेलवे टिकट बुकिंग हो या छात्रवृत्ति, पेंशन राशि का आहरण की सुविधा ग्राम पंचायतों में ही उपलब्ध होगी। इससे हम ग्राम पंचायतों को स्वावलंबी बनाने के संकल्प को पूरा कर सकते हैं।

## जेवरा सिरसा पुलिस चौकी

# घर के बाहर बैठे लोगों को ट्रैक्टर ने रौंदा, दो की मौत



हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

खाना खाकर घर के बाहर बैठा परिवार हादसे का शिकार हो गया। हादसे में दो की मौत और तीन गंभीर रुप से घायल है। घटना की जानकारी लगने पर ग्रामीण पुलिस चौकी पहुंचे। साथ चक्काजाम भी कर दिया। मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम जेवरा सिरसा चौकी के अंतर्गत ग्राम बेलौदी में खाना खाकर घर के बाहर बैठे परिवार के पांच लोगों पर तेज रफ्तार से आ रहे ट्रैक्टर ने चपेट में लिया। हादसे में एक सात वर्षीय बच्चीं संतोषी निषाद और उसकी मां तृप्ति निषाद की मौत हो गई है। वहीं तीन लोग गंभीर रुप से घायल होने पर उन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है।

### पाइप लेकर जा रहा था वाहन

बताया जा रहा कि गांव में पाइप लाइन बिछाने का काम चल रहा है। उसी ट्रैक्टर वाहन से हादसा हुआ है। ट्रैक्टर में भारी सामान लदा हुआ था। ट्रैक्टर चालक की लापरवाही के चलते ही घटना हुआ है। घटना के बाद ग्रामीणों ने सड़क को पूरी तरह जाम कर दिया है। खबर लगने पर मौके पर पुलिस पहुंच गई है। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क किनारे घर होने के कारण भी वाहन चालक तेज रफ्तार से वाहन चलाया करते है। उसे रोकने के लिए ट्रैफिक पुलिस भी कार्रवाई नहीं करती है। सोमवार देर रात बेलौदी गांव में बड़ा हादसा इसी के कारण हुआ है।

## मुकुंदपुर के पास हादसा

# लापता 4 लोगों के शव मिले एक का अभी भी पता नहीं

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोरबा

पड़ोसी जिले सक्ती में रहने वाले लगभग 25 लोग रविवार को एक छठी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए सुबह पिकअप वाहन में सवार होकर उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खरहरी के लिए रवाना हुए थे। जहां सुबह लगभग 11:30 बजे तेज रफ्तार पिकअप वाहन नहर में मुकुंदपुर के पास वाहन पलट गया था। पिकअप वाहन में सवार लगभग 20 लोग सुरक्षित बाहर निकल गए थे जबकि 5 लोग लापता हो गए थे। पांच लापता लोगों में से 4 लोगों का शव पड़ोसी जिले सक्ती के ग्राम नगरदा के नहर से शव को बरामद कर लिया गया है। जहां वैधानिक कार्रवाई उपरांत शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है। ज्ञात रहे कि पड़ोसी जिला सक्ती थाना बाराद्वार के ग्राम रेड़ा निवासी लगभग 25 लोग पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 10 सी 7720 में सवार होकर रविवार की सुबह छठी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए उरगा थाना क्षेत्र के खरहरी रवाना हुए थे।



### शव मिला पड़ोसी जिले में

एक तेज रफ्तार पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर रविवार को नहर में जा गिरी थी जिसमें सवार पांच लोग लापता हो गए थे। रविवार की देर शाम एक महिला के शव को बरामद कर लिया गया था लेकिन चार लोग लापता थे दूसरे दिन फिर से नहर में पुलिस व गोताखोरों की टीम ने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया जहां लापता हुए तीन लोगों के शव को पुलिस ने बरामद कर लिया है। अब तक लापता पांच लोगों में से कुल चार लोगों के शव को बरामद कर लिया।

### तेज रफ्तार पिकअप अनियंत्रित होकर नहर में गिरा था

जहां तेज रफ्तार पिकअप वाहन रविवार को अनियंत्रित होकर सड़क के दूसरे तरफ बने नहर में जा गिरा था। वहीं पिकअप में सवार ईतवारी बाई 60 वर्ष, तान्या साहू 8 वर्ष, नमन 2 वर्ष, मानमती कंवर 70 वर्ष और जामबाई कंवर 70 वर्ष नहर के तेज बहाव में बह गये थे। रविवार की देर शाम नगरदा से इतवारी बाई के शव को पुलिस ने बरामद कर लिया था। घटना के दूसरे दिन फिर से पुलिस व गोताखोरों की टीम द्वारा रेस्क्यू ऑपरेशन शुरु किया गया था। जहां से सोमवार को तान्या साहू 8 वर्ष, नमन 2 वर्ष, मानमती कंवर 70 वर्ष का शव बरामद कर लिया गया है जबकि जामबाई कंवर 70 वर्ष का अब तक कुछ सुराग नहीं मिल पाया है।

### बर्थडे गिफ्ट दुकान में लगी भीषण आग, पूरा सामान जलकर राख

**बिलासपुर।** सोमवार की तड़के बर्थडे गिफ्ट की दुकान में आग लगने से अफरा तफरी मच गई। दो घण्टे बाद दमकल के पानी से आग पर काबू पाया गया। आग लगने से दो मंजिला दुकान में रखा सामान जलकर राख हो गया है।

नेहरू नगर निवासी पारसराम नागवानी तेलीपारा नंदू गैरेज के पीछे मयानंद परिसर में फिंस नावेल्टी बर्थडे गिफ्ट की दुकान चलाते हैं। रविवार की रात श्री नागवानी दुकान बंद कर घर चले गए थे। सोमवार की सुबह 5 बजे मार्निंग वाक पर निकले लोगों ने उनकी दुकान से धुंआ निकलते देखा। सूचना पर कोतवाली थाने की पेट्रोलिंग पार्टी व दुकान संचालक का बेटा कमल नागवानी मौके पर पहुंच गए। दुकान का शटर खोलकर देखे तो अंदर भीषण आग लगी हुई थी। आगजनी से आसपास क्षेत्र में हड़कंप मच गया और लोगों की भीड़ लग गई। सूचना मिलते एसडीआरएफ की टीम दो दमकल लेकर मौके पर पहुंच गई।

# ब्लास्ट फर्नेस 6 के पास काम करते हुए ठेका श्रमिक के दोनों पैर झुलसे

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

बीएसपी के भीतर सोमवार को अपरान्ह 3 बजे ब्लास्ट फर्नेस 6 स्लैग नाले में कार्य करते समय ठेका श्रमिक के दोनों पांव जल गए। इलाज के लिए तत्काल मेडिकल पोस्ट ले जाया गया। वहां प्राथमिक इलाज के बाद उसे सेक्टर 9 अस्पताल भेज दिया गया। जहां बर्न यूनिट में ठेका श्रमिक का इलाज चल रहा है। इस घटना के संबंध में भारतीय इस्पात सोल मजदूर संघ ने कहा कि इसके लिए प्रबंधन जिम्मेदार है। शीघ्र ही स्थिति को ठीक नहीं किया गया तो बीएमएस आंदोलन करेगा। ब्लास्ट फर्नेस क्रमांक 6 के सलैग नाले के पास कैलरीस इंडिया रिफेकटरीस लिमिटेड का कर्मचारी ठेका कर्मचारी धनेदर कुमार 48 वर्ष कार्य कर रहा था। उसके दोनों पैर जल गया। कर्मचारी को गंभीर हालत मे मेन मेडिकल पोस्ट ले जाया गया।



### कार्रवाई की जाए: संघ

भिलाई इस्पात मजदूर संघ के महामंत्री चन्ना केशवलू ने संयंत्र में कार्यरत कर्मचारियों का लगातार दुर्घटना पर गहरा चिंता व्यक्त की है। जिम्मेदार अधिकारी एवं ठेकेदारों पर सख्त कार्रवाई करने की आवश्यकता है। नहीं तो भिलाई इस्पात मजदूर संघ यूनियन प्रबंधन के खिलाफ प्रदर्शन एवं आंदोलन करेगा।

## प्रदेश में रखरखाव और संचालन में आ रही परेशानी

# खतरे में आया आयुष्मान आरोग्य मंदिर और हमर क्लीनिक, केंद्र के पास अटके 900 करोड़

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

अलग खबर

प्रदेश के लोगों को प्राथमिक उपचार की सुविधा देने के लिए ग्रामीण इलाकों में संचालित किए जाने वाले आयुष्मान आरोग्य मंदिर और शहरी इलाकों के हमर क्लीनिक का संचालन और रखरखाव खतरे में आ गया है। केंद्र सरकार द्वारा इसके लिए पिछले तीन साल से राशि जारी नहीं की गई है जो 900 करोड़ है। पंद्रहवे वित्त आयोग के दिशा-निर्देश के पालन में पेंच अटका हुआ है, जिसकी वजह से एप्रूवल के बाद भी राशि रिलीज नहीं की गई है।




ग्रामीण इलाकों में लगभग 5 हजार आयुष्मान आरोग्य मंदिर का संचालन किया जाना है और शहरी इलाकों में 364 हमर क्लीनिक खोलने का लक्ष्य है जो अभी पूरा नहीं हो पाया है। सूत्रों के मुताबिक इन स्वास्थ्य केंद्रों में आने वाले मरीजों को सर्दी-खांसी, बुखार, बीपी-शुगर की जांच जैसी प्राथमिक सुविधा उपलब्ध कराने की योजना है, जिसके लिए सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ) का पद सृजित किया गया है। योजना की शुरुआत यानी वर्ष 2021-22 के दौरान इसके लिए पंद्रहवे वित्त आयोग से तीन सौ करोड़ रुपये प्राप्त हुए थे। इससे अनेक स्थानों पर प्राथमिक स्तर के स्वास्थ्य केंद्र की शुरुआत की गई थी। इनकी संख्या बढ़ाने अपग्रेडेशन और रखरखाव के लिए प्रत्येक वित्तीय वर्ष में 3 सौ करोड़ के हिसाब से राशि जारी की जानी थी।

### झोलाछाप डाक्टर पर बंदिश

सूत्रों के अनुसार 15 हजार की आबादी पर एक स्वास्थ्य केंद्र खोलने का लक्ष्य है। प्राथमिक उपचार के साथ इसके माध्यम से झोलाछाप डाक्टरों पर बंदिश लगाने का उद्देश्य था। खासकर ग्रामीण इलाकों में इस तरह की समस्याएं अधिक होती हैं जिनकी रोकथाम के लिए वहां एमबीबीएस डाक्टर (सीएचओ) की नियुक्ति भी गई थी। चौबीस घंटे और सातों दिन खुलने वाले इन स्वास्थ्य केंद्रों में निशुल्क जांच के साथ निशुल्क दवा उपलब्ध कराने का प्रावधान था। लोकल टच देने हमर क्लीनिकयोजना से जुड़े सूत्रों के अनुसार पंद्रहवे वित्त आयोग की योजना में आयुष्मान आरोग्य मंदिर (प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र) शामिल था।

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




डेढ़ दशक से सिपाहियों का प्रमोशन ही नहीं हुआ, भर्ती में भी पेंच, 29 नए थाने खोले जाएंगे, बड़ा- सवाल बल कहां से आएगा?

# छग में पुलिस का गणित गड़बड़, 482 थाने, बल 87 हजार 17 हजार जवानों की और जरूरत, पर अभी न भर्ती, न प्रमोशन

गिरीश केशरवानी ▶▶| रायपुर

भाजपा सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने पुलिस बल की कमी का हवाला देते हुए रायपुर में कानून-व्यवस्था पर चिंता जाहिर की, इस पर सियासी बहस भी चल रही है, पर यह स्थिति रायपुर ही नहीं, पूरे प्रदेश की है। थानों में पुलिस बल की कमी ने कई इलाकों में सिस्टम के लिए दिक्कतें खड़ी कर रखी है। राज्य में 482 थाने हैं। इस हिसाब से कांस्टेबल तथा हेड कांस्टेबल की संख्या 87 हजार होनी चाहिए, लेकिन ऐसा नहीं है। 17000 जवानों की कमी हैं। इन्हीं जवानों के भरोसे ▶▶|शेष पेज 7 पर

अलग खबर

### एडजस्ट कर काम चला रहे

शहर के साथ जिलों के ज्यादातर थानों में पुलिस बल की कमी होने की वजह से लॉ एंड आर्डर मेंटेन करने अपने पड़ोसी थाने से पुलिसबल की व्यवस्था कर लॉ एंड आर्डर मेंटेन करने का काम किया जा रहा है। इससे थानों में विवेचना सहित अन्य कार्य बुरी तरह से प्रभावित होते हैं।




### थानों में बल की संख्या एसपी निर्धारित करते हैं

*पुलिस मैन्युअल में जो स्वीकृत बल है, उस हिसाब से थानों का बल नहीं मिल पाता। इस कारण संबंधित जिले के एसपी किस थाने में कितने का बल होना चाहिए वे स्व विवेक से निर्णय करते हैं। क्षेत्रफल बड़ा होने के साथ ही जनसंख्या ज्यादा है, लेकिन अपराध का रेसियो कम है। ऐसी स्थिति में उस थाने में एसपी कम का सेटअप देते हैं। इसके अलावा जहां अपराध की संख्या ज्यादा है, वहां ज्यादा का सेटअप दिया जाता है।*

### बल का निर्धारण ऐसे किया जाता है

थानों में जो स्वीकृत बल होता है, पुलिस मैन्युअल के हिसाब से उसका सेटअप इस तरह से होता है

- टीआई - 01
- एसआई - 04
- एएसआई - 4x3 = 12
- हेड कांस्टेबल - 12x 3 = 36
- कांस्टेबल - 36x3 = 108

### आठ साल में प्रमोशन देने का नियम

पुलिस विभाग में अफसरों से लेकर निचले स्तर के पुलिसकर्मियों को हर आठ वर्ष में प्रमोशन देने का नियम है। आरक्षकों को हेड कांस्टेबल बनने परीक्षा दिलाने की जरूरत पड़ती है। बल की कमी होने की वजह से वर्ष 2009 के बाद से आरक्षकों का प्रमोशन अटका हुआ है। राजपत्रित पुलिस अफसरों को समय पर प्रमोशन मिल जाता है। इसकी वजह यह है कि प्रदेश में पर्याप्त संख्या में राजपत्रित पुलिस अफसर हैं।

## खबर संक्षेप

### शिक्षा मंत्रालय से सुप्रीम कोर्ट ने मांगा जवाब




**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने उच्च शिक्षण संस्थानों के राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद द्वारा निष्पक्ष एवं पारदर्शी ग्रेडिंग सुनिश्चित करने के लिए उपाय तलाशने की मांग संबंधी याचिका पर केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय और अन्य पक्षों से जवाब मांगा है। पीठ ने शिक्षा मंत्रालय, यूजीसी और राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद को नोटिस जारी किया है।

### गहरी खाई में गिरी पिकअप, तीन की मौत



**उत्तरकाशी।** उत्तरकाशी जिले में सोमवार को एक पिकअप वाहन के 500 मीटर गहरी खाई में गिरने से तीन लोगों की मौत हो गई। पिकअप वाहन में किराने का सामान था। वह जिले के विकासनगर से नौगांव जा रहा था, तभी चामी बर्नीगाड के पास वह दुर्घटनाग्रस्त हो गया। बताया गया कि वाहन में सवार तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।

### आत्महत्या का प्रयास करने वाली छात्रा की मौत



**बरेली।** बरेली कॉलेज परिसर में शुक्रवार को जहरीले पदार्थ का सेवन कर आत्महत्या करने का प्रयास करने वाली छात्रा की सोमवार को मौत हो गयी। मीरगंज थाना क्षेत्र निवासी बीएससी बायोटेक की 20 वर्षीय छात्रा स्वीटी ने कॉलेज परिसर में जहरीले पदार्थ का सेवन कर आत्महत्या करने का प्रयास किया।

### कन्नड़ अभिनेता 'बैंक' जनार्दन का निधन



**बेंगलुरु।** कन्नड़ अभिनेता 'बैंक' जनार्दन का रविवार देर रात यहां एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। अभिनेता का निधन देर रात करीब 2.30 बजे हुआ। हास्य भूमिकाओं के लिए मशहूर जनार्दन 76 साल के थे। मूल रूप से चित्रदुर्ग जिले के होलालकेरे के रहने वाले जनार्दन के परिवार में एक बेटा और तीन बेटियां हैं। जनार्दन के बेटे गुरु के अनुसार, पिछले बीस दिनों से उनकी तबीयत ठीक नहीं थी।

### दो उग्रवादी गिरफ्तार, नकदी और हथियार बरामद



**इंफाल।** मणिपुर पुलिस ने इंफाल पूर्व जिले में दो अलग-अलग स्थानों से प्रतिबंधित 'यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट ' के दो उग्रवादियों को गिरफ्तार किया। उनके पास से हथियार तथा करीब 22 लाख रुपये नकद जब्त किए। रविवार को इंफाल पूर्व जिले के वांगखेई इलाके से जबरन वसूली की गतिविधियों में शामिल यूएनएलएफ के एक उग्रवादी को गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तारी के बाद औपचारिक कागजी कार्रवाई की जा रही

# भारत के चक्रव्यूह में फंसा मेहुल, प्रत्यर्पण अनुरोध के बाद बेल्जियम में गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

*पंजाब नेशनल बैंक में 13,000 करोड़ रुपए के ऋण 'धोखाधड़ी' मामले में संलिप्तता के आरोपी भगोड़े हीरा कारोबारी मेहुल चोकसी को भारतीय जांच एजेंसियों के प्रत्यर्पण अनुरोध के बाद बेल्जियम में गिरफ्तार कर लिया गया। चोकसी बीते करीब सात साल से भारतीय एजेंसियों की पकड़ से दूर है। चोकसी की गिरफ्तारी के बाद यह चर्चा है कि क्या 26/11 हमले के मास्टरमाइंड तहव्वुर राणा के बाद चोकसी का प्रत्यर्पण भी कर सकता है?*

भगोड़े हीरा कारोबारी मेहुल चोकसी पर 13,000 करोड़ रुपए के ऋण 'धोखाधड़ी' मामले में चोकसी के भांजे एवं हीरा व्यापारी नीरव मोदी के बाद दूसरे 'प्रमुख संदिग्ध' के खिलाफ कार्रवाई शनिवार को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो और प्रवर्तन निदेशालय के प्रत्यर्पण अनुरोध के आधार पर की गई।

चोकसी चिकित्सा उपचार के लिए बेल्जियम गया था, जिसके बाद से वह वहीं था। भारत छोड़ने के बाद से वह 2018 से एंटीगुआ में रह रहा था। सूत्रों ने बताया कि कुछ समय पहले ही उसके खिलाफ इंटरपोल रेड नोटिस को 'हटा दिया गया' था और तभी से भारतीय एजेंसियां उसे प्रत्यर्पण के माध्यम से भारत लाने के प्रयास में लगी हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्यर्पण अनुरोध के तहत भारतीय एजेंसियों ने 2018 और 2021 में मुंबई की एक विशेष अदालत द्वारा जारी कम से कम दो 'ओपन-एंडेड' गिरफ्तारी वारंट अपने बेल्जियम समकक्षों के साथ साझा किए हैं।

'ओपन-एंडेड' गिरफ्तारी वारंट का मतलब ऐसे वारंट से है जो किसी व्यक्ति की गिरफ्तारी के लिए जारी किया जाता है और उसकी कोई समयसीमा नहीं होती। यह वारंट तब तक वैध रहता है जब तक कि इसे अदालत द्वारा रद्द न कर दिया जाए या आरोपी को गिरफ्तार न कर लिया जाए। सूत्रों ने बताया कि गिरफ्तारी/हिरासत के बाद औपचारिक कागजी कार्रवाई की जा रही है क्योंकि चोकसी चिकित्सीय आधार पर ▶▶|शेष पेज 7 पर



### क्या है आरोप

- मेहुल चोकसी, उसके भांजे एवं भगोड़ा हीरा व्यापारी नीरव मोदी तथा उनके परिवार के सदस्यों और कर्मचारियों, बैंक अधिकारियों एवं अन्य लोगों पर 2018 में मुंबई में पीएनबी की 'ब्रैडी हाउस' शाखा में ऋण धोखाधड़ी के आरोप में दोनों एजेंसियों द्वारा मामला दर्ज किया गया था।
- आरोप है कि चोकसी, उसकी कंपनी गीतांजलि जेम्स और अन्य ने कुछ बैंक अधिकारियों के साथ मिलकर धोखाधड़ी करके वचनपत्र (लेटर ऑफ अंडरटेकिंग) जारी करवाए
- बिना निर्धारित प्रक्रिया का पालन किए विदेशी साख पत्रों (फॉरेन लेटर्स ऑफ क्रेडिट) की सीमा को बढ़ाया और बैंक के साथ धोखाधड़ी की।

### कौन है मेहुल चोकसी

मेहुल चोकसी गीतांजलि समूह का मालिक और प्रसिद्ध हीरा व्यापारी रहा है। वह पंजाब नेशनल बैंक घोटाले का मुख्य आरोपी है। बताया जाता है कि इसने 12,636 करोड़ रुपए का फ्रॉड किया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक घोटाले का खुलासा होने से पहले ही भारत से भागने में कामयाब हो गया था।

### ईडी की याचिका सात साल से लंबित

बता दें कि प्रवर्तन निदेशालय ने जुलाई 2018 में मेहुल चोकसी को भगोड़ा आर्थिक अपराधी घोषित करने के लिए दायर याचिका की थी, जो कि पिछले सात साल से मुंबई की एक अदालत में लंबित है। ईडी के एक अधिकारी ने बताया, हमारा आवेदन अदालत में 2018 से लंबित है। बार-बार सुनवाई स्थगित हो रही है।



### केंद्रीय मंत्री बोले- गिरफ्तारी बड़ी उपलब्धि

केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने मेहुल चोकसी की गिरफ्तारी को बड़ी उपलब्धि बताया। चौधरी ने देश का पैसा लूटने वाले अपराधियों को वापस लाने के लिए प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहले ही कह चुके हैं कि गरीबों का पैसा लूटने वालों को इसे वापस करना होगा और देश में ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। मेहुल चोकसी को गिरफ्तार किया गया है, यह निश्चित रूप से एक बहुत बड़ी उपलब्धि है।

# भारतीय हज यात्रियों के लिए आवंटित 52000 कोटा रद्द



एजेंसी ▶▶| श्रीनगर

सऊदी अरब द्वारा भारतीय हज यात्रियों के लिए आवंटित 52,000 हज स्लॉट (कोटा) रद्द किए जाने की खबरों के बाद जम्मू-कश्मीर में सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों ने अपनी चिंता जताई है। केंद्र सरकार से अरब देश के साथ यह मुद्दा उठाने की गुजारिश की है। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने अपने आधिकारिक 'एक्स' हैंडल पर लिखा, 52,000 से अधिक भारतीय जायरीन के हज स्लॉट रद्द किए जाने की खबर काफी चिंताजनक है, क्योंकि उनमें से कई पहले ही भुगतान कर चुके हैं। मैं माननीय विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर से गुजारिश करता हूं कि वे सभी प्रभावित जायरीन के हित में समाधान खोजने के लिए जल्द से जल्द सऊदी अधिकारियों से संपर्क करें।

- अब्दुल्ला व महबूबा का केंद्र से हस्तक्षेप का आग्रह

### 80 फीसदी की कटौती


रिपोर्ट के अनुसार, भारत के निजी हज कोटे में से 80 फीसदी की अचानक कटौती कर दी गई है। अचानक लिए गए इस फैसले से देश भर के हज जायरीन और टूर ऑपरेटरों को भारी परेशानी हो रही है। विदेश मंत्रालय से आग्रह है कि वह इस मामले को सऊदी सरकार के समक्ष उठाकर तत्काल हस्तक्षेप करे ताकि इसका समाधान निकाला जा सके।

### फारूक बोले-पीएम करें बात

सत्तारूढ़ नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से इस संबंध में सऊदी नेतृत्व से बात करने की अपील की। उन्होंने कहा, मैं प्रधानमंत्री से अपील करता हूं कि वह इस मुद्दे को सऊदी सरकार के समक्ष उठाएं और सुनिश्चित करें कि भारतीय जायरीन के लिए हज कोटा कम न किया जाए।

तटरक्षक बल-एटीएस का एक्शन

# पोरबंदर में समुद्र से पकड़ी गई 1800 करोड़ की ड्रग्स



एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

गुजरात के आतंकवाद रोधी दस्ते (एटीएस) और भारतीय तटरक्षक बल ने अरब सागर से 1,800 करोड़ रुपए मूल्य का 300 किलोग्राम मादक पदार्थ जब्त किया जिसे तस्करों ने भागने से पहले समुद्र में फेंक दिया था। तटरक्षक बल ने एक विज्ञप्ति में कहा कि जब्त की गई प्रतिबंधित सामग्री के 'मेथमफेटामाइन' होने का संदेह है और इसे आगे की जांच के लिए एटीएस को सौंप दिया गया है। एटीएस और तटरक्षक बल ने 12 तथा 13 अप्रैल की रात गुजरात अरब सागर अपतटीय क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा (आईएमबीएल) के पास संयुक्त अभियान को अंजाम दिया। विज्ञप्ति में कहा गया कि तटरक्षक जहाज को आते देख तस्करों ने तस्करी का सामान समुद्र में फेंक दिया और आईएमबीएल की ओर भाग गए।

### संदिग्ध नौका की पहचान के बाद कार्रवाई

गुजरात एटीएस से मिली जानकारी के आधार पर तटरक्षक क्षेत्र (पश्चिम) से भारतीय तटरक्षक बल का एक जहाज आईएमबीएल के पास समुद्र में उस क्षेत्र में भेजा गया, जहां एक संदिग्ध नौका की मौजूदगी का पता चला। इसमें कहा गया, भारतीय तटरक्षक बल के जहाज ने रात के अंधेरे के बावजूद एक संदिग्ध नौका की पहचान की। जहाज के आने का एहसास होने पर, संदिग्ध नौका में मौजूद तस्करों ने आईएमबीएल की ओर भागने से पहले मादक पदार्थों की खेप को समुद्र में फेंक दिया। तटरक्षक बल के जहाज ने संदिग्ध नौका का पीछा करते हुए फेंकी गई खेप को बरामद करने के लिए तुरंत अपनी समुद्री नौकी को तैनात किया।

### रातभर चला ऑपरेशन

जब तटरक्षक बल के जहाज ने संदिग्ध नौका की पहचान तो उसकी दूरी काफी थी, इसी का फायदा उठाते हुए तस्कर आईएमबीएल को पार कर गए। तटरक्षक दल ने रात में गहन तलाशी के बाद समुद्र में फेंके गए ड्रग्स को बरामद कर लिया। जब्त किए गए मादक पदार्थ को आगे की जांच के लिए तटरक्षक बल के जहाज द्वारा पोरबंदर लाया गया है।

*मुंबई पुलिस की हेल्पलाइन पर आया संदेश*

# सलमान खान को घर में घुसकर मारने की धमकी, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुंबई

मुंबई यातायात पुलिस को फिल्म अभिनेता सलमान खान को लेकर धमकी भरा एक संदेश मिला है। इस संबंध में मामला दर्ज किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि यातायात पुलिस की व्हाट्सएप हेल्पलाइन पर रविवार को प्राप्त संदेश में प्रेषक ने अभिनेता की कार को बम से उड़ाने और उनके घर में घुसकर उनकी पिटाई करने की धमकी दी है। उन्होंने बताया कि यातायात पुलिस नियंत्रण कक्ष में तैनात एक अधिकारी ने अपने वरिष्ठों को इस धमकी भरे संदेश के बारे में सूचित किया।



### हिरासत में संदिग्ध

इस मामले में मुंबई पुलिस की एक टीम गुजरात के बड़ौदा पहुंची और वहां से एक संदिग्ध आरोपी को हिरासत में ले लिया। अब आरोपी से पूछताछ की जाएगी। 26 वर्षीय इस आरोपी ने ही मुंबई ट्रैफिक पुलिस के व्हाट्सएप नंबर पर मैसेज किया था। संदिग्ध आरोपी के परिवार वालों का कहना है कि यह व्यक्ति दिमागी रूप से बीमार है और साल 2014 से उसका इलाज चल रहा है।

### बिश्नोई गिरोह से मिली थी धमकी

यातायात पुलिस हेल्पलाइन को हाल के दिनों में 59 वर्षीय अभिनेता को निशाना बनाने से संबंधी धमकी वाले कई संदेश मिले हैं। खान को पहले लॉरेंस बिश्नोई गिरोह से जान से मारने की धमकी मिली थी।

सुबह 6 बजे मॉल के पास हुई दुर्घटना

# बेकाबू कार दो महिलाओं को टक्कर मार ट्रक में घुस गई, एक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

सोमवार की सुबह श्रीकांत वर्मा मार्ग पर तेज रफ्तार बेकाबू कार दो महिलाओं को टक्कर मारकर सड़क किनारे खड़े ट्रक में घुस गई। हादसे में एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई है, दूसरी महिला को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। वहीं हादसे में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है।

सिविल लाइन थाना के प्रधान आरक्षक भागवत सिदार ने बताया, अकलतरा के ग्राम सोरमाल निवासी अंजू टण्डन पति लकेश्वर टण्डन 42 साल तालापारा सांई मंदिर के पास रहकर मैग्नेटो मॉल में काम करती थीं। 14 अप्रैल ▶▶|शेष पेज 7 पर



### दोनों को पहुंचाया गया सिम्स


पुलिस मौके पर पहुंचकर दोनों महिलाओं को इलाज के लिए सिम्स लेकर गई। जहां डाक्टर ने परिक्षण के बाद अंजू टण्डन को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे परिजन को सौंप दिया है।

श्राइन बोर्ड द्वारा जारी किए गए जरूरी दिशा-निर्देश

# अमरनाथ यात्रा 25 जुलाई से, शुरू हुआ पंजीयन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत की सबसे पवित्र तीर्थयात्राओं में से एक अमरनाथ यात्रा 2025 की शुरुआत 25 जुलाई से होने जा रही है और यह 19 अगस्त 2025 तक चलेगी। इस बार यात्रा में शामिल होने के लिए पंजीकरण 14 अप्रैल से प्रारंभ हो चुका है। जो श्रद्धालु इस वर्ष यात्रा करना चाहते हैं, उन्हें पहले से रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य है। इस वर्ष श्रद्धालु ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से पंजीकरण कर सकते हैं। ऑफलाइन पंजीकरण अधिकृत बैंकों में और ऑनलाइन पंजीकरण श्री अमरनाथजी श्राइन बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से किया जा सकता है। अमरनाथ यात्रा कठिन पर्वतीय ट्रैकिंग से जुड़ी है, इसलिए श्राइन बोर्ड द्वारा कुछ जरूरी दिशानिर्देश जारी किए गए हैं।



**विशेष निर्देश**

हर दिन सिर्फ 15,000 यात्रियों को ही अनुमति दी जाएगी। स्वास्थ्य प्रमाणपत्र और आयु मानदंड अनिवार्य हैं। समय रहते पंजीकरण कराना ही समझदारी होगी, ताकि अंतिम समय की भीड़ से बचा जा सके।

### क्या करें, क्या ना करें

यात्रा से कम से कम एक महीना पहले से फिटनेस ट्रेनिंग शुरू करें। ऊनी कपड़े, वॉटरप्रूफ जूते, रेनकोट, टॉर्च जरूर साथ रखें। सुरक्षा कर्मियों और यात्रा अधिकारियों के निर्देशों का पालन करें। प्लास्टिक बैग बिल्कुल न लें, यह क्षेत्र इको-सेंसिटिव है। यात्रा के दौरान धूम्रपान और शराब से दूर रहें।

### महत्वपूर्ण तिथियां

पंजीकरण आरंभ **14 अप्रैल**
यात्रा प्रारंभ: **25 जुलाई**
यात्रा समाप्ति: **19 अगस्त**

### ऑफलाइन आवेदन कैसे करें?

- *एसबीआई बैंक, जम्मू एंड कश्मीर बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, या यस बैंक से यात्रा मिलेगा*
- *अपना मेडिकल सर्टिफिकेट दिखाएं और फॉर्म को भरकर जमा कर दें*
- *मेडिकल सर्टिफिकेट बनवाने के लिए आपको एसएएसबी की वेबसाइट* ▶▶|शेष पेज 7 पर

### 2.70 करोड़ की संपत्ति धोखाधड़ी, दंपति गिरफ्तार


**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने एक अनिर्मित इमारत में व्यावसायिक जगह दिलाने का वादा कर एक व्यवसायी से 2.70 करोड़ रुपये की ठगी के आरोप में एक दंपति को गिरफ्तार किया है। अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान विनय जैन (55) और उसकी पत्नी आशा जैन (52) के रूप में हुई है। बयान के अनुसार, दंपति ने शिकायतकर्ता वीरेंद्र कथूरिया को प्रस्तावित व्यावसायिक परिसर में तीन दुकानें बुक करने का लालच दिया था। अधिकारी ने बताया कि आरोपियों ने झूठा दावा किया कि दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने इमारत बनाने के लिए खाली जमीन का कब्जा सौंप दिया है।



# जगन्नाथ मंदिर का ध्वज लेकर उड़ गया गरुड़? लोग जता रहे किसी अनहोनी की आशंका

भुवनेश्वर। ओडिशा के पुरी स्थित भगवान जगन्नाथ मंदिर से जुड़ा एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें एक गरुड़ मंदिर के शिखर पर लगे पवित्र ध्वज को अपने पंजों में दबाकर उड़ रहा है। वीडियो में यह अनोखा दृश्य देखकर लोग हैरान हैं, क्योंकि भगवान जगन्नाथ मंदिर का ध्वज हर दिन विशेष विधि से बदला जाता है। इसे बेहद शुभ मानते हैं। एक गरुड़ ध्वज लेकर उड़ गया तो लोगों के बीच चर्चा का विषय बन गया है। साथ ही आशंका का विषय भी बन चुका है।

## विज्ञान को चुनौती देता है ध्वज



जगन्नाथ मंदिर के ध्वज की सबसे विशेष बात यह है कि हवा की दिशा कुछ भी हो, लेकिन ध्वज की दिशा हमेशा एक ही रहती है। यह विज्ञान को चुनौती देता है। इस घटना से वैज्ञानिक भी हैरान हैं। ध्वज के लहराने की दिशा निश्चित है, फिर हवा चाहे किसी भी दिशा की तरफ क्यों न चले।



### हर दिन बदला जाता है ध्वज

जगन्नाथ मंदिर का ध्वज हर दिन बदला जाता है। मान्यता है कि जिस दिन ध्वज को किसी भी वजह से नहीं बदला गया तो यह स्थान आने वाले 18 सालों तक बंद रहेगा। अगर इस बीच मंदिर के कपाट खोल दिए गए तो प्रलय भी आ सकता है। इस मान्यता से लोग हैरान होते हैं। मंदिर के शिखर पर रोजाना एक पुजारी 45 मंजिल जितनी ऊंचाई पर चढ़ता है और ध्वज बदलता है।

### प्रचलित कहानी

एक प्राचीन कहानी के मुताबिक, एक भक्त ने एक बार सपने में देखा कि भगवान जगन्नाथ के मंदिर का झंडा फट गया है। इसके बाद मंदिर के पुजारियों को झंडा को उसी हालत में मिला। इसलिए, हर दिन एक नया झंडा फहराने की परंपरा शुरू हुई। माना जाता है कि पुराना झंडा बुरी ऊर्जा को खींच लेता है, इसलिए उसे बदल दिया जाता है।

**1000 किलोग्राम का चक्र** : मंदिर के ऊपर एक सुदर्शन चक्र लगा है, जिसका वजन करीब 1000 किलोग्राम है। विज्ञान भी हैरान है कि आखिर यह चक्र इतनी ऊंचाई पर कैसे पहुंचा? क्योंकि उस समय तकनीक भी इतनी विकसित नहीं थी।

## रोचक खबरें



### पर्ल मैरी ने सबसे बड़े मुंह का बनाया गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड

**न्यूयार्क।** अमेरिका की पर्ल मैरी ज़ेलमर रॉबिन्सन ने दुनिया का सबसे बड़ा मुंह होने वाली महिला का रिकॉर्ड अपने नाम किया है। वे हाल ही में गिनीज़ बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज हुई है। अगर आपको लगता है कि एक बड़ा बर्गर आप अपने मुंह में पूरा रख कर उसे काट नहीं सकते हैं तो आपको को पर्ल मैरी ज़ेलमर से मिलना चाहिए। उन्होंने यह भी खुलासा किया है कि आखिर ये रिकॉर्ड उनके नाम कैसे हो सका जो कि कम चौंकाने वाली बात नहीं है। इतना ही नहीं, यह रिकॉर्ड काफी पहले उनके नाम हो सकता था। मैरी अपने 7.62 सेमी के मुंह में 10 पैटी के साथ एक बर्गर फिट कर सकती है। हाल ही में आधिकारिक तौर पर उनके मुंह का छेद दुनिया की सबसे बड़ी महिला का माना गया है, जिसकी पुष्टि गिनीज वर्ल्ड रिकॉड्र्स ने की है। मैरी का मुंह पिछले रिकॉर्ड धारक सामंथा रामसडेल के मुंह के छेद से बहुत बड़ा है, जिनका मुंह का छेद 2021 में 2.56 इंच मापा गया था। लेकिन, दिलचस्प बात ये है कि मैरी 2021 में भी यह रिकॉर्ड अपने नाम कर सकती थीं।व मैरी, अपने पति के साथ एक कूरियर फर्म चलाती हैं। वे पहले रिकॉर्ड बुक बनाने से चूक गई थीं, जब 1,976 लोग दुनिया की सबसे बड़ी वेलिंगटन बूट रेस में भाग लेने के लिए उनके स्थानीय बाईपास पर आए थे।

### डॉलफिन ने ब्लू व्हेल का किया शिकार 40 मिनट तक नोच-नोंचकर उड़ाई दावत

**सिडनी।** प्रकृति के आज भी ऐसे कई रहस्य है, जिनके बारे में हम अब तक कुछ नहीं जान पाए हैं। जिस कारण कई बार प्रकृति हमें अपना ऐसा रूप दिखाती है, जिसकी हम सभी ने कभी कल्पना भी नहीं की होती है। ऐसा ही कुछ इन दिनों ऑस्ट्रेलिया में देखने को मिला। जहां व्हेल मछली के एक झुंड ने आराम से ब्लू व्हेल का काम महज 40 मिनट के अंदर खत्म कर दिया। ये नजारा ठीक उसी तरीके का लग रहा था , जैसे जंगल में भेड़िए मिलकर अपने शिकार का काम तमाम करते हैं। मीडिया रिपोर्ट की माने तो वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया के तट पर समुद्र की लहरों के बीच एक बड़ा ही रोमांचक और दुर्लभ दृश्य सामने आया। कहा जा रहा है कि बीते 7 अप्रैल को यहां 60 से अधिक ऑर्का व्हेल्स ने मिलकर एक 18 मीटर लंबी पिग्मी ब्लू व्हेल का काम तमाम कर दिया। ये दृश्य इसलिए ज्यादा दुर्लभ है, क्योंकि ऐसा सीन इससे पहले सिर्फ चार बार ही कैमरे में रिकॉर्ड किया गया है। इस घटनास्थल के पास व्हेल वॉचिंग टूर चल रहा था और वहां मौजूद लोगों ने इस घटना को अपनी आंखों से देखा है। ब्लू व्हेल का शिकार करने के लिए ऑर्का व्हेल्स ने पहले उसका पीछा करके उसे बुरी तरीके से थका दिया। जिससे वो जब उनपर हमला करे तो ये सामने से कुछ ना कर पाए। इसके बाद ऑर्का ने ब्लू व्हेल को चारों तरफ से घेर लिया और एकसाथ हमला करना शुरू कर दिया। शिकार को निपटाने के बाद इन सभी ने मिलकर जश्न भी मनाया।



### बर्थडे पर बुजुर्ग की किस्मत ने किया कमाल लाखों के इनाम के साथ मिला खास सरप्राइज

**कैरोलिना।** कहा जाता इंसान की किस्मत कब उसके ऊपर मेहरबान हो जाए, इसके बारे में कभी कुछ कहा नहीं जा सकता है। ऐसा ही कुछ अमेरिका में इन दिनों देखने को मिला, जहां बर्थडे पर एक बुजुर्ग शख्स की किस्मत चमक गई और ये किस्सा जब लोगों के सामने आया तो हर कोई हैरान रह गया। हालांकि इन दिनों जो किस्मत पलटने का किस्सा लोगों के बीच सामने आया है वो पूरी तरीके से अलग है, क्योंकि यहां एक शख्स की किस्मत ने उसका उस समय पर साथ दिया, जब वो अपने उम्र के आखरी पड़ाव पर था। हम बात कर रहे हैं अमेरिका के उत्तरी कैरोलिना में रहने वाले एक बुजुर्ग डेनिस पार्क्स के बारे में, इनकी लॉटरी 81 साल की उम्र में लगी, लेकिन जब अपनी इस लॉटरी को क्लेम करने के लिए सेंटर पहुंचा तो उन्हें एक सरप्राइज और मिला। जिससे उनकी लॉटरी की रकम दोगुनी हो गई। दरअसल, उन्हें बेटी की तरफ से एक और लॉटरी टिकट तोहफे के तौर पर मिली। जब उन्होंने उसे अपनी लॉटरी के साथ स्क्रेच किया तो उन्हें टोटल 80 लाख रुपए का इनाम लगा और इतना सबकुछ होने के बाद उनके पैरों तले जमीन ही खिसक गई। बेटी ने अपनी ओर से उनके 81वें जन्मदिन के अवसर पर उपहार के रूप में एक और केनो टिकट खरीदकर दिया। उन्होंने जब इसे खोला तो आश्चर्य का ठिकाना नहीं रहा। अपने इस जीत के बारे में कहा कि मेरे लिए इससे ज्यादा यादगार दिन और कुछ नहीं होगा, जब मुझे इस तरह से लॉटरी लगी हो! अपनी इस जीत के बारे में पार्क्स ने कहा कि मैं अपनी इस जीत और सरप्राइज से काफी ज्यादा खुश हूं और अब मैं अपने इन पैसों से अपने पेंडिंग बिल को निपटाऊंगा ।



# महिला ने सुअर की किडनी लगवा कर रचा इतिहास, चार महीने बाद शरीर ने दिया जवाब तो पड़ी निकलवानी

न्यूयार्क। अमेरिका की एक महिला टोवाना लूनी इन दिनों सुर्खियों में हैं। उन्होंने सुअर के किडनी के सहारे सबसे अधिक जीवन जिया है, वह भी 130 दिनों तक। लेकिन, इसके बाद उनकी शरीर ने जवाब देना शुरू कर दिया और उनके शरीर से सुअर की किडनी निकालनी पड़ी। इसके बाद डॉक्टरों ने 4 अप्रैल को न्यूयॉर्क के एनवाईयू लैंगोन हेल्थ सेंटर में सर्जरी करके सुअर की किडनी को हटा दिया।अब टोवाना वापस डायलिसिस पर हैं और अपने घर, गैड्सडेन, अलबामा लौट चुकी हैं।

### सुअर की किडनी के भरोसे 130 दिन



एसोसिएटेड प्रेस में छपी एक रिपोर्ट के मुताबिक, टोवाना ने अपने डॉक्टरों का शुक्रिया अदा करते हुए कहा, 'यह नतीजा भले ही हमारी उम्मीदों जैसा नहीं रहा, लेकिन मेरे 130 दिन के इस अनुभव से बहुत कुछ सीखा गया है। मुझे यकीन है कि यह किडनी रोग से जूझ रहे दूसरे लोगों के लिए प्रेरणा और मदद का काम करेगा।'



## इसलिए निकलवानी पड़ी सुअर की किडनी

टोवाना खुद को 'सुपरवुमन' कहने लगी थीं। लेकिन, अप्रैल की शुरुआत में उनके शरीर ने इसे खारिज करना शुरू कर दिया। यानी शरीर में परेशानी होने लगी, जिसके बाद उनके सर्जन और एनवाईयू के जेनोट्रांसप्लांट विशेषज्ञ डॉ. रॉबर्ट मॉन्टगोमरी ने जांच की और यह पाया कि सुअर की किडनी को बचाने के लिए जोखिम भरी दवाओं की भारी खुराक लेने की बजाय इसे हटाना सुरक्षित होगा। डॉ. मॉन्टगोमरी ने कहा, 'हमने सुरक्षित रास्ता चुना। टोवाना की हालत अब पहले जैसी ही है, बल्कि वे कहती हैं कि डायलिसिस से 4.5 महीने की छुट्टी ने उन्हें बेहतर महसूस कराया है।' टोवाना पहली इंसान हैं, जिन्होंने सुअर के किडनी के साथ इतने दिनों तक जिंदा रही हैं। अब वैज्ञानिक कम बीमार मरीजों पर ऐसे प्रयोग कर रहे हैं। न्यू हैम्पशायर के एक व्यक्ति को जनवरी में सुअर की किडनी मिली थी और वह ठीक है।



### 2016 से डायलिसिस पर थीं टोवाना

टोवाना 2016 से किडनी की समस्या से परेशान हैं, जिसके बाद उनकी लगातार डायलिसिस हो रही है। उनकी हालत ऐसी थी कि इंसानी किडनी उनके शरीर में टिक नहीं सकती थी।इसलिए उन्होंने सुअर की किडनी लगवाने का प्लान बनाया। 25 नवंबर, 2024 को हुई सर्जरी के बाद उन्हें सुअर की किडनी लगाई गई। पहले तो किडनी अच्छे से काम कर रही थी।

# 7 फुट के पिता-पुत्र की जोड़ी! पहले लोग उड़ाते थे मजाक, अब फोटो खिंचवाने के लिए लगती है लाइन

लुधियाना। पंजाब के लुधियाना के पास स्थित गांव रामपुर के मांगट परिवार की चर्चा हर तरफ हो रही है। दरअसल, इस परिवार के पिता और पुत्र दोनों का कद 7 फुट है। इतने लंबे कद के कारण उन्हें कई समस्याओं का सामना करना पड़ा। पहले यह परिवार अपने कद को लेकर काफी परेशान रहता था और कई लोग उनका मजाक भी उड़ाते थे, लेकिन सोशल मीडिया पर आने के बाद यह पिता-पुत्र की जोड़ी काफी मशहूर हो गई और कई लोगों ने उनके साथ फोटो भी खिंचवाई।



### सोशल मीडिया पर आने के बाद बदली तस्वीर

उन्होंने कहा कि मेरा परिवार मेरे काम में भी काफी मदद करता है। जब हम कहीं घूमने या शादी में जाते हैं, तो लोग हमारे साथ फोटो खिंचवाते हैं। पहले लोग हमारा काफी मजाक भी उड़ाते थे, लेकिन सोशल मीडिया पर आने के बाद लोग हमारे परिवार के कद को देखकर काफी हैरान और खुश होते हैं। परवीन कौर ने कहा कि हमने डॉक्टर से भी कद को लेकर बात की, उन्होंने कहा कि आपके बेटे का कद 7.3 फुट तक जा सकता है।

### विवाह में काफी दिक्कतें आईं

परिवार का कहना है कि लंबे कद के कारण उन्हें पहले काफी समस्याओं का सामना करना पड़ा। 7 फुट कद होने पर कई लोग उनका मजाक भी उड़ाते थे। गुरमीत सिंह ने बताया कि 7 फुट कद होने के बावजूद उनके विवाह में काफी दिक्कतें आईं, लेकिन आखिरकार उनका विवाह परवीन कौर से हुआ, जिन्होंने उनका काफी साथ दिया। धीरे-धीरे सोशल मीडिया पर आने के बाद काफी कुछ बदल गया।

### घर की छतें भी 14 फुट ऊंची करवानी पड़ीं

उन्होंने कहा कि लोग हमारे साथ फोटो खिंचवाते हैं। गुरमीत ने बताया कि मेरे और मेरे बेटे के रेडीमेड कपड़े भी बाजार में नहीं मिलते। हमें कपड़े सिलवाने पड़ते हैं और जूतों को भी विशेष रूप से मंगवाना पड़ता है। गुरमीत ने बताया कि 7 फुट कद होने के कारण हमें अपने घर की छतें भी 14 फुट ऊंची करवानी पड़ीं। गुरमीत सिंह के बेटे जसकरण ने कहा कि वह 14 साल का है और दसवीं कक्षा का छात्र है। उसका कद 7 फुट है और वह बास्केटबॉल का खिलाड़ी भी है। स्कूल में मेरे 7 फुट कद को देखकर मेरे दोस्त काफी खुश होते हैं। वहीं, गुरमीत सिंह की पत्नी परवीन कौर का कहना है कि उनके बेटे का कद 7 फुट है।

### ऑफिस से 'एक मिनट' जल्दी निकली लड़की, छूट गई अच्छी खासी नौकरी!



**बीजिंग।** नौकरी न हो तो इंसान परेशान रहता ही है, लेकिन सच ये भी है कि नौकरी करना आसान नहीं होता है। इसमें भी अपनी परेशानियां हैं, जिससे जूझना ही पड़ता है। हर कंपनी की अपनी पॉलिसी होती हैं, जिन्हें कर्मचारियों को मानना होता है। कुछ कंपनियां एम्प्लॉयी फ्रेंडली होती हैं, तो कुछ के नियम ऐसे होते हैं कि हर वक्त तलवार लटकी ही रहती है। ऐसे ही एक ऑफिस ने अपने कर्मचारी को जिस वजह से निकाल दिया, सुनकर आप दंग रह जाएंगे। किसी भी कर्मचारी के लिए इससे ज्यादा डरावना क्या होगा कि उसकी नौकरी सिर्फ इसलिए चली जाए कि उसने ऑफिस एक मिनट जल्दी छोड़ दिया। पड़ोसी देश चीन में ऐसा ही हुआ और ये मामला सुर्खियों में है। महिला कर्मचारी को तय समय से पहले सिर्फ एक मिनट पहले कंपनी से निकलने पर अच्छी-खासी नौकरी से हाथ धोना पड़ गया।

**'एक मिनट' ने खा ली अच्छी-भली नौकरी** : ये मामला चीन की ग्वांगझोउ का है। यहां काम करने वाली वांग नाम की महिला को नौकरी से इसलिए निकाला क्योंकि वो सिर्फ एक मिनट पहले कंपनी से बाहर निकल गई थी। लड़की की कहानी जब लोगों के सामने आई तो पता चला कि महिला ने एक बार नहीं, बल्कि एक ही महीने में 6 बार किया है। वांग तीन साल से इसी कंपनी में काम कर रही थीं और उनका परफॉर्मेंस भी बहुत अच्छा था। हालांकि, जब कंपनी के कैमरे को चेक किया, तो पता चला कि वांग एक मिनट पहले निकल जाती थी।


# साथी के जख्म पर फैलता है जहर तो पैर भी काट देती हैं चीटियां, नहीं लेती हैं इसकी कोई ट्रेनिंग!

**लंदन।** इंसान को दुनिया में एक बुद्धिमान किस्म का जीव माना जाता है। वह कई लिहाज से दूसरे जानवरों से अलग है। वह एकमात्र ऐसा जानवर है जो बच्चे पैदा करने और उन्हें पालने में सामूहिक तौर पर एक- दूसरे की मदद करता है। इसके अलावा उसने इलाज करने कि बहुत ही ऊंचे स्तर की काबिलयतें हासिल की हैं। इनमें ऑपरेशन कर कई रोगों व्याधियों को ठीक करना शामिल है। वैसे तो चिम्पांजी जैसे जानवर पेड़ -पौधों की मदद से कुछ हद तक इलाज कर करने के काबिल देखे गए हैं। लेकिन, एक जीव ऐसा भी है जो इंसानों की तरह ऑपरेशन करने में सक्षम होता है। एक अध्ययन में यह चौंकाने वाला खुलासा हुआ है कि एक किस्म की चींटियों में यह अनूठी काबिलियत होती है।

### जहर फैलने से रोकने के लिए

वुर्जबर्ग विश्वविद्यालय के एरिक फ्रेंक बताते हैं कि चीटिंया बिल्कुल इंसानी डॉक्टरों की तरह ही फैसला लेती हैं कि कहीं इंफेक्शन इतना अधिक तो नहीं फैल कि शरीर का हिस्सा ही काट कर अलग करना पड़े। फ्रेंक का कहना है कि इंसान के बाद इस तरह का बर्ताव अभी केवल चींटी में ही देखने को मिला है।

**जख्म की सफाई के दौरान** : कई चींटी की प्रजातियों में एक खास तरह के ग्रंथि पाई जाती हैं जो उपचार के दौरान खास एंटी माइक्रोबिअल तत्व निकालती हैं, लेकिन फ्लोरिडा कारपेंटर चींटीं में ऐसा कुछ नहीं होता है। वे अपने ही मुंह से जख्मों को साफ करती हैं।



### इंसानों के जैसा व्यवहार

फ्रेंक का कहना कहना है कि अजीब बात तो ये है कि इसके लिए चींटियां को किसी खास तरह के प्रशिक्षण की जरूरत नहीं है। चींटियां पहले से ही भोजन इकट्ठा करने के मामले में बेमिसाल तालमेल का इस्तेमाल करती हैं जो उन्हें एक लिहाज से इंसानों के जैसा बनाता है। शोधकर्ताओं का कहना है कि पूरी प्रक्रिया के दौरान जख्मी चींटी पूरी तरह से चैतन्य होती हैं और साथी चींटियां उसके शरीर के हिस्से निकाल रही होती हैं।

### इंसानों की तरह लेती हैं एक बड़ा फैसला

साइंस जर्नल करेंट बायोलॉजी में प्रकाशित अध्ययन में वैज्ञानिकों ने पता लगाया है कि कैसे फ्लोरीडा कारपेंटर चीटिंयां अपने साथियों के गहरे जख्मों से निपटती हैं। वैसे तो चींटियों को बहुत ही सामाजिक और बेहतरीन तालमेल के लिए जाना जाता है, यह पहली बार है जब किसी स्टडी में ऐसे अनोखे नतीजे पाए गए हैं। वे साथी के इलाज के लिए जरूरत पड़ने पर उनके हाथ -पैर भी अलग कर देती हैं, जिससे उनके साथी की जान बचाई जा सके।

# एम्स हो या आईआईटी हर चौथा स्टूडेंट होता है कोटा कोचिंग से

## कोटा कोचिंग ने दिए 31 से ज्यादा ऑल इंडिया टॉपर्स


कोटा कोचिंग के वर्ष 2024 के रिजल्ट्स में आईआईटी व एम्स एडिमशन में हर चौथा स्टूडेंट कोटा कोचिंग से है। जेईई एडवांस्ड में वेद लाहोटी, जेईई मेन में नीलकृष्ण एवं नीट में 6 ऑल इंडिया टॉपर्स एलन कोटा कोचिंग से रहे। पिछले 10 वर्षों में कोटा कोचिंग ने चार बार नीट व आईआईटी-जेईई में एक साथ ऑल इंडिया टॉपर दिए हैं।

कोटा कोचिंग से 2014 में चित्रांग मुरडिया जेईई-एडवांस्ड टॉपर तथा तेजस्विन झा एआईपीएमटी टॉपर एलन कोटा से रहे, वर्ष 2016 में भी कोटा कोचिंग के अमन बंसल जेईई-एडवांस्ड टॉपर तथा हेत संजय शाह नीट आल इंडिया टॉपर एलन से रहे। इस वर्ष जेईई-एडवांस्ड व नीट दोनों में ऑल इंडिया 1, 2, 3 रैंक एलन क्लासरूम से रही। एम्स-2017 में सभी टॉप-10 स्टूडेंट्स एलन से रहे। निशिता पुरोहित ने ऑल इंडिया टॉप किया। वर्ष 2019 में कार्तिकेय जेईई-एडवांस्ड तथा नलिन खंडेलवाल नीट में टॉपर रहे।

### मेंटोरशिप प्रोग्राम

कोटा कोचिंग में हर स्टूडेंट का एक मेंटोर (फैकल्टी) होता है, जिससे वह व्यक्तिगत रूप से जुड़कर हर समस्या का समाधान ले सकता है।

## साल-दर-साल कोटा कोचिंग लगातार दे रहा रिकॉर्ड रिजल्ट्स




## हर साल ऑल इंडिया टॉपर कोटा कोचिंग से

**आईआईटी-जेईई**

| | |
|---|---|
| 2024 | वेद लाहोटी |
| 2021 | मृदुल अग्रवाल |
| 2019 | कार्तिकेय गुप्ता |
| 2016 | अमन बंसल |
| 2015 | सतवत जगवानी |
| 2014 | चित्रांग मुरडिया |
| 2008 | शितिकांत |
| 2007 | अचिन बंसल |
| 2002 | डूंगराराम |
| 2000 | नितिन गुप्ता |

**नीट/एम्स/एआईपीएमटी**

| | |
|---|---|
| 2024 | माजिन, दिव्यांश, प्राचिता, नेहा माने, तेजस |
| 2022 | तनिष्का |
| 2020 | शोएब आफताब |
| 2019 | नलिन खंडेलवाल |
| 2017 | निशिता पुरोहित |
| 2016 | हेत संजय शाह |
| 2014 | तेजस्विन झा |
| 2013 | आयुष गोयल |
| 2010 | लोकेश अग्रवाल |

**जेईई मेन** 2024 में नीलकृष्ण एवं पिछले वर्षों में गुरमीत सिंह, मृदुल अग्रवाल, पुलकित गोयल, सिद्धांत मुखर्जी, अंशुल वर्मा, काव्या चौपड़ा, कल्पित वीरवाल टॉपर रहे।

## अपने-अपने अनुभव

### कोटा की धरती बना रही देश के चैंपियन



कोटा में कॉम्पीटिशन का लेवल और पढ़ाई का माहौल बहुत अलग है। इसे देखते हुए ही एलन में पढ़ाई शुरू की। जो सुना था उससे भी अच्छा पाया। यहां बेस्ट स्टूडेंट्स का साथ है, बेस्ट फैकल्टीज की गाइडेंस है और पढ़ाई के लिए एलन कोटा में बेस्ट इको सिस्टम है। मेरा रैंक-1 का लक्ष्य पूरा करने में कोटा आना सबसे सही निर्णय रहा।

***-वेद लाहोटी, एआईआर-1, जेईई-एडवांस्ड 2024***



नीट की तैयारी के लिए एलन कोटा ज्वाइन किया। यहां आकर मेरा कॉन्फीडेंस अलग ही लेवल का हो गया, क्योंकि यहां का माहौल ही अलग है। इसका रिजल्ट भी सबके सामने है। परिवार हरियाणा से है। घर में पापा, चाचा सेना में हैं तो मेरा मन भी देश सेवा का था लेकिन पापा ने कहा कि तुम डॉक्टर बनकर देश सेवा करो।

***- दिव्यांश जितेन्द्र, एआईआर-1, नीट 2024***



नीट में कम्पीटिशन बड़ा है तो हमारी तैयारी भी बड़ी होनी चाहिए और बड़ी तैयारी के लिए कोटा आना सबसे सही फैसला था। इससे न केवल मेरा सेल्फ असेसमेंट प्रॉपर हुआ, वरन मुझे अच्छा कम्पीटिशन भी मिला जिससे मुझमें निरन्तर सुधार हुआ और मैं सफलता प्राप्त कर सकी।

***-तनिष्का, एआईआर-1, नीट 2022***



मेरी तीन बेटियां कोटा एलन में पढ़कर डॉक्टर बनी हैं। अब छोटे भाई की बेटी यहां पढ़ रही है। पढ़ने वाले बच्चों के लिए कोटा में सबकुछ है। यहां अनुभवी फैकल्टीज हैं, स्टूडेंट्स को कोटा आकर जरूर पढ़ना चाहिए।

***- विष्णु कुमार मंगल, मुरैना***

## यूं समझिए कोटा को

- **13** लाख वर्तमान कोटा शहर की आबादी
- **1.50** लाख से अधिक कोचिंग स्टूडेंट
- **5** हजार अनुभवी फैकल्टीज
- **25%** सीटों पर कोटा कोचिंग स्टूडेंट आईआईटी, एनआईटी और एमबीबीएस में



- **50** हजार से अधिक छात्राएं।
- **04** हजार हॉस्टल्स, 1500 से अधिक मैस
- **25** हजार से अधिक स्टूडेंट्स पीजी में।

**कोटा...** एक ऐसा शहर जहां मेहनत को दिशा, संघर्ष को हौसला और सपनों को मिल रही उड़ान

# कोटा : बड़ी जीत के लिए बड़ा मैदान

## जेईई व नीट जैसे बड़े कम्पीटिशन के लिए देश का बड़ा मैदान है कोटा

**चम्बल** किनारे बसा शहर कोटा शिक्षा की काशी है। यह सिर्फ एक शहर नहीं, बल्कि लाखों सपनों की कर्मभूमि है। यहां हर साल हजारों छात्र अपने भविष्य की नींव रखने आते हैं। यह वह जगह है, जहां मेहनत को दिशा मिलती है, संघर्ष को हौसला मिलता है, और सपनों को उड़ान मिलती है। यही कोटा की असली परिभाषा है। कोटा सिर्फ डॉक्टर और इंजीनियर बनाने का केंद्र नहीं रहा। यह जीवन जीने की पाठशाला भी बन गया है। माता-पिता अब कहते हैं कि 'कोटा जाओ, वहां सिर्फ पढ़ाई ही नहीं, जिंदगी के सबक भी सीख जाओगे।' यहां स्टूडेंट्स को मेहनत, आत्मनिर्भरता और सफलता के असली मायने समझाए जाते हैं।

### ऐसे हुई शुरुआत

1988 में एक छोटी सी शुरुआत ने कोटा की पहचान बदली। जब यहां के एक पॉलीटेक्निक डिप्लोमाधारी शिक्षक राजेश माहेश्वरी ने सबसे पहले सभी विषयों की कोचिंग एक छत के नीचे देने का नवाचार करते हुए एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट की स्थापना की। यह पहल धीरे-धीरे सफलता में तब्दील होने लगी, वर्ष-दर-वर्ष कोटा की पहचान इस क्षेत्र में मजबूत होती चली गई। इस तर्ज पर कई संस्थान शुरू होते चले गए। आज कोटा को एजुकेशन कैपिटल के रूप में पहचाना जा रहा है। कोटा में देश ही नहीं वरन दुनिया से स्टूडेंट्स मेडिकल व इंजीनियरिंग में कॅरियर बनाने के लिए आ रहे हैं। कोटा क्लासरूम कोचिंग के साथ अत्याधुनिक तकनीक से भी स्टूडेंट्स को सपोर्ट दे रहा है।

## मॉडल एजुकेशन सिटी, जहां है 'संस्कार से सफलता' तक की शिक्षा




- **एक शहर...** जहां देश के हर प्रांत से श्रेष्ठ स्टूडेंट्स एक साथ पढ़ते हैं।
- **एक शहर...** जहां देश के सबसे ऊर्जावान और युवा फैकल्टीज स्टूडेंट्स के आइकन हैं।
- **एक शहर...** जहां पढ़ाई के लिए देश का सबसे बेहतर माहौल है।
- **एक शहर...** जहां बातों-बातों में दिनभर में लाखों सवाल हल हो जाते हैं।
- **एक शहर...** जहां आबादी के 15 प्रतिशत देशभर से आए स्टूडेंट्स हैं।
- **एक शहर...** जहां देश के हर कोने से आई करीब 50 हजार बेटियां अपना कॅरियर बनाने के लिए मेहनत कर रही हैं।
- **एक शहर...** जहां स्टूडेंट्स की केयरिंग परिवार की तरह की जा रही है। कोचिंग, हॉस्टल के साथ शासन-प्रशासन सभी स्टूडेंट्स के सपने पूरे करने के लिए प्रयासरत हैं।
- **एक शहर...** जहां के एलन संस्थान का दुनिया में सबसे ज्यादा क्लासरूम स्टूडेंट्स पढ़ाने का रिकॉर्ड है।
- **एक शहर...** एक शहर जो सबसे ज्यादा डॉक्टर व इंजीनियर देता है।
- **एक शहर...** जहां के स्टूडेंट्स इंटरनेशनल ओलम्पियाड में भारत का नाम रोशन कर रहे हैं।
- **एक शहर...** जहां अत्याधुनिक तकनीक के साथ ऑफलाइन के साथ ऑनलाइन मोड पर एजुकेशन दी जा रही है।
- **एक शहर...** जिसका हैप्पीनेस इंडेक्स अन्य शहरों से ज्यादा है।

## कोटा कोचिंग के ऐसे उदाहरण जो समाज में बदलाव की कहानियां लिख रहे हैं

कोटा जिंदगी बदल रहा है। कामयाबी की कहानियां लिख रहा है, वो कहानियां जो समाज में बदलावों के लिए प्रेरक साबित हो रही है। छोटे गांव कस्बे के निर्धन परिवार की प्रतिभा को कामयाबी दिलाने की जिद हो या देश को नई दिशा देने की, कोटा साथ है।



*रामचंद्र, वात्सल्य व डॉ. रूपा*

यहां के तुहीन-डे (90% विकलांगता के साथ एनआईटी में), बालिका वधू डॉ. रूपा यादव, गूगल में कार्यरत दिहाड़ी मजदूर का बेटा रामचन्द्र सांखला, माइक्रोसॉफ्ट में कार्यरत वेल्डर का बेटा वात्सल्य चौहान, कुली का बेटा खेराज, घर-घर कबाड़ एकत्रित करने वाले का बेटा अरविन्द कुमार, शोध कर रही कैंसर से लड़ने वाली डॉ. अनीशा, बुनकर का बेटा मनोहरलाल, चौब सिंह, विशाल बिस्वास, राकेश बंजारा सहित सैंकडों ऐसे स्टूडेंट्स हैं जो डॉक्टर-इंजीनियर बनकर सामाजिक बदलाव के उदाहरण बने।

# कोटा केयर्स | कोचिंग, कॅरियर के साथ केयरिंग का नया कोटा

### 4 दशक में जीता 30 लाख परिवारों का भरोसा, देश को दिए 10 लाख से अधिक डॉक्टर व इंजीनियर्स

**कोटा** शहर अब एक नई परिभाषा और नए संकल्प के साथ स्थापित हो रहा है। पहले कोटा को सिर्फ 'कॅरियर व कोचिंग सिटी' कहा जाता था, लेकिन अब यह 'केयर सिटी' भी बन चुका है। यहां न सिर्फ पढ़ाई होती है, बल्कि छात्रों की देखभाल, मानसिक मजबूती और व्यक्तिगत विकास पर भी ध्यान दिया जाता है। 'कोटा केयर्स' अभियान ने पूरे शहर को स्टूडेंट्स की सफलता से जोड़ दिया है। कोटा ने अब तक 30 लाख परिवारों का भरोसा जीता है। करीब 10 लाख स्टूडेंट्स का कॅरियर डॉक्टर-इंजीनियर आदि प्रोफेशनल्स के रूप में बनाया है। कोटा केयर्स के तहत हॉस्टल संचालकों, ऑटो चालकों और डॉक्टर्स ने स्टूडेंट्स की मदद के लिए पहल की है।



### कोटा कोचिंग पैटर्न : एक्सपिरियंस लर्निंग सिस्टम

पिछले चार दशकों की एक्सपिरियंस लर्निंग से कोटा कोचिंग एक पैटर्न बन गया है, जिसका देशभर में अनुसरण किया जा रहा है। देश में मेट्रो और कोटा से बड़े अन्य शहर कोटा कोचिंग के पैटर्न के आधार पर बच्चों का कॅरियर बना रहे हैं। कोटा कोचिंग पैटर्न पढ़ाई की ऐसी पद्धति बन गई है जो सफलता के लिए आवश्यक है।

### देश के लिए मॉडल सिटी बनाने की पहल

कोटा में अकेडमिक एक्सीलेंस के साथ अब कोटा केयरिंग मॉडल को जोड़ते हुए शहर को मॉडल सिटी बनाने की तरफ कदम बढ़ाया जा रहा है। कोटा केयर्स अभियान के तहत एजुकेशन के साथ केयरिंग जोड़ते हुए ऐसा इको सिस्टम डवलप किया जा रहा है जो देश में एक मॉडल की तरह स्थापित हो। प्रशासन एवं पुलिस के साथ मिलकर शहर में हॉस्टल संचालक, ऑटो यूनियन, पीजी संचालक, मैस, स्ट्रीट वेंडर्स सभी आगे आए हैं

## छात्रों के लिए देश का पहला इमोश्नल वेलबीइंग सेंटर

कोटा अनुभवों से सीख रहा है। यह पहला शहर है जहां स्टूडेंट्स के मानसिक स्वास्थ्य पर काम हो रहा है। स्टूडेंट्स को एडवांस केयर कैसे दी जाए, उनके मानसिक स्वास्थ्य कैसे बेहतर हो, इस पर कोटा अब देश के अन्य शहरों से आगे बढ़ रहा है। यहां देश के पहले इमोशनल वेल बीइंग सेंटर की स्थापना की, जो एक इंटीग्रेटेड कैंपस है जहां सभी तरह के काउंसलर 24 घंटे स्टूडेंट्स की मदद के लिए उपलब्ध रहते हैं।

### कोटा इसलिए है दूसरे शहरों से अलग

- **पढ़ाई का तरीका:** विषयों की गहराई ही नहीं, बल्कि प्रभावी अध्ययन तकनीकों पर भी ध्यान दिया जाता है।
- **संघर्ष से सीख:** केवल परीक्षा पास करना ही नहीं सिखाता, बल्कि कठिनाइयों से लड़कर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है।
- **नेशनल लेवल कम्पीटिशन:** देश के बेस्ट फैकल्टीज स्टूडेंट को नेशनल लेवल के कंप्टीशन के लिए तैयार करते हैं।

## एक्सपर्ट कमेंट्स | कोटावासियों की मेहनत और अनुभव से मजबूत बनी है शिक्षा की काशी कोटा सिटी

# अपने कर्म और कौशल से कोटा ने हासिल की कीर्ति

### कोटा के बेटा-बेटी देश-दुनिया में नेतृत्व कर रहे



अभिभावक अपने बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने के लिए कोटा भेजें। यहां सुरक्षित वातावरण के साथ अच्छी शिक्षा है। यहां आकर विद्यार्थी अपनी आकांक्षाओं को पूरा करते हैं। कोटा में पढ़ने वाले बेटा-बेटी आज देश-दुनिया में नेतृत्व कर रहे हैं। आने वाला समय कोटा का और बेहतर होगा। कोटा स्टूडेंट्स की अपेक्षाओं को पूरा करने की समझ रखता है। यहां का माहौल आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है।

***- ओम बिरला,*** *लोकसभा अध्यक्ष*

### स्टूडेंट्स के सर्वांगीण विकास के लिए संकल्पित



पूरा कोटा आने वाले बच्चों को अपने स्वयं के बच्चों की तरह देखभाल करने हेतु कृत संकल्पित है। इस हेतु पिछले एक वर्ष में कई प्रयास कोटा द्वारा किए गए हैं, जिसमें कोटा केयर्स अभियान के तहत पूरे शहर के आमजन को स्टूडेंट केयरिंग से जोड़ा जा रहा है। अब यहां हर वर्ग स्टूडेंट की केयरिंग के लिए फोकस्ड है। समय-समय पर विभिन्न माध्यमों से स्टूडेंट्स से बातचीत करते हैं, उनके मन की बात जानते हैं और उन्हें समाधान देते हैं।

***-डॉ.रविन्द्र गोस्वामी,*** *जिला कलक्टर, कोटा*

### स्टूडेंट्स के लिए सबसे सुरक्षित और अनुकूल शहर



कोटा देश में विद्यार्थियों के लिए बहुत अनुकूल और सुरक्षित शहर है। विद्यार्थियों की सुरक्षा के लिए ही कई पहल भी की गई है, जिसमें कोटा सेफ्टी ऑफ स्टूडेंट्स (K-SOS) एप लॉंच किया गया है। इसमें पैनिक बटन दिया गया है। पुलिस हर कदम पर स्टूडेंट्स के साथ खड़ी है। हमारा उद्देश्य कोटा में आने वाले स्टूडेंट्स के लिए एक सुरक्षित माहौल तैयार करना है। कोचिंग स्टूडेंटस वाले क्षेत्रों में नियमित गतिविधियां की जा रही है, बच्चों से बातचीत भी करते हैं, उन्हें समझते हैं।

***- डॉ.अमृता दुहन,*** *सिटी एसपी, कोटा*

### कोटा स्टूडेंट्स के लिए परफेक्ट सिटी है



कोटा स्टूडेंट्स के लिए परफेक्ट सिटी है। यहां एक ऐसा इको सिस्टम है, जिसमें स्टूडेंट पढ़ाई के लिए प्रेरित होता है। चार दशकों के अनुभव से कोटा का सिस्टम इतना मजबूत हो गया है कि स्टूडेंट की जरूरतों को बहुत अच्छी तरह समझकर समाधान दिए जाते हैं। यही कारण है कि स्टूडेंट्स की फर्स्ट च्वाइस कोटा है। यहां बेस्ट स्टूडेंट के साथ बेस्ट फैकल्टीज और बेस्ट माहौल का पूल स्टूडेंट को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है और यही प्रेरणा परिणामों में नजर आती है।

***- राजेश माहेश्वरी,*** *निदेशक, एलन करियर इंस्टीट्यूट प्रा.लि.*

## नेशनल लेवल कम्पीटिशन का सबसे बड़ा रन-वे



**कोचिंग** सिटी कोटा नेशनल लेवल कॉम्पिटिशन के लिए रनवे है। यहां देशभर के टॉप ब्रेन आते हैं और साथ पढ़ते हैं। ऐसे में यहां मिलने वाला नेशनल लेवल का कम्पीटिशन स्टूडेंट को नेशनल लेवल के लिए निखारता है। स्टूडेंट अपना सेल्फ एनालिसिस भी आसानी से कर सकते हैं। यहां वे वास्तविक परीक्षा के बहुत करीब खुद को पाते हैं और उसी के अनुरूप अपनी कमजोरियों को दूर करने का प्रयास करते हैं। ऐसे में कोटा के रन-वे पर रफ्तार पकड़ने वाले स्टूडेंट्स के उड़ान भरने के अवसर अधिक होते हैं।

## चिंतन

# समतामूलक समाज निर्माण अंबेडकर को सच्ची श्रद्धांजलि

आज संविधान निर्माता बाबा साहेब डा. भीमराव रामजी अंबेडकर की जयंती पर उनकी विरासत को लेकर सियासत दुर्भाग्यपूर्ण है। राष्ट्र निर्माण में डा. अंबेडकर के योगदान को स्मरण करने और समतामूलक समृद्ध भारत के उनके सपने को साकार करने की दिशा में प्रयास करने के बजाय राजनीतिक दल एक दूसरे पर आरोप लगाते दिखे। सत्ताधारी दल और विपक्षी दल के बीच अंबेडकर की विरासत पर राजनीतिक कब्जे के लिए होड़ मची हुई है, लेकिन यही जब सत्ता में होते हैं, तो उनके सिद्धांतों पर अमल करते हुए नीतिगत फैसला नहीं लेते हैं। संविधान प्रदत्त राजनीति लोकतंत्र का तो सभी लाभ उठा रहे हैं, लेकिन सामाजिक व आर्थिक असमानता दूर करने के लिए सामाजिक न्याय व समता पर आधारित सामाजिक लोकतंत्र और समानता पर आधारित आर्थिक लोकतंत्र को अपनाने की दिशा में किसी भी दल की सरकार ने पहल नहीं की। आज भी राष्ट्र में सामाजिक व आर्थिक विषमताएं गहरे तक व्याप्त हैं, सरकारें उदासीन बनी हुई हैं। अंबेडकर के सपने के अनुरूप जाति व्यवस्था के खात्मे की दिशा में किसी भी सरकार ने कानूनी प्रयास नहीं किया, जबकि यह संभव है। लेकिन देश के दल विभाजनकारी राजनीति के पचड़े में ही उलझे हुए हैं। भाजपा व कांग्रेस के बीच अंबेडकर को लेकर तीखे आरोप-प्रत्यारोप से स्थिति नहीं बदलेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आरोप लगाया कि सत्ता में रहने के दौरान कांग्रेस ने अनुसूचित जातियों (एससी), अनुसूचित जनजातियों (एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्गों को 'दूसरे दर्जे का नागरिक' बना दिया, तो कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पलटवार किया कि मोदी सरकार बाबासाहेब का सिर्फ नाम लेती है जबकि भाजपा तथा संघ के लोग अंबेडकर के शत्रु हैं। अभी सत्ताधारी दल अगर डा. अंबेडकर के सपनों के अनुरूप सामाजिक आर्थिक न्याय की बहाली की दिशा में काम करे तो देश की दशा बदल सकती है। यह सबको ज्ञात है कि कांग्रेस ने अंबेडकर को दो बार चुनाव में हरवाया, कांग्रेस शासन में बाबासाहेब को भारत रत्न नहीं मिला, कांग्रेस सरकार ने उन्हें राजनीतिक सम्मान भी नहीं दिया, इसलिए कांग्रेस को विरासत पर कुछ भी बोलने से पूर्व आत्मचिंतन करना चाहिए। संविधान निर्माण से लेकर निर्वाचन आयोग के गठन तक अनेक योगदान अंबेडकर के देश के लिए हैं। भीमराव छोटे राज्यों के पक्षधर थे, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश व बिहार के विभाजन का प्रस्ताव उन्होंने रखा था, छोटे राज्य भी भाजपा शासन के दौरान ही अधिक बने। अंबेडकर के विचार केवल इतिहास की किताबों या औपचारिक श्रद्धांजलि कार्यक्रमों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि प्रतिरोध की परिभाषा को आकार दे रहे हैं और अदालतों से लेकर कक्षाओं, विरोध-प्रदर्शनों और साइबर संसार तक में गूंज रहे हैं, जहां जाति, समानता एवं लोकतंत्र के बारे में बहस अब भी जारी है। आंबेडकर एक विधिशास्त्री से कहीं अधिक थे। वह एक क्रांतिकारी विचारक थे, जिनका समतावादी और जाति व्यवस्था मुक्त भारत का दृष्टिकोण देश के समकालीन सामाजिक-राजनीतिक विमर्श के लिए आज भी बेहद प्रासंगिक है। अंबेडकर का यह दृष्टिकोण वर्ष 2025 में भी प्रासंगिक है कि सामाजिक और आर्थिक न्याय के बिना लोकतंत्र फल-फूल नहीं सकता। आज जब जाति, वर्ग और सांप्रदायिक विभाजन के खिलाफ भारत की लड़ाई जारी है, तब समानता को लेकर उनका दृष्टिकोण भारत को प्रेरित करता है। इसलिए राजनीतिक के बजाय उनके अदर्शों को राष्ट्र को सही मायने में अपनाने की जरूरत है।



विश्लेषण
अवधेश कुमार

# मुर्शिदाबाद का भयावह सच

> मुर्शिदाबाद से भागीरथी नदी में नाव पर बैठकर पलायन करते और फिर मालदा जिले में उतरते लोगों की तस्वीरें किसी भी संवेदनशील व्यक्ति को अंदर से हिला देंगी। वर्तमान घटना में पलायन कर गए लोग मुर्शिदाबाद के धुलियान के हैं। वे बता रहे हैं कि घरों में आग लगा दी, मारपीट की गई, अब न घर रहा न खाने को राशन बचा हम करें तो क्या करें, जो कुछ था वह सब लूट कर ले गए। मणिपुर पर तूफान खड़ा करने वाले और यात्रा करने वाले राहुल गांधी से लेकर विपक्ष के नेताओं की चुप्पी ज्यादा डरावनी है। मणिपुर चिंता का विषय होना चाहिए, किंतु क्या मुर्शिदाबाद नहीं? सच को सच की तरह देखिए फिर रास्ता निकालिए कि क्या हो सकता है?

पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद से लेकर मध्यप्रदेश का गुना और इसके पहले नागपुर मलाड आदि की घटनाओं से निस्संदेह देश को डरना चाहिए। इसका यह अर्थ नहीं कि डर कर चुपचाप बैठ जाए, बल्कि इन घटनाओं में लगातार दिख रहे यथार्थ को पहचान कर उसके अनुरूप व्यवहार तय करने का समय है। मुर्शिदाबाद से भागीरथी नदी में नाव पर बैठकर पलायन करते और फिर मालदा जिले में उतरते लोगों की तस्वीरें किसी भी संवेदनशील व्यक्ति को अंदर से हिला देंगी। हम पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान में गैर मुस्लिमों, हिंदुओं के विरुद्ध हिंसा पर अपनी भौंहें टेढ़ी करते हैं, अपने देश के बारे में क्या कहेंगे? मालदा के पारलालपुर हाई स्कूल में शरण लिए लगभग 500 लोगों की तस्वीरें एवं वक्तव्य देश के सामने हैं। इनमें तीन दिन के नवजात से लेकर महिलाएं, बुजुर्ग और बच्चे शामिल हैं। स्थानीय लोगों ने कम से कम उन्हें गले लगाया और खाने-पीने की व्यवस्था कर रहे हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सुकांता मजूमदार की यात्रा के बाद पार्टी और दूसरे हिंदू संगठन भी सक्रिय हुए, लेकिन क्या किसी को याद है 2021 विधानसभा चुनाव के बाद हिंदू असम और झारखंड में पहुंच गए थे। वे आज तक लौटे या नहीं लौटे देश को पता भी नहीं था। जब असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वसर्मा ने अपनी पोस्ट लिखी तब इसकी जानकारी हुई। वर्तमान घटना में पलायन कर गए लोग मुर्शिदाबाद के धुलियान के हैं। वे बता रहे हैं कि घरों में आग लगा दी, मारपीट की गई, अब न घर रहा न खाने को राशन बचा हम करें तो क्या करें, जो कुछ था वह सब लूट कर ले गए। मणिपुर पर तूफान खड़ा करने वाले और यात्रा करने वाले राहुल गांधी से लेकर विपक्ष के नेताओं की चुप्पी ज्यादा डरावनी है। मणिपुर सभी के लिए चिंता का विषय होना चाहिए, किंतु क्या मुर्शिदाबाद नहीं?

यही वह प्रश्न है अलग-अलग ऐसी घटनाओं और संदर्भों में जिनका उत्तर भारत स्पष्ट रूप से कभी नहीं दे सका। धुलियान में एक गरीब पिता पुत्र की हत्या कर दी गई, जो हिंदू देवी देवताओं की मूर्तियां बनाते थे। मूर्तिकार से किसका वैर का हो सकता है? लोग कह रहे हैं कि उनकी पानी की टंकी में जहर मिला दिया गया। इसमें कितनी सच्चाई है अभी तक तो ममता बनर्जी सरकार को टंकियां जांच करके बता देना चाहिए था। नहीं बताने का मतलब? कई तालाबों में मछलियों सहित अन्य जीव मरे पाए गए। यानी हमलावर घोषणा कर रहे थे कि सारे पानी में जहर मिला देंगे तो संभवत उन्होंने तालाब में ऐसा किया। टीवी कैमरों के माध्यम से देश ने वहां की हिंसा देखी। इन पंक्तियों के लिखे जाने तक भी अलग-अलग क्षेत्र में हिंसा हो रही है। शमशेरगंज सहित कई स्थानों में बीएसएफ की टीम पर गोलीबारी की गई। बीएसएफ कई घरों में जमा किए पत्थर हटा रही है। कोलकाता उच्च न्यायालय के आदेश के कारण केंद्रीय सुरक्षा बलों की 17 कंपनियां तैनात की गईं, अन्यथा पश्चिम बंगाल पुलिस के रहते क्या हो रहा था और क्या होता इसकी कल्पना से रौंगटे खड़े हो जाते हैं। भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की भले आप आलोचना कीजिए और उनके विरोधी हों। इन विकट परिस्थितियों में हिंदू समाज के साथ इनके



अलावा कोई खड़ा नहीं दिखता। अन्य पार्टियों की स्थानीय ईकाइयां सच देखती हैं, भूमिका निभाना भी चाहती हैं, लेकिन प्रदेश और केंद्रीय नेतृत्व के दबाव में नहीं करती। स्थानीय भाजपा के कई नेताओं ने प्रदेश में सशस्त्र बल विशेष शक्तियां अधिनियम या अफस्पा लागू करने की मांग की है। आपको यह भले नागवार गुजरे किंतु पश्चिम बंगाल की स्थिति को देखिए और निष्कर्ष निकालिए कि वहां क्या किया जाना चाहिए?

किसी का वक्फ संशोधन कानून से विरोध है तो उसका तरीका हिन्दुओं पर हमला कैसे सकता है? वैसे तो वक्फ कानून में ऐसा कुछ नहीं है, जिसे मुसलमान या इस्लाम के विरुद्ध साबित किया जा रहा है। इस तरह का जहर फैलाने वाले वास्तव में स्वयं मुस्लिम समाज के ही दुश्मन हैं। अगर विरोध करना है तो इसके लिए हिंदुओं के घरों पर हमले करने, धर्मस्थलों को क्षतिग्रस्त करने, दुकान घर जलाने आदि की क्या आवश्यकता है? ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने देशव्यापी विरोध का आह्वान किया था। क्या हिंसा के लिए उसे दोषी नहीं माना जाना चाहिए? हमलावरों की तैयारी कितनी थी इसका अनुमान इसी से लगाइए कि पलायन कर गए लोग बता रहे हैं कि वे गैस सिलेंडरों को खोलकर दियासलाई से आग लग रहे थे और पेट्रोल डाल रहे थे। आगजनी, पत्थरबाजी और गोली चलाने के लिए पहले की तैयारी चाहिए। गुना में हनुमान जयंती की शोभायात्रा पर जितनी भारी संख्या में पत्थर चले और आगजनी हुई उसकी तैयारी एकाएक संभव नहीं। इसी तरह हजारीबाग में हुआ। पिछले लंबे समय से हम देख रहे हैं कि हिंदुओं से जुड़े उत्सवों, शोभायात्राओं, प्रतिमा विसर्जनों आदि पर इसी तरह पत्थरों से हमले होते हैं। इससे भी डरावना सच यह है कि कोई बड़ा मुस्लिम नेता या संगठन हिंसा के विरुद्ध मुखर होकर सामने नहीं आते। दूसरे पक्ष को ही दोषी ठहरने का अभियान चलता है और कहा जाता है कि हमले उनके उकसाने पर हुए। मुर्शिदाबाद पर बंगाल की ममता सरकार में मंत्री सिद्धीकुल्ला चौधरी कह रहे हैं कि हिंसा में बाहरी और भाजपा के लोग शामिल थे, वे बीएसएफ की गोली से मारे गए। ममता सरकार और उनकी पार्टी का स्टैंड यही है तो आप उनसे क्या उम्मीद कर सकते हैं। यह पहली बार नहीं है। पिछले वर्ष लगभग इसी समय जब वर्धमान जिले में एक बम विस्फोट की जांच करने गई एनआईए की टीम पर हमले हुए। विस्फोट बम बनाने के दौरान हुई और मरने वाले तीनों तृणमूल के थे। चाहे शाहजहां शेख पर कार्रवाई करने गई टीम हो या अन्य जगह वहां उन्हें हिंसक विरोध का सामना करना पड़ता है। मुख्यमंत्री ममता से लेकर पूरी सरकार, पार्टी हमला बोल शैली में साथ खड़ी होती है। जब सरकार का भय नहीं हो तो कट्टरवादी तत्व ऐसे ही उन्माद फैलाता है।

सच को सच की तरह देखिए फिर रास्ता निकालिए कि क्या हो सकता है। बंगाल संपूर्ण देश के लिए ऐसा डरावना प्रश्न बना हुआ है जिसका अभी तक उत्तर नहीं मिला है। धीरे-धीरे दूसरे राज्यों में भी हिंदू उत्सवों प्रतिमा विसर्जनों शोभा यात्राओं आदि पर हमले की प्रवृत्तियां बढ़ीं हैं। उनके संदर्भ में हिंदू संगठनों, सरकारों तथा पार्टियों को नए सिरे से अपनी रणनीति तय करनी होगी। मुस्लिम समुदाय के अंदर भी उदारवादी तबके को खुलकर सामने आना चाहिए। यह देश बचाने का प्रश्न है, लेकिन जो समाज आत्मरक्षा और प्रतिरोध की शक्ति खो देता है उसकी कोई रक्षा नहीं कर सकता। कम से कम ऐसी घटनाओं के विरोध में अहिंसक तरीके से धरना प्रदर्शन तो होना चाहिए था। बावजूद बंगाल जैसी स्थिति किसी की नहीं। न्यायालय की स्थिति यह है कि 2021 में हिंदुओं के पलायन का मामला उच्चतम न्यायालय में आया और सुनवाई के दौरान एक बंगाली न्यायमूर्ति ने पहले अपने को अलग किया। फिर सुनवाई आरंभ हुई और एक और बंगाली जज साहब ने स्वयं को अलग कर लिया। इस कारण वह बाधित रही। वैसे भी न्यायालय ऐसी बढ़ती प्रवृत्तियों का समाधान नहीं कर सकते।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

तेलंगाना विवाद
योगेश कुमार गोयल



# जीवन की सांसें हैं वृक्ष

तेलंगाना में 400 एकड़ में फैले कांचा गाचीबोवली जंगल में पेड़ों की कटाई के मुद्दे पर स्वतः संज्ञान लेते हुए पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस बी. आर. गवई और ऑगस्टिन जॉर्ज मसीह की बेंच ने सरकार से तीखे सवाल करते हुए अगले आदेश तक इस क्षेत्र में किसी भी प्रकार की गतिविधि पर रोक लगा दी। अदालत ने पूछा कि वनों की कटाई शुरू करने की इतनी आपातकालीन आवश्यकता क्यों थी? उल्लेखनीय है कि हैदराबाद विश्वविद्यालय के पास तेलंगाना सरकार द्वारा आईटी पार्क बनाने के लिए उस स्थान पर बड़े पैमाने पर पेड़ों की कटाई की जा रही थी। सोशल मीडिया पर इसी जगह का एक दिल दहलाने वाला वीडियो भी वायरल हुआ था, जिसमें अंधेरे में बुलडोजर चलता दिख रहा है और वहीं से मोरों के झुंड की आवाज़ सुनाई दे रही है, जो जंगलों की कटाई से रो रहे हैं। इससे कुछ ही दिन पहले आगरा में ताजमहल के आसपास अवैध रूप से काटे गए सैकड़ों वृक्षों को लेकर भी सुप्रीम कोर्ट ने कड़ा रुख अपनाते हुए प्रत्येक पेड़ के लिए एक लाख रुपये का जुर्माना लगाते हुए कठोर टिप्पणी की थी। अदालत के आदेश बेहद महत्वपूर्ण हैं, जो पर्यावरण संरक्षण के प्रति हमारी जिम्मेदारियों को याद दिलाते हैं। अदालत ने अपने इन निर्णयों से स्पष्ट संदेश दिया है कि पेड़ों की कटाई को हल्के में नहीं लिया जाना चाहिए। अदालत के ये निर्णय देश के उन क्षेत्रों के लिए भी संदेश है, जहां पेड़ों की अंधाधुंध कटाई की जा रही है। वायुमंडल में मौजूद ऑक्सीजन को प्राणवायु माना जाता है और पर्यावरण विशेषज्ञों के मुताबिक हमें अपने आसपास इतने वृक्ष अवश्य लगाने चाहिए, ताकि कम से कम अपने परिवार के लिए तो हम ऑक्सीजन की पूर्ति स्वयं ही कर सकें। एक व्यक्ति वर्षभर में औसतन 9.5 टन हवा अपने अंदर लेता है, जिसमें इस हवा का 23 प्रतिशत हिस्सा ऑक्सीजन होता है, जिसकी पूर्ति के लिए हर व्यक्ति को सालभर की सांसों के लिए 7-8 वृक्षों की ऑक्सीजन चाहिए। इंसान को सामान्य रूप से सांस लेने के लिए हवा में कम से कम 19.5 फीसद ऑक्सीजन होनी चाहिए। वायुमंडल में यदि ऑक्सीजन नहीं होगी तो पृथ्वी पर जीवन समाप्त हो जाएगा, इसलिए ऑक्सीजन बचाने के लिए वृक्षों को बचाना समय की बड़ी मांग है। एक रिपोर्ट के मुताबिक एक स्वस्थ वृक्ष प्रतिदिन करीब 230 लीटर ऑक्सीजन छोड़ता है, जिससे 6-7 लोगों को प्राणवायु मिल पाती है, लेकिन पर्याप्त वृक्षों के अभाव में बहुत सारे स्थानों पर अब एक ही वृक्ष को करीब 20 लोगों को ऑक्सीजन देनी पड़ रही है। दरअसल वायुमंडल में पहले ऑक्सीजन की जितनी मात्रा होती थी, वृक्षों के अभाव में उसमें 10 प्रतिशत तक की कमी आ चुकी है। नीम, बरगद, पीपल जैसे बड़े छायादार वृक्ष, जो 50 साल या उससे ज्यादा पुराने हों, उनसे तो प्रतिदिन 140 किलो तक ऑक्सीजन मिलती है। पर्यावरण विशेषज्ञों के अनुसार करीब दो सौ वर्ष पुराने पीपल, नीम, बरगद इत्यादि के पेड़ प्रतिदिन 250 लीटर ऑक्सीजन का स्राव करते हैं। ऐसे में यह अनुमान लगाना कठिन नहीं कि ऐसे छायादार पुराने वृक्ष काटने से पर्यावरण को कितनी भारी क्षति पहुंचती है। यही वजह है कि ऐसे छायादार वृक्ष अपने आसपास के परिवेश में लगाने की प्राचीन भारतीय परम्परा रही है। नीम, बरगद, तुलसी इत्यादि प्रतिदिन 20 घंटे से भी ज्यादा समय तक ऑक्सीजन छोड़ते हैं जबकि पीपल तो दिन में 22 घंटे से भी ज्यादा समय तक ऑक्सीजन का स्राव करता है। बांस के पेड़ किसी भी अन्य वृक्ष के मुकाबले 30 प्रतिशत ज्यादा ऑक्सीजन पैदा करते हैं। 100 विशाल वृक्ष प्रतिवर्ष 53 टन कार्बन डाईऑक्साइड तथा 200 किलोग्राम अन्य वायु प्रदूषकों को दूर करते हैं और 5.3 लाख लीटर वर्षा जल को थामने में भी मददगार साबित होते हैं। घर में सुनियोजित ढंग से लगाए जाने वाले वृक्ष न केवल गर्मियों में एसी की खपत में 56 फीसदी की कमी लाते हैं, बल्कि सर्दियों में ठंडी हवाओं को भी रोकते हैं। एक रिपोर्ट में बताया गया है कि किसी भी वृक्ष के वजन में एक ग्राम की वृद्धि से ही उससे 2.66 ग्राम अतिरिक्त ऑक्सीजन मिलती है तथा किसी विशाल वृक्ष से प्राप्त होने वाली ऑक्सीजन, फल, लकड़ी, बायोमास इत्यादि की कीमत के आधार पर पचास साल की अवधि में ऐसे वृक्ष की आर्थिक कीमत करीब दो लाख डॉलर होती है। एक स्वस्थ वृक्ष से मिलने वाली ऑक्सीजन की कीमत के आधार पर ऐसे वृक्ष की सालाना कीमत करीब 24 लाख रुपये होती है। स्वच्छ प्राणवायु के अभाव में कैंसर, हृदय रोग, अस्थमा, ब्रोंकाइटिस, फेफड़ों का संक्रमण, न्यूमोनिया, लकवा इत्यादि के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। बहरहाल, तेजी से होते जलवायु परिवर्तन और प्रदूषण की विकराल होती स्थिति को देखते हुए यह समझने की जरूरत है कि वायुमंडल में जो ऑक्सीजन मौजूद है, उसमें सबसे बड़ा योगदान पेड़-पौधों का ही है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## योग-ध्यान भावनाओं को रोकें नहीं, साधें



संकलित
**दर्शन**

जब भी आप क्रोध जैसी किसी भी नकारात्मक भावना को रोकने का प्रयास करते हैं, तो वह और भी ज्यादा तेज हो जाती है। आप जो चीज नहीं चाहते हैं, उसे यदि आप रोकने की कोशिश करते हैं, तो ऐसा ही होता है। वस्तुतः मानव मन की यही प्रकृति है। मन को अपने अनुरूप साधने की प्रणाली योग है। योग की प्रणाली अनुभव के स्तर पर अपने शरीर और मन की प्रकृति का अनुसंधान करती है। जब आप सुबह उठकर आसन करते हैं, तो आप उसे मात्र व्यायाम न समझें। वास्तव में योग यह सुनिश्चित करता है कि आप जीवन से कितनी सहजता से गुजरते हैं, आप अपने शरीर और अपने मन को कितनी गहराई से समझते हैं। यदि आप गाड़ी चलाकर कहीं जा रहे हैं तो यात्रा मंगलमय होने के लिए, दो बातें जरूरी हैं। एक तो गाड़ी का अच्छा होनी चाहिए और दूसरी आपको गाड़ी की समझ हो। आपके शरीर और मन के बारे में योग यही तो सुनिश्चित करता है। यह बड़ी व्यावहारिक बात है, यह कोई आत्मज्ञान नहीं है। अगर आप एक अज्ञानी जीवन भी जीना चाहते हैं, तब भी योग जरूरी है। जब आप आसन करते हैं तो आप अपने शरीर और मन की प्रकृति को खोजते हैं। अगर आप अपनी अंगुलियों को एक खास तरह से चलाते हैं, तो आपका मन उसके मुताबिक काम करता है। आप अपने शरीर से जो कुछ भी करते हैं, उससे आपके मन के साथ भी कुछ होता है। किताब पढ़ने से यह समझ प्राप्त नहीं होगी।

## कोयला और चंदन



संकलित
**प्रेरणा**

चौधरी पहलवान का पूरा जीवन जरूरतमंदों की सहायता के लिए समर्पित हुआ था। जब उनका अंतिम समय नजदीक आया तो उन्होंने अपने बेटे को पास बुलाया। बेटा पास आ गया तो उन्होंने उससे कहा-देखो बेटा, मैंने अपना सारा जीवन दुनिया को शिक्षा देने में गुजार दिया। अब अपने अंतिम समय में मैं तुम्हें कुछ जरूरी बातें बताना चाहता हूं। लेकिन इससे पहले जरा तुम एक कोयला और चंदन का एक टुकड़ा उठा कर ले लाओ। बेटे को पहले तो यह बड़ा अटपटा लगा, लेकिन उसने सोचा कि अब पिता का हुक्म है तो यह सब लाना ही होगा। उसने रसोई घर से कोयले का एक टुकड़ा उठाया। संयोग से घर में चंदन की एक छोटी लकड़ी भी मिल गई। वह दोनों को लेकर अपने पिता के पास पहुंच गया। उसे आया देख पहलवान बोले- बेटा, अब इन दोनों चीजों को नीचे फेंक दो। बेटे ने दोनों चीजें नीचे फेंक दीं और हाथ धोने जाने लगा तो पहलवान बोले- जरा ठहरो बेटा। मुझे अपने हाथ तो दिखाओ। बेटे ने हाथ दिखाए तो वह उसका कोयले वाला हाथ पकड़ कर बोले, देखा तुमने। कोयला पकड़ते ही हाथ काला हो गया। लेकिन उसे फेंक देने के बाद भी तुम्हारे हाथ में कालिख लगी रह गई। गलत लोगों की संगति ऐसी ही होती है। उनके साथ रहने पर भी दुख होता है और उनके न रहने पर भी जीवन भर के लिए बदनामी साथ लग जाती है। दूसरी ओर सज्जनों का संग इस चंदन की लकडी की तरह है जो साथ रहते हैं तो दुनिया भर का ज्ञान मिलता है और उनका साथ छूटने पर भी उनके विचारों की महक जीवन भर बनी रहती है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### हिंदी भाषा व साहित्य को विशेष प्राथमिकता मिले

देश, प्रदेश के कुछ विद्यालयों, महाविद्यालयों में ऐसा कुछ संभवतः लापरवाही, भूल से, अल्पज्ञानवश या कभी-कभी जानबूझ कर किया जाता रहता है कि समय सारिणी में हिंदी भाषा और साहित्य के विषय को बहुत पीछे के समय में रखा जाता है। कई बार तो इतना ही बाद का समय (कभी-कभी तो लगभग सबसे अंतिम पीरियड) रखा रहता है कि तब तक स्कूल, कॉलेज के विद्यार्थी चार-पांच घंटों के शिक्षण व अध्ययन के पश्चात बहुत थक कर, ऊबते हुए, ऊर्जाविहीन होकर ही हिंदी भाषा व साहित्य की कक्षा में आते हैं। ऐसी परिस्थितियों में हिंदी को न्यूनतम महत्व ही मिल पाता है। भारत सरकार व सभी राज्य सरकारों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि हिंदी भाषा व साहित्य का महत्व, गौरव व सम्मान हमेशा बना रहे। *- समीर दीवान, बलौदाबाजार*

## करंट अफेयर

### शुल्क युद्ध से किसी की जीत नहीं : शी चिनफिंग

चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग इस हफ्ते दक्षिण-पूर्व एशिया के देशों के दौरे पर निकले हैं। उन्होंने सोमवार को सबसे पहले वियतनाम की यात्रा की। यह दौरा ऐसे समय हो रहा है जब अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने देशों पर भारी शुल्क (टैरिफ) लगाकर पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था को झटका दिया है। ट्रंप ने कुछ देशों पर लगाए शुल्कों पर फिलहाल विराम लगा दिया है, लेकिन चीन को इससे कोई राहत नहीं मिली है। ट्रंप ने दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था यानी चीन पर 145 प्रतिशत तक के भारी शुल्क अब भी लागू कर रखे हैं। चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने वियतनाम और चीनी के आधिकारिक मीडिया में संयुक्त रूप से प्रकाशित संपादकीय में लिखा, व्यापार युद्ध या शुल्क युद्ध में कोई विजेता नहीं होता है। उन्होंने लिखा, हमारे दोनों देशों को बहुपक्षीय व्यापार प्रणाली, स्थिर वैश्विक औद्योगिक और आपूर्ति श्रृंखलाओं और खुले एवं सहकारी अंतरराष्ट्रीय वातावरण की दृढ़ता से रक्षा करनी चाहिए। वैसे तो शी की यात्रा की योजना पहले से ही बनाई गई थी, लेकिन दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं चीन और अमेरिका के बीच शुल्क विवाद के कारण यह यात्रा महत्वपूर्ण हो गई है।



## ऑफ बीट

### कैंसर के अंतिम चरण में मरीज हो जाते हैं उदासीन



कैंसर के अंतिम चरण का एक क्रूर परिणाम यह है कि कई मरीज गहरी उदासीनता में डूब जाते हैं, क्योंकि वे उन गतिविधियों में भी रुचि खो देते हैं जिन्हें वे कभी पसंद करते थे। यह लक्षण दुर्बलता नामक सिंड्रोम का हिस्सा है, जो अंतिम चरण के लगभग 80 प्रतिशत कैंसर रोगियों को प्रभावित करता है। इससे मांसपेशियां बड़े पैमाने पर खत्म होने लगती हैं और वजन घटने लगता है, जिससे पर्याप्त पोषण के बावजूद मरीज की हड्डियां पतली हो जाती हैं। हौंसला पस्त होने से न केवल रोगियों की पीड़ा बढ़ती है, बल्कि उन्हें परिवार और दोस्तों से भी अलग कर देती है। चूंकि, रोगी को कठिन उपचार पद्धतियों को अपनाने में कड़ा संघर्ष करना पड़ता है इसलिए इससे परिवारों पर भी दबाव पड़ता है और उपचार जटिल हो जाता है। डॉक्टर आमतौर पर यह मानते हैं कि जब कैंसर के अंतिम चरण के मरीज जीवन से विमुख हो जाते हैं, तो यह शारीरिक गिरावट के प्रति एक अपरिहार्य मनोवैज्ञानिक प्रतिक्रिया होती है। कैंसर से उत्पन्न कमजोरी में उदासीनता की पहेली को सुलझाने के लिए, हमें शरीर में सूजन के सटीक मार्ग का पता लगाने की आवश्यकता थी, तथा रोग के बढ़ने के दौरान जीवित मस्तिष्क के अंदर झांकने की आवश्यकता थी – जो कि लोगों में लगभग असंभव है।

## ट्रेंड

### अनेक कदम उठाए



हमारी सरकार ने बाबासाहेब की प्रेरणा को आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाने के लिए अनेक कदम उठाए हैं, लेकिन संविधान के नाम पर रोटी सेंकने वालों ने उनसे जुड़े स्थानों का ना सिर्फ अपमान किया, बल्कि इतिहास से मिटाने का प्रयास भी किया।
-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### बाबासाहेब को नमन



बाबासाहेब डॉ भीमराव आंबेडकर को उनकी जयंती पर सादर नमन। देश के लोकतंत्र को मज़बूत करने के लिए, हर भारतीय के समान अधिकारों के लिए, हर वर्ग की हिस्सेदारी के लिए उनका संघर्ष और योगदान हमेशा हमारा मार्गदर्शन करता रहेगा।
-राहुल गांधी, नेता प्रतिपक्ष

### कड़े कानून बनाने चाहिए



कई प्राइवेट स्कूल मनमानी तरीके से हर साल फीस बढ़ा देते हैं, जिससे आम परिवारों के लिए बच्चों की पढ़ाई बोझ बन जाती है। किताबें-नोटबुक, यूनिफॉर्म स्कूल से ही महंगे दामों पर खरीदने को मजबूर किया जाता है। इस पर कड़े कानून बनाने चाहिए।
-स्वाति मालीवाल, पूर्व अध्यक्ष डीसीडब्ल्यू

### नवाचार साझेदारी मजबूत होगी



विश्व स्तर पर दूसरे सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालय और क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग में यूके के शीर्ष स्थान पर, बेंगलुरु भारत के पहले इंपीरियल कॉलेज हब को देखने के लिए उत्सुक है, जो भारत-यूके वैज्ञानिक, शिक्षा और नवाचार साझेदारी को मजबूत करेगा।
-किरण मजूमदारशॉ, उद्योगपति



## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

वैज्ञानिकों ने चिकित्सा जगत में एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। नॉर्थवेस्टर्न यूनिवर्सिटी के इंजीनियरों ने आकार में चावल के दाने से भी छोटा पेसमेकर बनाया है। इसे इंजेक्शन के जरिये भी शरीर में इंजेक्ट किया जा सकता है। खास बात यह है कि काम खत्म होते ही यह पेसमेकर अपने आप शरीर में घुलकर खत्म हो जाता है।

## इंजेक्शन से शरीर में हो सकेगा इंजेक्ट

# ऐतिहासिक उपलब्धि: वैज्ञानिकों ने बनाया चावल के दाने से छोटा पेसमेकर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

यह न केवल दुनिया का सबसे छोटा पेसमेकर है, बल्कि इसके गुणधर्म और कार्यप्रणाली इसे पारंपरिक उपकरणों से कहीं अधिक उन्नत और सुरक्षित बनाते हैं। यह जानकारी अंतरराष्ट्रीय जर्नल नेचर में प्रकाशित अध्ययन में सामने आई है। इससे पता चला है कि यह डिवाइस बड़े-छोटे जानवरों और मानव हृदय पर जो अंगदान करने वाले लोगों से लिए गए थे, सफलतापूर्वक काम करता है। यह नई तकनीक पारंपरिक तार-आधारित पेसमेकरों से कहीं अधिक सुरक्षित और सटीक है।

### प्रकाश संचालित प्रणाली और वायरलेस नियंत्रण

इस पेसमेकर की एक अनूठी विशेषता यह है कि यह त्वचा पर लगाए गए एक वायरलेस डिवाइस से इन्फ्रारेड लाइट के जरिये नियंत्रित होता है। जब डिवाइस दिल की धड़कन में गड़बड़ी का पता लगाता है तो यह एक प्रकाशीय संकेत भेजता है, जिससे पेसमेकर सक्रिय हो जाता है और हृदय गति को सामान्य करता है।

### मल्टीपॉइंट पेसिंग और व्यक्तिगत नियंत्रण

इतने छोटे आकार के कारण डॉक्टर इसे हृदय के विभिन्न हिस्सों में स्थापित कर सकते हैं। प्रत्येक पेसमेकर को अलग-अलग रंग की प्रकाश किरणों द्वारा संचालित किया जा सकता है, जिससे दिल की अनियमित धड़कनों को ज्यादा प्रभावी ढंग से नियंत्रित किया जा सकता है। इससे इलाज की सूक्ष्मता और सफलता दर दोनों में वृद्धि होती है। हालांकि इस तकनीक को फिलहाल नवजात शिशुओं में अस्थायी उपयोग के लिए डिजाइन किया गया है, लेकिन शोधकर्ताओं का मानना है कि इसकी उपयोगिता वयस्कों के इलाज में भी उतनी ही प्रभावी हो सकती है।

### आकार मात्र 1.8 मिमी. चौड़ा, 3.5 मिमि, लंबा, 1 मिमि मोटा

वैज्ञानिकों के अनुसार, इसकी विशेषताएं इसे हृदय रोगों के इलाज में क्रांतिकारी बदलाव लाने में सक्षम बनाती हैं। आकार में सूक्ष्म होने के बावजूद यह अत्यंत प्रभावकारी है। यह पेसमेकर आकार में मात्र 1.8 मिमी चौड़ा, 3.5 मिमी लंबा और 1 मिमी मोटा है। इसका लघु आकार इसे विशेष रूप से नवजात शिशुओं के लिए उपयुक्त बनाता है, जिनके दिल में जन्मजात दोष होते हैं और जिन्हें सर्जरी के बाद कुछ दिनों के लिए हार्ट रिदम सपोर्ट की आवश्यकता होती है।



#### स्व-शक्ति निर्माण की क्षमता

इस पेसमेकर में दो विशिष्ट धातुओं का उपयोग किया गया है जो शरीर के तरल के संपर्क में बैटरी की तरह विद्युत धारा उत्पन्न करते हैं। यह विशेषता इसे बिना किसी बाहरी बैटरी के कार्य करने योग्य बनाती है, जिससे इसका आकार और अधिक संक्षिप्त हो गया है।

## खबर संक्षेप

### राहुल आज से गुजरात के दो दिवसीय दौरे पर



**अहमदाबाद।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पार्टी के 'संगठन सृजन' अभियान के तहत जिला अध्यक्षों के चयन की प्रक्रिया की शुरुआत करने के लिए आज मंगलवार से दो दिनों के गुजरात दौर पर होंगे। गुजरात प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शक्ति सिंह गोहिल ने बताया कि राहुल गांधी आज अहमदाबाद में इन एआईसीसी और पीसीसी पर्यवेक्षकों के साथ एक परिचय बैठक करेंगे।

### हजारों सिख श्रद्धालु बैसाखी मनाने पाकिस्तान पहुंचे

**ननकाना साहिब।** हजारों सिख श्रद्धालु सोमवार को बैसाखी पर्व मनाने पाकिस्तान पहुंचे। यह पर्व फसल कटाई के उत्सव के साथ-साथ सिख नववर्ष की शुरुआत का प्रतीक है और मुख्य रूप से पंजाब तथा उत्तर भारत में मनाया जाता है। पाकिस्तानी अधिकारियों ने इस वर्ष भारत के 6,500 से अधिक सिख श्रद्धालुओं को वीजा जारी किया है। पिछले वर्षों की तुलना में यह संख्या अधिक है। मुख्य बैसाखी समारोह ननकाना साहिब में आयोजित किया गया।

### प्राथमिकी स्कूल में अश्लील नृत्य की जांच का आदेश

**हाथरस।** हाथरस जिले के एक प्राथमिक विद्यालय में एक कार्यक्रम का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिसमें महिला 'डांसरों' का फूहड़ और अश्लील डांस दिखाई दे रहा है। वीडियो में नजर आ रहा है कि हसायन विकास खण्ड के प्राथमिक विद्यालय परिसर में रविवार को एक कार्यक्रम में महिला 'डांसरों' का फिल्मी और रोमांटिक गानों पर अश्लील डांस चल रहा है। क्षेत्र के खंड शिक्षा अधिकारी लक्ष्मीकांत ने कहा कि मामले की जांच हो रही है। जांच रिपोर्ट मुख्यालय भेजी जाएगी, वहीं से दोषियों के खिलाफ कार्यवाही होगी।

### आंबेडकर की प्रतिमा को नुकसान पहुंचाने वाला गिरफ्तार



**जयपुर।** राजस्थान पुलिस ने टोंक जिले में भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा को नुकसान पहुंचाने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। उसने बताया कि दतवास उपतहसील कार्यालय के बाहर स्थापित आंबेडकर की इस प्रतिमा आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हो गई थी और इसका पता तब चला जब आंबेडकर जयंती पर लोग माला पहनाने के लिए वहां पहुंचे। स्थानीय लोगों ने आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग करते हुए विरोध प्रदर्शन किया।

### सोमनाथ में तेंदुए ने तीन साल की बच्ची को मार डाला

**गिर सोमनाथ।** गुजरात के गिर सोमनाथ जिले में तेंदुए के हमले में तीन साल की बच्ची की मौत हो गई। वरिष्ठ वन अधिकारी केडी पंपानिया ने बताया कि यह घटना रविवार रात करीब साढ़े नौ बजे मोरासा गांव में हुई। खेत मजदूर रमेश चावड़ा की बेटी कुंदन झोपड़ी से बाहर हाथ धोने गई थी, इसी दौरान तेंदुए ने उसपर हमला किया। सोमवार सुबह सात बजे बच्ची का शव उसके घर से लगभग 200 मीटर दूर मिला। हमने क्षेत्र में पांच पिंजरे लगाए गए थे, जिनमें से एक में तेंदुआ फंस गया।

## हिसार में रैली में बोले मोदी- वक्फ की जमीनों से भूमाफियाओं को ही हुआ फायदा

# कांग्रेस को अगर हमदर्दी है तो मुस्लिम को अध्यक्ष बनाए, 50% टिकट भी दे : मोदी

*प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि यदि कांग्रेस को वास्तव में मुसलमानों से हमदर्दी है तो उसे किसी मुसलमान को अपना अध्यक्ष बनाना चाहिए और चुनाव में समुदाय के लोगों को 50 प्रतिशत टिकट देने चाहिए। उन्होंने विपक्षी पार्टी पर तुष्टिकरण की नीति अपनाने का भी आरोप लगाया। हिसार के महाराजा अग्रसेन हवाई अड्डे पर नए टर्मिनल भवन की आधारशिला रखने और अयोध्या के लिए एक वाणिज्यिक उड़ान की शुरुआत के बाद एक जनसभा को संबोधित करते हुए मोदी ने 2013 में वक्फ कानून में किए गए बदलावों को लेकर कांग्रेस पर हमला बोला।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

मोदी ने कहा कि वक्फ कानून में संशोधन के बाद गरीबों की ऐसी लूट बंद हो जाएगी। वक्फ संशोधन विधेयक 2025 को राष्ट्रपति की मंजूरी मिलने के बाद आठ अप्रैल से लागू किया गया। उन्होंने कहा, "हमने वक्फ कानून में एक और संशोधन किया है। इसके तहत, वक्फ बोर्ड अब देश में किसी भी आदिवासी की जमीन और संपत्ति को छू भी नहीं सकता है।" मोदी ने हाल में कहा था कि नया वक्फ कानून सामाजिक न्याय की दिशा में उनकी सरकार द्वारा उठाया गया एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि 2013 में बनाया गया पिछला कानून भू-माफिया और मुस्लिम कट्टरपंथियों को खुश करने का एक प्रयास था।

### कांग्रेस ने कुछ कट्टरपंथियों को खुश किया



प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर ने कहा था कि धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं होना चाहिए और संविधान भी इसका निषेध करता है, लेकिन कर्नाटक की कांग्रेस नीत सरकार ने अजा, अजजा और अन्य पिछड़ा वर्गों के अधिकारों को छीनकर धर्म के आधार पर निविदाओं में आरक्षण दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने तुष्टिकरण की नीति अपनाई।

### कांग्रेस ने कभी किसी का भला नहीं किया

मोदी ने सवाल किया, "अगर उन्हें (कांग्रेस को) वाकई मुसलमानों से थोड़ी हमदर्दी है, तो उन्हें अपना अध्यक्ष मुस्लिम समुदाय से ही बनाना चाहिए। वे ऐसा क्यों नहीं करते?" मोदी ने कांग्रेस से 50 प्रतिशत चुनाव टिकट मुस्लिम समुदाय के लोगों को देने को भी कहा। उन्होंने कहा, "जीतने के बाद वे अपने विचार सामने रखेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस का कभी भी मुसलमानों सहित किसी का भला करने का कोई इरादा नहीं रहा।

### गरीबों की जमीन लूटी, समुदाय गया गर्त में

प्रधानमंत्री मोदी ने अपने भाषण में कहा, वक्फ के नाम पर लाखों हेक्टेयर जमीन पूरे देश में है। इस जमीन से गरीबों का, बेसहारा महिलाओं-बच्चों का भला होना चाहिए था। अगर ईमानदारी से इसका उपयोग हुआ होता, तो मुसलमानों को साइकिल के पंचर बनाने की जरूरत नहीं होती। इससे सिर्फ भू-माफिया को ही फायदा हुआ। ये माफिया इस कानून के जरिए गरीबों की जमीन लूट रहे थे।

### आदिवासी की जमीन नहीं ले पाएगा वक्फ बोर्ड

पीएम मोदी ने वक्फ कानून को लेकर की गई गुहार का भी जिक्र किया। पीएम मोदी ने कहा, हमने बहुत बड़ा काम किया है। अब नए वक्फ कानून के तहत किसी भी आदिवासी की जमीन को, हिंदुस्तान के किसी भी कोने में, वक्फ बोर्ड हाथ भी नहीं लगा पाएगा। नए प्रावधान वक्फ की पवित्र भावना का सम्मान करते हुए बनाए गए हैं।

### कांग्रेस बनी संविधान की भक्षक

अपने भाषण में पीएम मोदी ने कांग्रेस को भी आड़े हाथों लिया और आरोप लगाया कि पार्टी ही संविधान की भक्षक बन गई। उन्होंने कहा, हमें ये भूलना नहीं चाहिए कि कांग्रेस ने बाबा साहेब के साथ क्या किया। जब तक बाबा साहेब जीवित थे, कांग्रेस ने उन्हें अपमानित किया।कांग्रेस ने बाबा साहेब के विचारों को भी हमेशा के लिए खत्म कर देना चाहा। डॉ. अंबेडकर संविधान के संरक्षक थे, लेकिन कांग्रेस संविधान की भक्षक बन गई है।

## अमेरिकी टैरिफ का चीन पर असर

# फैक्ट्रियां-उत्पादन सब ठप गोदामों में सड़ रहा सामान



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अमेरिका ने चीन पर 145 फीसदी टैरिफ लगाया हुआ है। बदले में चीन ने भी अमेरिका पर 125 फीसदी टैरिफ लगा दिया है। चीन भले ही कह रहा हो कि उसे अमेरिका के टैरिफ से कोई फर्क नहीं पड़ेगा लेकिन सच्चाई ये है कि टैरिफ का असर अभी से दिखना शुरू हो गया है। अमेरिका के साथ टैरिफ वार तेज होने का असर चीन की व्यापारिक गतिविधियों पर दिखने लगा है। अमेरिकी टैरिफ के कारण शंघाई और ग्वांगडोंग सहित तमाम निर्यात केंद्रों और बंदरगाहों पर गतिविधियां थमने लगी हैं। शिपिंग कंटेनरों का बंदरगाहों पर ढेर लगा हुआ है। षसाथ ही अमेरिका के लिए वस्तुओं की आवाजाही लगभग ठप हो गई है। रेडियो फ्री एशिया की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि शंघाई और ग्वांगडोंग के आमतौर पर व्यस्त रहने वाले बंदरगाहों से कोई भी मालवाहक जहाज गुरुवार तक अमेरिका नहीं जा रहा था।

### खास बातें

- चीन बोला- खत्म करो ये अत्याचार
- प्रमुख प्रांतों में कारखाने ठप हो गए
- कारखानों में उत्पादन रोक दिया गया
- बंदरगाहों पर सैकड़ों शिपिंग कंटेनर रुके

### अमेरिका के लिए बनाया सामान भरा पड़ा

यहां पर कारखानों में उत्पादन रोक दिया गया है। गोदामों में ऐसे उत्पाद भरे पड़े हैं जो शुरू में अमेरिकी बाजार के लिए थे, लेकिन अब व्यापार युद्ध के कारण उनका उपयोग नहीं हो रहा है। उल्लेखनीय है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को चीन पर पारस्परिक शुल्क बढ़ाकर 125 प्रतिशत करने की घोषणा की।

### गोदामों में स्टॉक की हुई भरमार

चीन के निर्यात उद्योग में योगदान देने वाले प्रमुख प्रांतों में कारखाने ठप हो गए थे। अमेरिका जाने वाले जहाजों के लिए नौ अप्रैल की समय सीमा से चूकने वाले शिपिंग कंटेनरों की अब इन बंदरगाहों पर ढेर लगी हुई है। झेजियांग व ग्वांगडोंग प्रांतों ने 2024 में चीन के निर्यात में सबसे अधिक योगदान दिया था।

## राणा से पूछताछ के बीच कोर्ट की टिप्पणी

# 'मुंबई ही नहीं, दिल्ली भी थी निशाने पर'



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वर्ष 2008 मुंबई हमले का आरोपी तहव्वुर राणा को अमेरिका से प्रत्यर्पित कर भारत लाने के साथ ही उससे पूछताछ जारी है। इसी बीच एक विशेष एनआईए अदालत ने तहव्वुर राणा के साजिश को लेकर एक बड़ी टिप्पणी की है। कोर्ट ने पाया है कि मुंबई 26/11 आतंकी हमले के मास्टरमाइंड तहव्वुर हुसैन राणा ने भारत की राजधानी नई दिल्ली को भी हमले का निशाना बनाने की साजिश रची थी। अदालत के मुताबिक, यह साजिश भारत की सीमाओं से बाहर तक फैली हुई थी।

### प्रतिदिन 10 घंटे तक हो रही पूछताछ

मुंबई आतंकी हमलों के मुख्य साजिशकर्ता तहव्वुर हुसैन राणा से एनआईए के अधिकारी रोजाना आठ से दस घंटे पूछताछ कर रहे हैं ताकि इस हमले के पीछे की बड़ी साजिश का पता लगाया जा सके। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि एनआईए के अधिकारी राणा की मेडिकल जांच सुनिश्चित कर रहे हैं और उसे उसके वकील से मिलने की भी इजाजत दी जा रही है।

### 18 दिनों तक हिरासत में पूछताछ

दिल्ली की एक अदालत ने शुक्रवार सुबह उसे अमेरिका से प्रत्यर्पित किए जाने के बाद तहव्वुर राणा को पूछताछ के लिए 18 दिनों की एनआईए हिरासत में भेजने का आदेश दिया। इस मामले में कोर्ट ने कहा था कि यह मामला सिर्फ एक व्यक्ति के खिलाफ नहीं है, बल्कि यह भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा गंभीर मामला है, जिसमें गहराई से जांच जरूरी है।

### मामला राष्ट्र की सुरक्षा से जुड़ा : कोर्ट

बता दें कि मामले में विशेष एनआईए न्यायाधीश चंदर जीत सिंह ने बीते 10 अप्रैल को दिए अपने आदेश में कहा था कि राष्ट्रीय जांच एजेंसी द्वारा पेश की गई सामग्री से यह स्पष्ट होता है कि यह मामला राष्ट्र की सुरक्षा से जुड़ा है और इसमें गहरी साजिश छिपी है। न्यायाधीश ने कहा कि रिकॉर्ड में मौजूद सबूत बताते हैं कि साजिश देश के कई शहरों, खासकर राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली, को निशाना बनाने की योजना से जुड़ी थी।

# रामपाल को मोदी ने पहनाया जूता...



**हिसार।** पीएम मोदी से हरियाणा दौरे के दौरान रामपाल कश्यप नामक व्यक्ति मिला। पीएम ने रामपाल कश्यप की कहानी जानने के बाद उन्हें हल्की सी डांट भी पिलाई। दरअसल रामपाल कश्यप ने एक कसम खाई थी कि जब तक नरेंद्र मोदी पीएम नहीं बन जाते वो जूते नहीं पहनेंगे। यही नहीं जूते भी वो तब पहनेंगे जब पीएम मोदी से मिलेंगे। इस कसम के 14 साल के बाद आज जब पीएम मोदी हरियाणा पहुंचे तब उनकी मुलाकात रामपाल कश्यप से हुई। तब उन्हें रामपाल कश्यप की कहानी पता चली तब उन्होंने खुद अपने हाथों से उन्हें जूता पहनाया। इसका वीडियो भी सामने आया है।

# ईरान में बलूच आतंकियों ने की पाकिस्तान के आठ मजदूरों की हत्या

## बलूच विद्रोहियों ने फिर बरपाया कहर



एजेंसी ▶▶| लाहौर

बलूच विद्रोहियों ने ईरान के सिस्तान-बलूचिस्तान प्रांत में पाकिस्तान के आठ मजदूरों की हत्या कर दी। पाकिस्तानी अखबार डॉन के अनुसार यह घटना कल ईरान के मेहरिस्तान जिले के एक गांव में हुई। ईरानी अफसरों ने पाकिस्तानी नागरिकों की हत्या की पुष्टि की है और बताया कि ये सभी लोग पंजाब के बहावलपुर के रहने वाले थे। सभी मृतक कारों की मरम्मत वाली एक वर्कशॉप पर काम करते थे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, अज्ञात हथियारबंद रात में वर्कशॉप में घुस आए और उनके हाथ-पैर बांध दिए। इसके बाद उन्होंने अंधाधुंध गोलीबारी की और उन्हें मार डाला। घटना की सूचना मिलने के बाद ईरान की पुलिस मौके पर पहुंची।

### बीएनए ने ली हत्या की जिम्मेदारी

मारे गए आठ लोगों में से पांच की पहचान दिलशाद, उसके बेटे मुहम्मद नईम, जाफर, दानिश और नासिर के रूप में हुई है। बलूचिस्तान नेशनल आर्मी (बीएनए) के प्रवक्ता ने आठ पाकिस्तानियों की हत्या की जिम्मेदारी ली है। पाकिस्तान में इस संगठन पर बैन लगा हुआ है। सिस्तान-बलूचिस्तान में यह दूसरी ऐसी घटना है। पिछले साल जनवरी में भी हथियारबंद लोगों ने सरवन शहर में नौ पाकिस्तानियों की हत्या कर दी थी।

## आरपीएफ ने सीईआईआर पोर्टल के साथ की सफल साझेदारी करना होगा ये काम

# ट्रेन में सफर के दौरान फोन गुम हुआ तो आरपीएफ खोज कर देगा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



अगर आप ट्रेन में सफर कर रहे है ऐसे में आपका मोबाइल फोन खो गया है या चोरी हो गया है तो अब परेशान होने की जरुरत नहीं है। आपके खोए हुए मोबाइल फोन को खोजने के लिए रेलवे सुरक्षा बल ने दूरसंचार विभाग से हाथ मिलाया है। दरअसल, आरपीएफ ने दूरसंचार विभाग के सेंट्रल इक्विपमेंट आइडेंटिटी रजिस्टर पोर्टल के साथ सफल साझेदारी की है। नॉर्थ ईस्ट फ्रंटियर रेलवे में एक पायलट प्रोग्राम की सफलता के बाद यह पहल की गई है। अब भारतीय रेल द्वारा इस पहल को पूरे भारत में लागू किए जाने के बाद करोड़ों रेल यात्रियों को फायदा मिलेगा। संचार साथी वेबसाइट पर मौजूद क्यूआर कोड को स्कैन करके संचार साथी एप डाउनलोड कर सकते हैं। इसके अलावा आप सीधे प्ले स्टोर या एप्पल स्टोर पर जाकर भी इस एप को डाउनलोड कर सकते हैं। एप डाउनलोड करने के बाद अपना मोबाइल नंबर डालकर लॉगिन करना होगा। इसके बाद आप इस एप के फीचर्स का लाभ उठा सकते हैं। खोए हुए मोबाइल फोन प्राप्त करने के लिए यात्री इसकी शिकायत रेल मदद एप या 139 डायल के जरिए कर सकते हैं। यदि यात्री एफआईआर दर्ज नहीं कराना चाहते, तो उन्हें सीईआईआर पोर्टल पर अपनी शिकायत दर्ज कराने का भी विकल्प मिलेगा। आरपीएफ आवश्यक विवरण दर्ज करने के बाद डिवाइस को ब्लॉक करेगी।

### आरपीएफ ने बताया संचार ऐप के बारे में

डॉट ने एक्स पर बताया है कि रेलवे स्टेशन या ट्रेन में फोन के चोरी होने या गुम होने पर इसे आरपीएफ और संचार एप की मदद से ट्रेस किया जा सकता है। पोस्ट में यह भी बताया है कि अगर फोन न मिले तो इस एप की मदद से फोन ब्लॉक भी किया जा सकता है। इस एप का नाम संचार साथी है।

**किसी भी फोन से तलाश सकते हैं अपना फोन :** ट्रेन में सफर के दौरान फोन चोरी होने या गुम होने के बाद आप किसी दूसरे के फोन में संचार साथी एप डाउनलोड करके अपने फोन को तलाश कर सकते हैं। रेलवे स्टेशन या ट्रेन में फोन चोरी होने पर आरपीएफ को इसके बारे में जानकारी देनी होगी। आरपीएफ संचार साथी एप की मदद से फोन के बारे में पता लगाएगी।

#### आम आदमी इस तरह से फोन कर सकेंगे ब्लॉक

संचार साथी सरकारी एप है। इसे केंद्र सरकार के दूरसंचार विभाग ने इसी साल जनवरी में लॉन्च किया था। इस एप की मदद से आप मोबाइल से ही साइबर फ्रॉड या फेक कॉल्स की भी शिकायत कर सकते हैं। साथ ही आप चोरी या गुम हुए फोन का पता लगा सकते हैं या उसे ब्लॉक कर सकते हैं।

# राजभवन के बाहर इंजीनियर ने की खुद को जलाने की कोशिश

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

- पत्नी पर लगाया गंभीर आरोप

राजभवन के बाहर कल उस समय अफरा-तफरी मच गई जब एक व्यक्ति ने खुद को आग लगाने की कोशिश की। व्यक्ति की पहचान हेब्बल निवासी इंजीनियर जुहैल अहमद के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि अहमद ने खुद पर पेट्रोल डालकर आत्मदाह का प्रयास किया, लेकिन समय रहते वहां तैनात सुरक्षाकर्मियों ने उसे रोक लिया। घटना के दौरान अहमद ने पुलिस से कहा, 'मैं भी शिकायत करना चाहता था, लेकिन पुलिस मेरी नहीं सुन रही। मेरे पास आत्महत्या के अलावा कोई विकल्प नहीं है। वह राजभवन के बाहर फुटपाथ पर खड़ा होकर खुद पर पेट्रोल डाल रहा था और आत्महत्या की घोषणा कर रहा था।

**तुरंत हरकत में आई पुलिस, बचाई जान :** राजभवन के बाहर तैनात पुलिसकर्मी सतर्कता दिखाते हुए तुरंत हरकत में आए और अहमद को आत्मदाह करने से रोक लिया। उसे तत्काल हिरासत में लिया गया और पूछताछ के लिए ले जाया गया। पुलिस ने बताया कि मेडिकल परीक्षण कराया जाएगा और परिजनों को भी सूचित कर दिया गया है। पुलिस के अनुसार, अहमद के खिलाफ घरेलू हिंसा का मामला दर्ज है और वह इस मामले में खुद को परेशान महसूस कर रहा था।

# ग्राउंड जीरो 10 दिन बाद देगी दस्तक



**मुंबई।** इमरान हाशमी की अपकमिंग फिल्म ग्राउंड जीरो 10 दिन बाद सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए एकदम तैयार है। फिल्म की कहानी सच्ची घटना पर आधारित है जिसके चलते दर्शकों के बीच फिल्म को लेकर उत्सुकता ज्यादा है। इस बीच फिल्म 38 साल बाद इतिहास रचने जा रही है। तेजस विजय देओस्कर के निर्देशन में बनी ग्राउंड जीरो सिनेमाघरों में 25 अप्रैल को दस्तक देने जा रही है। मरग फिल्म सिनेमाघरों में आने के बाद ही कुछ खास लोगों के लिए प्रीमियर की जाएगी। 38 साल में ऐसा करने वाली ग्राउंड जीरो पहली फिल्म है। इमरान हाशमी की ग्राउंड जीरो अब इतिहास रचने जा रही है। पिछले तीन दशक के बाद यह पहली फिल्म है जिसका श्रीनगर में प्रीमियर होगा। प्रीमियर का आयोजन 18 अप्रैल को होने वाला है।

# एक्शन से भरपूर 'हिट 3' का ट्रेलर रिलीज



**मुंबई।** साउथ सुपरस्टार नानी की फिल्म 'हिट 3' का दमदार ट्रेलर कुछ ही देर पहले रिलीज किया गया है। एक्शन और मारधाड़ से भरपूर इस ट्रेलर में नानी पुलिस अधिकारी के दमदार किरदार में नजर आ रहे हैं। ट्रेलर रिलीज पर फैंस अपनी प्रतिक्रिया लगातार शेयर कर रहे हैं। नानी की फिल्म हिटः द थर्ड केस का ट्रेलर रिलीज हो गया है। फिल्म का ट्रेलर कुल 3 मिनट 31 सेकंड का है, जो नानी के प्रशंसकों को बेहद पसंद आ रहा है। इस ट्रेलर में नानी पुलिस अधिकारी अर्जुन सरकार के दमदार अंदाज में नजर आए, जो पल भर में दुश्मनों के छक्के छुड़ाता है। हिट 3 के ट्रेलर में साफ नजर आ रहा है कि नानी इस फिल्म में अर्जुन सरकार नाम के एक गुस्सैल पुलिस अधिकारी के किरदार में हैं।

# 'जाट' ने बॉक्स ऑफिस पर लगाई लंबी छलांग, अब लाहौर में मचाएंगे 'गदर'



*बॉलीवुड एक्टर सनी देओल ने 'गदर 2' से बॉक्स ऑफिस के कई रिकॉर्ड तोड़ दिए थे। अब जाट से उन्होंने दो साल बाद बड़े पर्दे पर वापसी की और तहलका मचा दिया है। गोपीचंद मालिनेनी द्वारा निर्देशित फिल्म में रणदीप हुड्डा ने विलेन का रोल प्ले किया है। फिल्म में विनीत कुमार सिंह, राम्या कृष्णन और जगपति बाबू ने अहम भूमिका निभाई है।*

एजेंसी ▶▶ मुंबई

लेडी विलेन के रोल में रेजिना कैसांद्रा ने दर्शकों को काफी इंप्रेस किया है। ओपनिंग डे पर फिल्म ने सिंगल डिजिट में कमाई की, लेकिन दूसरे दिन इसकी कमाई में इजाफा हुआ।

आइए एक नजर डालते हैं जाट के शनिवार के कलेक्शन पर। शुक्रवार को एक वर्किंग डे वाले दिन गिरावट के बाद,जाट लगातार तेजी से बढ़ रहा है। इसने रविवार को अब तक की सबसे अच्छी सुबह की ऑक्यूपेंसी दर्ज की है। सैकनिल्क के अनुसार, गोपीचंद मालिनेनी के निर्देशन में बनी इस फिल्म ने 11.67% की एडमिशन दर्ज की है, जो पिछले 24 घंटों में 42% की वृद्धि है। सनी देओल की फिल्म जाट का चौथे दिन का कलेक्शन वीकेंड होने की वजह से काफी तेजी से बढ़ रहा है। छुट्टी वाला दिन होने की वजह से फिल्म को इसका भरपूर फायदा मिल रहा है। इंडस्ट्री ट्रैकर सैकनिलक के मुताबिक फिल्म ने चौथे दिन अब तक 11.88 करोड़ रुपए का कलेक्शन कर लिया है। फिलहाल ये शुरुआती आंकड़े हैं, जो बदल सकते हैं। शाम तक फाइनल आंकड़े आ जाएंगे। इसके मुताबिक फिल्म ने अब तक कुल 38.13 करोड़ रुपए का कलेक्शन कर लिया है। फिल्म बहुत जल्द 40 करोड़ का कलेक्शन क्रॉस कर लेगी। जाट के बाद सनी देओल आमिर खान की फिल्म लाहौर 1947 में नजर आएंगे जिसमें उनके साथ प्रीति जिंटा होंगी।

## हॉलीवुड मसाला

# केटी ने भरी अंतरिक्ष की उड़ान




**लॉस एंजिलिस।** 14 अप्रैल को इतिहास रचा गया, जब पश्चिम टेक्सास से ब्लू ओरिजिन की पहली ऑल-वुमन स्पेस फ्लाइट अंतरिक्ष के लिए उड़ान भरी। इस खास मिशन एनएस-31 का हिस्सा थीं दुनिया की छह दमदार महिलाएं, जिनमें पॉप सेंसेशन केटी पेरी, टीवी आइकन गेल किंग, पत्रकार लॉरेन सांचेज, नासा की रॉकेट वैज्ञानिक आयशा बोवे, बायोएस्ट्रोनॉटिक्स की शोधकर्ता अमांडा गुयेन, और फिल्ममेकर केरियन फ्लिन शामिल हैं।

# नील ने शो की गिरती टीआरपी पर तोड़ी चुप्पी




**मुंबई।** गुम है किसी के प्यार में हमेशा से दर्शकों का पसंदीदा शो रहा है। हालांकि जब से सीरियल ने लीप लेकर कहानी में बदलाव किया। इसकी टीआरपी गिरती चली गई। दर्शकों ने कहानी में रुचि लेना बंद कर दिया। अब नील की भूमिका निभा रहे परम सिंह ने इसपर चुप्पी तोड़ी है। परम सिंह ने इंडिया फोरम संग बात करते हुए कहा, "हां, रेटिंग में थोड़ा सुधार हुआ है। हालांकि, मैं अभी भी संतुष्ट नहीं हूं। मैं यही चाहता हूं कि यह टीआरपी रेस में ऊपर आ जाए, तभी हमारी कड़ी मेहनत रंग लाएगी। हमलोग काफी मेहनत कर रहे हैं। मुझे लगता है कि यह कोई बात नहीं हुई और ऐसा बोलना कि नए कलाकारों की वजह से टीआरपी चार्ट में गिरावट आई है, यह गलत है। कभी कभी कोई नई कहानी दर्शकों को तुरंत पसंद आ जाती है, कभी इसमें समय लग सकता है। इसलिए लिए चाहिए कि पूरी टीम मेहनत से काम करें। मैं केवल ईमानदारी और निष्ठा के साथ काम कर सकता हूं। बाकी, मुझे नहीं पता कि कार्यालयों में क्या हो रहा है।

# अमिताभ ने पूछा- फॉलोअर्स बढ़ाने का जुगाड़..



**मुंबई।** अमिताभ बच्चन का जलवा सिर्फ बड़े पर्दे तक सीमित नहीं है। उनकी आवाज, उनका अंदाज और उनकी सादगी दशकों से लोगों के दिलों पर राज कर रही है। सोशल मीडिया पर भी बिग बी का अलग ही रंग नजर आता है। वह अपने प्रशंसकों से हर दिन कुछ न कुछ साझा करते हैं, चाहे वह उनकी जिंदगी की छोटी-छोटी बातें हों या फिर उनके ब्लॉग के जरिए कोई खास संदेश। हाल ही में अमिताभ ने एक्स पर अपने फॉलोअर्स को लेकर एक मजेदार सवाल पूछा। उन्होंने लिखा, बड़ी कोशिश कर रहे हैं, लेकिन ये 49 मिलियन फॉलोअर्स का आंकड़ा बढ़ ही नहीं रहा। कोई तरीका हो तो बताइए। इस पोस्ट के बाद फैंस ने मजेदार और दिलचस्प जवाबों की बौछार कर दी। किसी ने उन्हें सलाह दी कि वह एलन मस्क की कंपनी के बनाए चैटबॉट ग्रोक का इस्तेमाल करें। वहीं, कुछ प्रशंसकों ने हंसी-मजाक में कमाल के आइडिया दिए। एक यूजर ने लिखा, सर, आप मुझे फॉलो कर लें और देखें अगला माइलस्टोन भी पूरा हो जाएगा।" दूसरे ने चुटकी लेते हुए कहा, रेखा जी के साथ एक सेल्फी डालकर देखिए। एक और फैन ने सुझाव दिया, "जया जी के साथ एक तस्वीर डालिए। कुछ प्रशंसकों ने गंभीर सलाह भी दी।

# फिल्म 'दायरा' में दिखेगी



**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस करीना कपूर खान पिछले कुछ समय से पर्सनल लाइफ को लेकर सुर्खियों में रही हैं। मगर अब एक्ट्रेस के फैंस के लिए खुशखबरी सामने आ रही। बेबो जल्दी ही एक क्राइम ड्रामा मूवी में लीड रोल प्ले करने वाली हैं। इस फिल्म के बारे में अभिनेत्री ने खुद अपने इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए बताया है। पिछले कुछ वक्त से साउथ और हिंदी फिल्म का शानदार ताल-मेल देखने को मिल रहा है। कई साउथ के कलाकार हिंदी फिल्मों में शानदार काम कर रहे हैं। ऐसे ही बॉलीवुड के कई सितारों ने साउथ की फिल्मों में शानदार डेब्यू किया है। इस कड़ी में अब बेबो भी अपनी नई फिल्म में साउथ के मशहूर अभिनेता के साथ नजर आने वाले हैं। एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया पर उनके साथ फोटो पोस्ट करते हुए फैंस की एक्साइटमेंट को बढ़ा दिया है। जिस कलाकार की हम बात कर रहे हैं उनका नाम है पृथ्वीराज सुकुमारन। जी हां, पृथ्वीराज फिल्म में अहम किरदार निभाने वाले हैं।

# जल्द ही दया भाभी को वापस लाने लगाऊंगा जोर

**मुंबई।** कॉमेडी शो तारक मेहता का उल्टा चश्मा आज छोटे पर्दे के सबसे पॉपुलर सिटकॉम में से एक है। इस शो के सभी किरदार घर-घर में मशहूर हो गए, खासकर दयाबेन और जेठालाल। दयाबेन का किरदार दिशा वकानी ने निभाया था। वह 9 सालों तक शो का हिस्सा रहीं और दयाबेन के किरदार से लोगों को हंसाया। जब से



दिशा वकानी ने तारक मेहता का उल्टा चश्मा छोड़ा है, फैंस उन्हें बहुत मिस करते हैं। अब असित मोदी ने फिर से दयाबेन के रूप में दिशा की वापसी पर बयान दिया है। एक लेटेस्ट इंटरव्यू में असित मोदी ने हिंट दिया है कि वह जल्द ही दयाबेन को लाएंगे। बातचीत में असित ने कहा, शो की लोकप्रियता आज भी बरकरार है। लोग शिकायत करते हैं कि दया भाभी के जाने के बाद से उन्हें शो पसंद नहीं आया और मैं भी इससे सहमत हूं। मैं जल्द ही दया भाभी को वापस लाऊंगा। लेखकों और अभिनेताओं की पूरी टीम दया भाभी की कमी को पूरा करने की पूरी कोशिश करती है। दया भाभी जल्द ही वापस आएंगी।

epaper : www.haribhoomi.com

# हरिभूमि Classified

तलाश की नई सुबह
Contact for advertisment booking :
Raipur : 62638-18152

## Appointment आवश्यकता

### सिक्योरिटीगार्ड

**आवश्यकता है-** रायगढ़, रायपुर में गार्ड की नौकरी हेतु 5,8,10 पास हाईट 5 फीट 6 इंच, 4 फोटो, आधार कार्ड सहित मिले रहने, खाने की सुविधा, वेतन 14500 से 19000 तक MO. 8109070600. (RO-7086)

**आवश्यकता है-** उरला इंडस्ट्रीयल ऐरिया (रिंग रोड न.२), रायपुर में सिक्यरिटी गार्ड की आवश्यकता है। PF/ESIC सुविधा, बोनस, छुट्टी इत्यादि । डाइरेक्ट कम्पनी के रोल में भर्ती। सम्पर्क करे: 9993103927. (RO-175)

### पेट्रोल पंप कर्मी

**आवश्यकता है-** डुमरतराई रायपुर छत्तीसगढ़ में पेट्रोल पंप में कार्य करने हेतु लड़कों एवं लड़कियों की आवश्यकता है । रहने की सुविधा उपलब्ध - 98271-17307, 99810-00529.(RO-01)

### दुकान कार्य

**आवश्यकता है-** रेडीमेड कपड़े की थोक दुकान में कार्य करने हेतु अनुभवी लड़के एवं लड़कियों की आवश्यकता है संपर्क नंद होजियरी डिपो जय हिंद होजियरी मार्केट पंडरी रायपुर मोबाइल 9111191909, 9300188811 (RO-593)

**आवश्यकता है-** बैंगल शॉप ( चूड़ी दुकान ) में काम करने के लिए लड़के एवं कॉस्मेटिक और ज्वेलरी शॉप में लड़की की आवश्यकता है संपर्क :- निखार "ए" मार्केट सेक्टर 6 भिलाई नगर जिला दुर्ग मो.- 9826186026 (RO-726)

### असिस्टेंट/काउंसलर

**आवश्यकता है-** नर्सिंग कॉलेज में ऑफिस असिस्टेंट कम काउंसलर चाहिए एवं आया बाई -2 की आवश्यकता है रहने की सुविधा संपर्क: बांठिया हॉस्पिटल राजा तालाब रोड रायपुर 0771-2425009.(RO-om)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

### मुंशी/एकाउंटेंट

**आवश्यकता है-** कोल्ड स्टोरेज मे कार्य करने हेतु - मुंशी 2 पद, एकाउंटेंट 1 पद की आवश्यकता है, अनुभव 3 वर्ष, सैलरी योग्यता अनुसार। पता - बेनी कोल्ड स्टोरेज रिंग रोड नं. 3, गिरोद, रायपुर मो. नं. 9009491669. (RO-7094)

### पैकिंग/लेबर कार्य

**आवश्यकता है-** चुस्की चाय में पैकिंग कार्य हेतु लेडिस/ लड़कियों की और लेबर कार्य हेतु पुरुष की एवं ड्राइवर की जरूरत है। संपर्क करें- एसबीआई एटीएम के सामने आकृति विहार अम्लीडीह रायपुर। मो . 7469980000, 07714075490 (RO-A)

### ऑफिस बॉय

**आवश्यकता है-** प्रतिष्ठित रियल स्टेट कंपनी में भिलाई लोकेशन हेतु, ऑफिस बॉय की आवश्यकता है, 10 वी पास एवं अनुभवी को प्राथमिकता, वेतन योग्यतानुसार। संपर्क- 8898306907.(आरो नं.-721)

### ड्राईवर/ऑपरेटर

**आवश्यकता है-** ड्राईवर, माल छोड़ने के लिए लड़के, एवं कंप्यूटर ऑपरेटर लेडीस या लडकी और पैकिंग कार्य के लिए महिलाओं की आवश्यकता है, रहने की सुविधा रावणभाटा राधास्वामी नगर रायपुर Mob . 9893115061. (RO-om)

### सुपरवाइजर

**आवश्यकता है-** दुर्ग एवं बोड़ेगांव स्थित राईसमिल के लिये सुपरवाईजर, की आवश्यकता है उम्र 25 से 30 वर्ष रहने की सुविधा चांवल एवं सिलेण्डर फ्री दिया जायेगा। संपर्क करें:- मो. 9303309932 7987085401 (आरो नं.-727)

### ड्रायवर

**आवश्यकता है-** राम मंदिर (VIP Road) रायपुर के पास कार चलाने के लिए अनुभवी घरेलु कार ड्रायवर की आवश्यकता है। वेतन 14000/-12 घंटे ड्यूटी संपर्क करें: - 9713343666.(RO-7213)

**आवश्यकता है-** टाटा 14 चक्का (डालाबॉडी) ट्रक डेली रायपुर बिलासपुर रायपुर चलाने ड्राइवर चाहिए जिसके पास हैवी व्हीकल ड्राइविंग लाइसेंस हो, वेतन योग्यतानुसार संपर्क करे- जय मातादी ट्रांसपोर्ट, व्यापर विहार , बिलासपुर 7024114747.(RO-37426)

**आवश्यकता है-** ड्राइविंग स्कूल में काम करने हेतु अनुभवी ड्राइवर की आवश्यकता है। संतोषी नगर, भाटागांव, चंगोराभाटा 9826750807, 8319744465. (RO-7089)

### शिक्षक/ शिक्षिका

**आवश्यकता है-** संस्कार वैली एकेडमी अंग्रेजी माध्यम अंग्रेजी, गणित व अन्य विषयों के अध्यापन के लिए शिक्षक शिक्षिकाओं की आवश्यकता है। वेतन योग्यता व अनुभव अनुसार संपर्क- वार्ड नंबर 9 बंजारी नगर रावाभाटा बिरगांव रायपुर मोबाइल नंबर 6263093809, 8435328450 (RO-7091)

### सेल्समैन

**आवश्यकता है-** रेडीमेड गारमेंट्स शॉप (पंडरी, RAIPUR) मे काम करने के लिए मेहनती स्टाफ लड़का / लड़की की आवश्यकता एवं सेल्समेन की आवश्यकता है मो.7067048454. (RO-7092)

### चिकित्साकर्मी

**आवश्यकता है-** AMRUTHA HOSPITAL रिसाली, भिलाई में ड्यूटी डॉक्टर BAMS वेतन -12000 से 20000/- (योग्यतानुसार) ,Bsc nursing वेतन 8000-15000/-, फार्मासिस्ट, लैब टेक्नीशियन एवं Gnm/Anm एवं ट्रेनी की आवश्यकता है। संपर्क- 9407941063. (आरो नं.-725)

### तकनीशियन

**आवश्यकता है-** वलसाड, गुजरात में सर्विस सेंटर को एयर कंडीशनर (एसी) तकनीशियन की आवश्यकता है। निःशुल्क आवास सुविधा। वेतन 25,000.00 संपर्क: 9998972524.(RO-1748)

### काउंटर/ड्राइक्लीन

**आवश्यकता है-** अमृत साड़ी पॉलिश सेन्टर पंडरी रायपुर प्रेस, धुलाई, काउंटर स्टाफ और ड्राइक्लीन से संबंधित कार्य के लिए लड़कों और कारीगर की जरूरत है 8103688822, 7999136268 (RO-4948)

### ऑफिस कार्य

**आवश्यकता है-** ऑफिस में कार्य हेतु अविवाहित लडको की उम्र 18-32, 10th, 12th पास जो आगरा, में रह कर काम कर सके वेतन 10,000/- + कमीशन + बोनस , रहना फ्री शीघ्र संपर्क करे - 6395268809, 7252820491.(RO-319)

### राईस मिल कार्य

**आवश्यकता है-** दुर्ग स्थित राईस मिल में धान हाफर काटने के लिये दिन एवं रातपाली में 5-5 लड़को की आवश्यकता है। रहने की सुविधा चांवल एवं सिलेंडर फ्री। संपर्क करें- मो- 9303309932, 7987085401 (आरो नं.-728)

### अकाउन्ट/मार्केटिंग

**आवश्यकता है-** महिला कंप्यूटर, Telly account, हिंदी से इंग्लिश लेटर टाइपिंग, PA, आफिस वर्क, चाय+सफाई! पुरुष : मेडिकल मशीन /ऑर्थो orthopedic समान मार्केटिंग & सर्विस, समान लाने लेजाने हेतु पुरुष, गार्ड (रात + डॉग के लिए), Car Driver, 14000 - 25000, *भारत मेडिकल सिस्टम*, MIG 70, नेहरू नगर, बिलासपुर 7879177222 *PINAKA मेडिकल*, Sec 11, कमल विहार, Raipur 9326609234 ((RO-37396)

### अन्य

**आवश्यकता है-** सुनहरा अवसर नौकरी भारतीय वनविभाग में सीधी पक्की भर्ती, परमानेंट बेसेस पर, आवेदन करें, 10वी+12वी पास लड़के लड़कियां , पद - वनसिपाही, वनरक्षक, क्लर्क, वनपाल सैलरी -25000/- से 35000/-आवेदन के लिए, आधारकार्ड, पासपोर्ट फोटो, मार्कशीट व्हाट्सएप / संपर्क करें - 9933803418. (RO-801)

**आवश्यकता है-** नौकरी ही नौकरी तहसील स्तरीय भर्ती पद संख्या 975 वनरक्षक फील्ड ऑफिसर माली सिपाही ड्राइवर वेतन 27500+52400 तक आवेदन करने के लिए आधार कार्ड मार्कशीट पैन कार्ड व्हाट्सएप करे 7460994309. (RO-781)

## Property प्रापर्टी

### मकान

**मकान बेचना है-** प्राइम लोकेशन दो मंजिला मकान आवास और गोदाम हेतु उपयुक्त रायपुर बिलासपुर मेंन रोड से सटे 50 मीटर अंदर संई सुतार भवन के पास रमन मंदिर वार्ड फाफाडीह में दो मंजिला मकान (4 BHK) 1250 वर्ग फुट बिल्ड अप एरिया बिक्री हेतु उपलब्ध है। संपर्क - 8602012979 (RO-7096)

### बिक्री(सुसज्जित ऑफिस)

**बेचना है-** एज कमर्शियल कॉम्प्लेक्स (एज बिल्डिंग) विधानसभा रोड, मोवा ,रायपुर में स्थित सुसज्जित ऑफिस ( 386 वर्गफीट) बेचना है। खरीददार संपर्क करें कृपया ब्रोकर संपर्क न करें। संपर्क - मो. 7067925702 & 9425532376.(RO-4941)

## Finance फायनेंस

**फाइनेंस -** रोजगार योजना अंतर्गत पूरे छत्तीसगढ़ मे लोन सिर्फ आधारकार्ड पर - (50,000/- से 25 लाख तक ) (1% ब्याज वार्षिक ) प्रॉपर्टी, पर्सनल, बिजनेस, दुकानदारी, ग्रुपलोन, सिविल ख़राब लोन पाए, संपर्क - 9289384524.(RO-800)

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152

विज्ञापन बुकिंग टाइम
सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:30 बजे तक

## CLASSIFIED RATE CARD

01 अप्रैल 2025 से लागू
हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी

| EDITION | Appointment | Service/Business | Property Rent & Sale | Display |
|---|---|---|---|---|
| Raipur City | 500 | 620 | 550 | 175/- Sq cm |
| Bhilai + Durg Edition | 440 | 560 | 520 | 150/- Sq cm |
| Bilaspur City | 440 | 500 | 520 | 140/- Sq cm |
| Raipur All Edition | 720 | 820 | 800 | 240/- Sq cm |
| Bilaspur All Edition | 610 | 780 | 690 | 195/- Sq cm |
| All CG | 1000 | 1150 | 1120 | 310/- Sq cm |
| All CG + MP | 1280 | 1750 | 1600 | 330/- Sq cm |
| All Edition | 1700 | 2100 | 2000 | 380/- Sq cm |

WANTED Display Scheme 2+1, 3+2, 6+4

SCHEME

1. Pick of the day 15 % extra.
2. Rs. 70/- per day extra charge for bold advt.
3. Box Prise per day Rs. 80/-
4. 20% per day extra charge for colour advt.
5. After 30 words Rs. 10/- per day per extra word charge.
6. For E-mail id Rs. 50/- Extra per day.
7. Business & Services- ASTROLOGY, SMS & Others.
8. NO SCHEME FOR TOWER & FINANCE AD
9. SINGLE DAY BOOKING 100Rs. EXTRA.

COLOUR 20% Extra Charge For Disply

ADVT. Booking Time 10:30 am to 3.00 pm.

5% GST For All Ad

EDUCATION SPECIAL

| EDITION | RATE | |
|---|---|---|
| Raipur City | 3000 | 2+1 |
| Bhilai + Durg Edition | 2800 | 5+3 |
| Raipur Edition | 4400 | 10+10 |
| Bilaspur City | 2500 | 15+18 |
| Bilaspur Edition | 3800 | |
| All CG | 5500 | |

MATRIMONIAL CG+MP

| (Runing Matter) | (Size 5x1 Box) |
|---|---|
| 500 /- 1 Sunday | 800 /- 1 Sunday |
| 900 /- 2 Sunday | 1200 /- 2 Sunday |
| 1200/- 3 Sunday | 1500/- 3 Sunday |

HEALTH CARE 10X1 FIX SIZE

| | | | |
|---|---|---|---|
| Raipur City | 55000 | 85000 | 1,10,000 |
| Bilai + Durg Edition | 50000 | 80000 | 1,00000 |
| Bilaspur City | 40000 | 70000 | 1,00000 |
| Raipur All Edition | 70000 | 1,20,000 | 1,60,000 |
| Bilaspur All Edition | 55000 | 1,00000 | 1,20,000 |
| All CG | 1,10,000 | 1,80,000 | 2,30,000 |

CONTACT:- HARI BHOOMI PRESS
Dhamtari Road, Tikarapara, Raipur Ph.: 0771-4242242, Mob.: 09098138778 E-mail- response.haribhoomi@gmail.com
Ring Road-2, Gourav Path Marg, Bilaspur. Mob.: 9826782100 E-mail- hbclassified375@gmail.com

## आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेकर व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

## Healthcare

गुप्त रोगो का सफल ईलाज
- गुप्त रोग, नामर्दी
- लिंग में छोटापन।
- शीघ्र पतन
- पेशाब से धातू जाना।
- लिंग में ढीलापन,
- शुक्राणु की कमी।
- शुगर से आयी हुई सेक्स में कमी।
- जड़ीबुटी द्वारा खोई हुई शक्ति पुनः प्राप्त करें।
- चर्मरोग व वात रोग का ईलाज किया जाता है।

निःसंतान दम्पति आज ही मिलें
आज ही संपर्क करें
स्टेशन रोड,सीमरन होटल के सामने रायपुर, छ.ग.
9826038170

## खबर संक्षेप

### अप्रैल-फरवरी में कोयला आयात मामूली घटा



**नई दिल्ली।** बीते वित्त वर्ष के पहले 11 माह (फरवरी) के दौरान देश का कोयला आयात मामूली 1.4 प्रतिशत घटकर 24.07 करोड़ टन रहा है। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में देश ने 24.42 करोड़ टन का कोयला आयात किया था। समीक्षाधीन अवधि में गैर-कोकिंग कोयले का आयात 15.23 करोड़ टन रहा।

### बीओएम ने खुदरा ऋण में की 0.25 फीसदी की कटौती




**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ महाराष्ट्र (बीओएम) ने भारतीय रिजर्व बैंक की प्रमुख नीतिगत दर के अनुरूप रेपो दर से जुड़ी ऋण दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती की घोषणा की है।
बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने सोमवार को बयान में कहा कि बैंक की रेपो से जुड़ी ऋण दर (आरएलएलआर) अब 9.05 प्रतिशत से घटाकर 8.80 प्रतिशत कर दी गई है।

### एसबीआई ने कर्ज पर ब्याज दर में 0.25 फीसदी की कटौती की

**नई दिल्ली।** देश के सबसे बड़े ऋणदाता भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने रिजर्व बैंक की नीतिगत रेपो दर में कटौती का लाभ अपने ग्राहकों को देते हुए अपनी उधारी दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती की है। इस कटौती के बाद एसबीआई के मौजूदा और नए उधार लेने वाले ग्राहकों दोनों के लिए कर्ज लेना सस्ता हो जाएगा। इस नयी कटौती के साथ एसबीआई की रेपो से जुड़ी उधारी दर (आरएलएलआर) 0.25 प्रतिशत कम होकर 8.25 प्रतिशत रह जाएगी।

# बदल गई देश के टॉप अमीरों की लिस्ट! अब पहले नंबर पर पहुंचे मुकेश अंबानी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

फोर्ब्स ने 1 अप्रैल 2025 तक के फाइनेंशियल आंकड़ों के आधार पर देश के सबसे अमीर लोगों की लिस्ट जारी की है। इस लिस्ट में सबसे ऊपर मुकेश अंबानी हैं। जबकि, दूसरे नंबर पर गौतम अडाणी हैं। उल्लेखनीय है, एक समय ऐसा भी था, जब गौतम अडाणी देश के सबसे अमीर शख्स हो गए थे। सूची इस प्रकार है-

- सूची में अडाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अदाणी रहे दूसरे स्थान पर

### 1- मुकेश अंबानी

रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर मुकेश अंबानी 1,000,122 करोड़ (119.9 बिलियन डॉलर) के रेवेन्यू के साथ भारत के सबसे अमीर व्यक्ति हैं। रिलायंस तेल-गैस, पेट्रोकेमिकल्स, टेलीकॉम और रिटेल सहित कई क्षेत्रों में सक्रिय है। उनके तीनों बच्चे-आकाश, ईशा और अनंत, अब कंपनी के अलग-अलग हिस्सों का संचालन कर रहे हैं।

### 2. गौतम अडाणी

गौतम अडाणी अडानी ग्रुप के चेयरमैन हैं, जो भारत में पोर्ट, एयरपोर्ट, पावर और ग्रीन एनर्जी जैसे क्षेत्रों में काम करता है। 2023 में हिन्डनबर्ग रिपोर्ट के बाद गिरावट जरूर आई थी, लेकिन सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद 2024 में ग्रुप ने बाजार में वापसी की।

### 3. सावित्री जिंदल और परिवार

भारत की सबसे अमीर महिलाओं कि लिस्ट में शामिल सावित्री जिंदल ओपी जिंदल ग्रुप की चेयरपर्सन हैं। कंपनी के संचालन की जिम्मेदारी उनके चारों बेटे संभालते हैं। जिंदल ग्रुप स्टील से लेकर स्पोर्ट्स तक कई क्षेत्रों में कार्यरत है।

### फोर्ब्स ने जारी की नए बिलेनियर 2025 की सूची

*4. शिव नाडार :* भारत के आईटी क्षेत्र के अग्रणी शिव नाडार ने एचसीएल की स्थापना की थी। उन्होंने 2023 में 2,042 करोड़ से अधिक राशि दान की थी। उन्हें भारत सरकार द्वारा 2008 में पद्म भूषण से नवाजा गया। हालांकि, हाल ही में शिव नाडार ने अपनी संपत्ति का एक बड़ा हिस्सा अपनी बेटी रौशनी नाडार के नाम कर दिया था।

*5. दिलीप संघवी :* सन फार्मास्युटिकल्स के संस्थापक दिलीप संघवी भारत की फार्मा इंडस्ट्री के सबसे प्रभावशाली नामों में से एक हैं। उन्होंने 2014 में रैनबैक्सी को 4 बिलियन डॉलर में अधिग्रहित कर फार्मा क्षेत्र में अपनी स्थिति मजबूत की थी।

*6. सायरस पूनावाला :* सीरम इंस्टीट्यूट दुनिया की सबसे बड़ी वैक्सीन निर्माता कंपनी है। कोविड-19 के दौरान वैक्सीन की भारी डिमांड से पूनावाला परिवार की संपत्ति में भारी वृद्धि हुई।

*7. कुमार मंगलम बिड़ला :* कंपनी सीमेंट, एल्युमीनियम और फाइनेंशियल सर्विसेस सेक्टर में काम करती है। हाल ही में वोडाफोन-आइडिया के 18,000 करोड़ के एफपीओ के बाद कुमार बिड़ला की बोर्ड में वापसी हुई है।



*8. राधाकिशन दमानी :* राधाकिशन दमानी ने डीमार्ट की शुरुआत 2002 में की थी। आज भारत में डीमार्ट के 330 से अधिक स्टोर हैं। साथ ही वह वीएसटी और इंडिया सीमेंट्स जैसी कंपनियों में भी हिस्सेदार हैं।

*9. लक्ष्मी मित्तल :* लक्ष्मी मित्तल स्टील उद्योग के सबसे बड़े नामों में से हैं। उनकी कंपनी ने 2019 में एस्सार स्टील को 5.9 बिलियन डॉलर में खरीदा था। उन्होंने सीईओ की भूमिका अपने बेटे आदित्य मित्तल को सौंप दी है, जबकि खुद चेयरमैन बने हुए हैं।

*10. उदय कोटक :* कोटक महिंद्रा बैंक के फाउंडर उदय कोटक अब अपने बेटे जय कोटक को उत्तराधिकारी के तौर पर तैयार कर रहे हैं। 2020 में उन्होंने अपनी हिस्सेदारी कम कर बैंक की रेगुलेटरी जरूरतों को पूरा किया था।

## चीन के आयात में 4.3 प्रतिशत की गिरावट आई

# अमेरिकी शुल्क में बढ़ोतरी के बाद चीन का निर्यात 12.4 प्रतिशत बढ़ा, आयात में गिरावट

एजेंसी ▶▶| बैंकॉक

चीन के निर्यात में मार्च में सालाना आधार पर 12.4 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। वहीं इसी अवधि में आयात में 4.3 प्रतिशत की गिरावट आई है। अमेरिका के चीन से आयातित वस्तुओं पर शुल्क में बढ़ोतरी के बीच सरकार ने सोमवार को यह जानकारी दी।

विश्व की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से निर्यात 2025 के पहले तीन (जनवरी-मार्च) महीनों में सालाना आधार पर में 5.8 प्रतिशत बढ़ा, जबकि आयात में सात प्रतिशत की गिरावट आई। चीन का अमेरिका के साथ व्यापार अधिशेष मार्च में 27.6 अरब डॉलर रहा, जबकि इसके निर्यात में 4.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

### चीन पर अमेरिका ने 145 फीसदी शुल्क लगाया

वर्ष की पहली (जनवरी-मार्च) तिमाही में अमेरिका के साथ चीन का व्यापार अधिशेष 76.6 अरब डॉलर रहा। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की व्यापार नीतियों में हाल ही में किए गए संशोधनों के अनुसार चीन को अमेरिका को किए जाने वाले अधिकतर निर्यातों पर 145 प्रतिशत शुल्क का सामना करना पड़ रहा है।

### विश्व की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है चीन

#### वियतनाम में चीन का निर्यात बढ़ा

हालांकि पिछले हफ्ते अमेरिका ने इस फैसले को 90 दिन के लिए टाल दिया था। वियतनाम में पिछले महीने चीन का निर्यात सालाना आधार पर लगभग 17 प्रतिशत बढ़ा, जबकि इसके आयात में 2.7 प्रतिशत की गिरावट आई। हालांकि, शी की यात्रा पहले से ही निर्धारित थी लेकिन अमेरिका और चीन के बीच व्यापार युद्ध के चलते यह महत्वपूर्ण हो गई है।




- चीन का अमेरिका के साथ व्यापार अधिशेष 27 .6 अरब डॉलर रहा
- चीन के निर्यात में सबसे अधिक वृद्धि दक्षिण-पूर्वी एशियाई देशों से

#### वैश्विक आयात में चीन की हिस्सेदारी 10.5 फीसदी

चीनी आयात में गिरावट के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने पत्रकारों से कहा कि चीन लगातार 16 वर्षों से दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा आयातक रहा है, जिसने वैश्विक आयात में अपनी हिस्सेदारी लगभग आठ प्रतिशत से बढ़ाकर 10.5 प्रतिशत कर ली है। उन्होंने कहा, '' वर्तमान में और भविष्य में चीन का आयात वृद्धि क्षेत्र बहुत बड़ा है और बड़ा चीनी बाजार हमेशा दुनिया के लिए एक बड़ा अवसर है।''

#### अफ्रीका को निर्यात 11 फीसदी बढ़ा

निर्यात में सबसे अधिक वृद्धि चीन के दक्षिण-पूर्वी एशियाई पड़ोसियों से हुई जहां मार्च में चीन से निर्यात में सालाना आधार में करीब 17 प्रतिशत बढ़ोतरी हुई। अफ्रीका को निर्यात 11 प्रतिशत से अधिक बढ़ा है।

#### चीन गंभीर स्थिति का सामना करने तैयार

सीमा शुल्क प्रशासन के प्रवक्ता ल्यू डालियांग ने कहा कि चीन '' जटिल व गंभीर स्थिति '' का सामना कर रहा है, लेकिन वह घुटने नहीं टेकेगा। उन्होंने चीन के विविध निर्यात विकल्पों और विशाल घरेलू बाजार की ओर इशारा करते हुए यह बात कही।

#### चीन के राष्ट्रपति मलेशिया व कंबोडिया जाएंगे

चीन के राष्ट्रपति शी शिनफिंग सोमवार को क्षेत्रीय दौरे के तहत वियतनाम की यात्रा पर जा रहे थे। वह मलेशिया और कंबोडिया भी जाएंगे। इससे उन्हें अन्य एशियाई देशों के साथ व्यापार संबंधों को मजबूत करने का अवसर मिलेगा, जो संभावित रूप से भारी शुल्क का सामना कर रहे हैं।

# भारत की अमेरिका को 40,000 टन झींगा भेजने की तैयारी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत के समुद्री खाद्य निर्यातक अमेरिका को 35,000-40,000 टन झींगा भेजने की तैयारी कर रहे हैं। उद्योग के अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के 26 प्रतिशत जवाबी शुल्क लगाने की योजना पर रोक लगाने के बाद ऑर्डर स्थिर बने हुए हैं। भारतीय समुद्री खाद्य निर्यातक संघ के महासचिव के एन. राघवन ने कहा, '' अब हमें काफी राहत मिली है, क्योंकि हम अमेरिका के अन्य निर्यातकों के बराबर पहुंच गए हैं। अब रोके गए निर्यात को भेजने की तैयारी की जाएगी। उन्होंने कहा कि अमेरिकी शुल्क की घोषणा और फिर उन पर रोक के कारण लंबित हुए झींगा के करीब 2,000 कंटेनर अब निर्यात के लिए तैयार किए जा रहे हैं। अस्थायी राहत के तहत चीन को छोड़कर सभी देशों पर 10 प्रतिशत का मूल शुल्क लागू रहेगा। चीन पर 145 प्रतिशत शुल्क है। अमेरिका को भारतीय झींगा निर्यात पर वर्तमान में 17.7 प्रतिशत का प्रभावी सीमा शुल्क लगता है, जिसमें 5.7 प्रतिशत प्रतिकारी शुल्क और 1.8 प्रतिशत डंपिंग रोधी शुल्क शामिल है।



- ट्रंप के जवाबी शुल्क के बाद ऑर्डर स्थिर बने हुए
- झींगा के करीब 2,000 कंटेनर अब निर्यात के लिए तैयार

### 2023-24 में 2.7 अरब डॉलर का निर्यात

उद्योग के एक प्रतिनिधि ने कहा, '' (अतिरिक्त शुल्क पर) 90 दिन की रोक से निर्यातकों को अतिरिक्त लागत के बिना इन ऑर्डर को पूरा करने का अवसर मिलता है। भारतीय समुद्री खाद्य निर्यातक संघ के अनुसार, अमेरिका से ऑर्डर में कोई कमी नहीं आई है, जो मात्रा और मूल्य के मामले में भारत का सबसे बड़ा झींगा बाजार बना हुआ है। भारत ने वित्त वर्ष 2023-24 में अमेरिका को 2.7 अरब अमेरिकी डॉलर का झींगा निर्यात किया।

# शुल्क वार के बाद से निवेशकों की संपत्ति 11.30 लाख करोड़ रुपए घटी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बीएसई सेंसेक्स में करीब दो प्रतिशत की गिरावट से महीने की शुरुआत से अभी तक निवेशकों की संपत्ति 11.30 लाख करोड़ रुपये घट गई है।

अमेरिकी प्रशासन की शुल्क योजना की घोषणा और चीन तथा अमेरिका के बीच व्यापार युद्ध की बढ़ती चिंताओं के कारण हाल के दिनों में शेयर बाजारों में भारी उतार-चढ़ाव देखने को मिला है। बीएसई सेंसेक्स में दो अप्रैल से अभी तक 1,460.18 अंक या 1.90 प्रतिशत की गिरावट आ चुकी है। अनिश्चितता के चलते इस अवधि में बीएसई की सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) 11,30,627.09 करोड़ रुपये घटकर 4,01,67,468.51 करोड़ रुपये रह गया है। हालांकि, अमेरिका के अतिरिक्त आयात शुल्क के अपने फैसले को 90 दिन के लिए टालने के बाद बाजार में शुक्रवार को करीब दो प्रतिशत का उछाल आया था। इस दौरान बाजार 10 अप्रैल को महावीर जयंती और 14 अप्रैल को आंबेडकर जयंती के अवसर पर बंद भी रहे। लेमन मार्केट्स डेस्क के विश्लेषक सतीश चंद्र अलूरी ने कहा, '' अमेरिका के दुनिया पर व्यापक स्तर पर जवाबी शुल्क की घोषणा के बाद नए वित्त वर्ष की शुरुआत में बाजारों में उतार-चढ़ाव रहा।



- सेंसेक्स में करीब दो प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई
- बीएसई में दो अप्रैल से अब तक 1460 अंक की गिरावट आई

### चीन ने अमेरिका पर 125 फीसदी जवाबी शुल्क लगाया

अमेरिका ने चीन से आयातित वस्तुओं पर 145 प्रतिशत शुल्क लगा रखा है। वहीं चीन ने जवाबी कार्रवाई करते हुए अमेरिकी वस्तुओं पर अपने अतिरिक्त शुल्क को बढ़ाकर 125 प्रतिशत कर दिया है।

# सिंगापुर ने जीडीपी वृद्धि का अनुमान घटाया

एजेंसी ▶▶| सिंगापुर

सिंगापुर ने 2025 के लिए अपने सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर के अनुमान को घटाकर 0-2 प्रतिशत कर दिया है। व्यापार एवं उद्योग मंत्रालय (एमटीआई) ने सोमवार (14 अप्रैल) को इस घोषणा में वैश्विक व्यापार पर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शुल्क के प्रभाव का हवाला दिया। सिंगापुर के मौद्रिक प्राधिकरण (एमएएस), वास्तविक केंद्रीय बैंक ने भी लगातार दूसरी बार मौद्रिक नीति में नरमी का रुख अपनाया क्योंकि अमेरिका और चीन के बीच व्यापार युद्ध के कारण आर्थिक आशंकाएं बढ़ रही हैं । एमटीआई के अनुसार, फरवरी में सिंगापुर की जीडीपी वृद्धि का अनुमान एक से तीन प्रतिशत था। इसमें अमेरिका और चीन सहित सिंगापुर के प्रमुख व्यापारिक साझेदारों की समग्र वृद्धि में अपेक्षित कमी को ध्यान में रखा गया था।



# मलेशियाई बाजार टूटने से खाद्य तेल में आई गिरावट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

मलेशिया एक्सचेंज के टूटने से देश के तेल-तिलहन बाजार में सोमवार को अधिकांश तेल-तिलहन (सरसों तेल-तिलहन, सोयाबीन तेल, कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तेल) के दाम में गिरावट रही। वहीं आवक कम रहने के बावजूद मलेशियाई बाजार की मंदी से बाजार धारणा प्रभावित रहने के बीच मूंगफली तेल-तिलहन, सोयाबीन तिलहन तथा बिनौला तेल के दाम पूर्वस्तर पर बंद हुए। मलेशिया एक्सचेंज में गिरावट है। जबकि और शिकॉगो एक्सचेंज में घट-बढ़ जारी है। बाजार सूत्रों ने कहा कि मलेशिया एक्सचेंज में गिरावट को देखते हुए पेराई मिलों ने सरसों के दाम कुछ घटा दिये हैं।



- सोयाबीन एवं पामतेल की कीमतों में कमी आई

*चीन की ओर से मूंगफली तेल की आयात मांग है* सोयाबीन तेल से जब तक इन दोनों तेलों के दाम में पर्याप्त कमी नहीं होगी इनकी बाजार मांग नहीं बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि चीन की ओर से मूंगफली तेल की आयात मांग है लेकिन कारोबारी माहौल खराब रहने के कारण मूंगफली तेल-तिलहन के दाम पूर्वस्तर पर बने रहे। सूत्रों ने कहा कि उपलब्धता काफी कम रहने के कारण बिनौला तेल के दाम भी पूर्वस्तर पर बने रहे।

JHAIGO झाईगो 5+1 Cream
चेहरे को दागों से मुक्त कर सुंदरता बढ़ाये...
तो फिर क्या.. बस इस बार झाईगो क्रीम उपयोग कर देखें।
क्या आपके... चेहरे पर झाईयां है? आंखो पर काले घेरे हैं?
चेहरे पर मुहाँसे के काले निशान हैं? या जले या चोट के निशान हैं?
वैदेही तुलसी कफ सीरप
नई एवं पुरानी खांसी, एलर्जी खांसी, श्वास, निमोनिया, कुकुरखांसी, टान्सिल, ब्रानकाटिस, सर्दी आदि में तेज असर कारक
2 वर्ष से बड़े बच्चों के लिए हानिरहित कफ सिरप
HMS देखकर खरीदें एक बार उपयोग कर देखें 94060-21769

# टाटा पावर का एनटीपीसी के साथ बिजली खरीद करार

**नई दिल्ली।** टाटा पावर रिन्यूएबल एनर्जी लि. ने 200 मेगावाट क्षमता की हरित ऊर्जा परियोजना स्थापित करने को लेकर एनटीपीसी लि. के साथ बिजली खरीद समझौते पर हस्ताक्षर किये हैं।

टाटा पावर की अनुषंगी कंपनी टीपीआरईएल ने सोमवार को बयान में कहा, ''इस परियोजना के साथ, इसकी कुल नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता 10.9 गीगावाट तक पहुंच गई है। टाटा पावर रिन्यूएबल एनर्जी लि. (टीपीआरईएल) ने कहा कि देश में विभिन्न स्थानों पर फैली यह परियोजना ('फर्म एंड डिस्पैचेबल रिन्यूएबल एनर्जी) 24 महीनों के भीतर पूरी होनी है और इससे सालाना लगभग 130 करोड़ यूनिट बिजली उत्पादन की उम्मीद है। परियोजना सालाना 10 लाख टन से अधिक कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन को कम करेगी। इस परियोजना को टीपीआरईएल ने प्रतिस्पर्धी बोली के आधार पर हासिल किया था और इसमें सौर, पवन और बीईएसएस (बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली) प्रौद्योगिकी शामिल होंगी।




हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सिंघानिया स्किन केयर — सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झाईं, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट। 36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्पलेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311 Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre — रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर। मो. 94252-14479, 0771-4020411, www.makeoverraipur.com त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक — दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ। सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी। स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद। गरचा कॉम्पलेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर। मो. 7999450384, 7042974029। समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)

डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified) — कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल। सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)। फोन: 0771-4044551। समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक — मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ। मो. 9977247553। नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर। समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक। सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्घ पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर) — उपलब्ध विशेषताएं: • लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी। जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)। फोन: +91-0771-4088107/108, इमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037। लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध। OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डायबिटिक क्लीनिक — Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre, Diabetic Clinic। डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता। Appointments No. 7724035770, 9329004557, 9303724304। 17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

अष्टविनायक हॉस्पिटल — बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं। * आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *। बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)। आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डॉ. मनोज अग्रवाला एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट) — स्किन क्लिनिक। सेवाएं • मुहांसें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टैली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी। चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

स्वास्तिक नर्सिंग होम (पाल जी) — बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल (आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)। सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लाप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण। श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे। मो. 7991031330, मो. 0771-4347172

बांठिया हॉस्पिटल — राजा तालाब रोड, रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-2425009, 2424737। आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत हार्ट की एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी एवं सिरियस मरीजों का ईलाज

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508130




# अलेक्ना का चक्का फेंक में विश्व रिकॉर्ड, 75.56मी. फेंका थ्रो



**रमोना।** लिथुआनिया के मायकोलास अलेक्ना ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए चक्का फेंक में यहां अपने विश्व रिकॉर्ड को दो बार पीछे छोड़ा। उन्होंने ओक्लाहोमा थ्रोज सीरीज वर्ल्ड इनविटेशनल प्रतियोगिता में 247 फीट, नौ इंच (75.56 मीटर) चक्का फेंककर नया विश्व रिकॉर्ड बनाया। इस स्टार खिलाड़ी ने इससे पहले अपने शुरुआती प्रयास में 74.89 मीटर चक्का फेंककर अपने पिछले विश्व रिकॉर्ड को तोड़ा था। पिछले साल इसी प्रतियोगिता में उन्होंने 1986 से चला आ रहा विश्व रिकॉर्ड तोड़ा था। उन्होंने पेरिस ओलंपिक 2024 में रजत पदक जीता था। पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाले ऑस्ट्रेलिया के मैट डेनी ने 74.78 मीटर की दूरी तक चक्का फेंक कर कुछ समय के लिए रिकॉर्ड अपने नाम किया लेकिन 22 वर्षीय अलेक्ना ने जल्द ही फिर से उसे अपने नाम कर दिया।

# तीरंदाजी विश्व कप : धीरज को कांस्य और पुरुष टीम ने जीता रजत पदक



**ऑबर्नडेल।** भारत ने रविवार को यहां तीरंदाजी विश्व कप चरण एक में अपना अभियान चार पदकों के साथ समाप्त किया, जिसमें पुरुष रिकर्व टीम स्पर्धा में एक रजत और व्यक्तिगत रिकर्व वर्ग में धीरज बोम्मदेवरा का कांस्य पदक शामिल है। सेना के 23 वर्षीय तीरंदाज धीरज ने कांस्य पदक के लिए खेले गए मैच में जीत हासिल करने के लिए असाधारण धैर्य और संयम दिखाया। उन्होंने 2-4 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए स्पेन के एंड्रेस टेमिनो मेडिएल को पांच सेट के तनावपूर्ण मुकाबले में 6-4 से हराया। इससे पहले दिन में धीरज अनुभवी तरूणदीप राय और अतनु दास के साथ उस भारतीय तिकड़ी का भी हिस्सा थे, जिसने टीम स्पर्धा के फाइनल में चीन से 1-5 से हारने के बाद रजत पदक जीता था। भारत ने इस तरह से इस प्रतियोगिता में चार पदक जीते। इससे पहले भारतीय कंपाउंड मिश्रित टीम ने स्वर्ण और कंपाउंड पुरुष टीम ने कांस्य पदक जीता था। भारत के अभियान में अभिषेक वर्मा पदक से चूक गए और कंपाउंड पुरुष व्यक्तिगत वर्ग में चौथे स्थान पर रहे।

खास खबर

# 13वें ओवर के बाद गेंद बदलने का फायदा मिला : कर्ण शर्मा



**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ तीन अहम विकेट लेकर लगभग हारा हुआ मैच जिताने में सूत्रधार की भूमिका निभाने वाले मुंबई इंडियंस के लेग स्पिनर कर्ण शर्मा ने स्वीकार किया कि 13वें ओवर के बाद गेंद बदलने का टीम को फायदा मिला। उन्होंने कहा, 'मैने सोचा नहीं था कि ओस होगी। पहली पारी में ओस नहीं थी। इसलिए जब गेंद बदली तो सीम नहीं थी। इससे मुझे फायदा मिला।' मुंबई इंडियंस के साथ 2017 में खिताब जीत चुके कर्ण को आईपीएल में टीम के लिए 'लकी' माना जाता है। वह 2016 में सनराइजर्स हैदराबाद के साथ, 2017 में मुंबई इंडियंस और 2018 में चेन्नई सुपर किंग्स के साथ खिताब जीत चुके हैं।

## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| गुजरात | 6 | 4 | 2 | 8 |
| दिल्ली | 5 | 4 | 1 | 8 |
| बेंगलुरु | 6 | 4 | 2 | 8 |
| लखनऊ | 7 | 4 | 3 | 8 |
| कोलकाता | 6 | 3 | 3 | 6 |
| पंजाब | 5 | 3 | 2 | 6 |
| मुंबई | 6 | 2 | 4 | 4 |
| राजस्थान | 6 | 2 | 4 | 4 |
| हैदराबाद | 6 | 2 | 4 | 4 |
| चेन्नई | 7 | 2 | 5 | 4 |

ऑरेंज कैप



निकोलस पूरन
357 रन
लखनऊ

पर्पल कैप



नूर अहमद
12 विकेट
चेन्नई

## आईपीएल
### लगातार पांच हार के बाद सीएसके की पहली जीत

# धोनी की पारी से टूटा चेन्नई की हार का सिलसिला, लखनऊ को हराया

एजेंसी ▶▶| लखनऊ

अपने पुराने 'फिनिशर' वाले रूप की झलक दिखाने वाले महेंद्र सिंह धोनी और शिवम दुबे ने लगातार पांच मैचों की हार का सिलसिला तोड़कर चेन्नई सुपर किंग्स को आईपीएल के मैच में सोमवार को लखनऊ सुपर जाइंट्स पर पांच विकेट से जीत दिलाई। जीत के लिए 167 रन के लक्ष्य के जवाब में धोनी ने 11 गेंद में चार चौकों और एक छक्के की मदद से नाबाद 26 और दुबे ने 37 गेंद में तीन चौकों और दो छक्कों के साथ नाबाद 43 रन बनाए।

चेन्नई ने तीन गेंद और पांच विकेट बाकी रहते लक्ष्य हासिल कर लिया। इससे पहले फॉर्म में लौटे कप्तान ऋषभ पंत के इस सत्र के पहले अर्धशतक के दम पर लखनऊ ने सात विकेट पर 166 रन बनाए। चेन्नई को आखिरी पांच ओवर में 56 रन की जरूरत थी। धोनी ने आते ही आवेश खान को दो चौके लगाए और चार ओवर में अब चेन्नई को 44 रन चाहिए थे। उन्होंने शार्दुल को एक हाथ से छक्का लगाकर पुराने दिन याद दिला दिए। उन्होंने और दुबे ने कोई जोखिम लिए बिना टीम को जीत तक पहुंचाया।




## ऋतुराज की जगह म्हात्रे शामिल

**नई दिल्ली।** चेन्नई सुपर किंग्स ने चोटिल कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ की जगह आयुष म्हात्रे को टीम में शामिल किया है।

## स्कोर बोर्ड

| लखनऊ सुपर जाइंट्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| माक्ररम का त्रिपाठी बो अहमद | 06 | 06 | 1 | 0 |
| मिचेल मार्श बो जडेजा | 30 | 25 | 2 | 2 |
| पूरन पगबाधा बो कम्बोज | 08 | 09 | 2 | 0 |
| पंत का धोनी बो पथिराना | 63 | 49 | 4 | 4 |
| बडोनी स्ट धोनी बो जडेजा | 22 | 17 | 1 | 2 |
| अब्दुल समद रन आउट | 20 | 11 | 0 | 2 |
| डेविड मिलर नाबाद | 00 | 00 | 0 | 0 |
| शार्दुल का रशीद बो पथिराना | 06 | 04 | 1 | 0 |

अतिरिक्त : 11, योग : 20 ओवर में 166/7
गेंदबाजी : खलील 4-0-38-1, कम्बोज 3-0-20-1, ओवरटन 2-0-24-0, जडेजा 3-0-24-2, नूर 4-0-13-0, पथिराना 4-0-45-2.

| चेन्नई सुपर किंग्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रशीद का पूरन बो आवेश | 27 | 19 | 6 | 0 |
| रविंद्र पगबाधा बो माक्ररम | 37 | 22 | 5 | 0 |
| त्रिपाठी का और बो बिश्नोई | 09 | 10 | 1 | 0 |
| जडेजा का माक्ररम बो बिश्नोई | 07 | 11 | 0 | 0 |
| शिवम दुबे नाबाद | 43 | 37 | 3 | 2 |
| शंकर का आवेश बो राठी | 09 | 08 | 1 | 0 |
| एम एस धोनी नाबाद | 26 | 11 | 4 | 1 |

अतिरिक्त : 10, योग : 19.3 ओवर में 168/5
गेंदबाजी : शार्दुल 4-0-56-0, आकाशदीप 1-0-13-0, राठी 4-0-23-1, आवेश 3.3-0-32-1, बिश्नोई 3-0-18-2, माक्ररम 4-0-25-1.

## पंजाब के सामने आज कोलकाता की चुनौती

**मुल्लांपुर।** पिछले मैच में अभिषेक शर्मा की विस्फोटक पारी के कारण अपने बड़े स्कोर का बचाव करने में नाकाम रही पंजाब किंग्स की टीम को इंडियन प्रीमियर लीग में मंगलवार को यहां कोलकाता नाइट राइडर्स के रूप में एक और चुनौतीपूर्ण प्रतिद्वंद्वी का सामना करना होगा। ऐसा बहुत कम देखने को मिलता है कि 245 रन का बड़ा स्कोर बनाने के बावजूद किसी टीम को हार का सामना करना पड़ा हो लेकिन सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ पिछले मैच में अभिषेक की 55 गेंद पर खेली गई 141 रन की विस्फोटक पारी के कारण पंजाब किंग्स अपने इस स्कोर का बचाव नहीं कर पाया था।

## एमबाप्पे को पांच साल बाद मिला रेड कार्ड, पर जीता रियल मैड्रिड



**मैड्रिड।** स्टार स्ट्राइकर किलियन एमबाप्पे को 2019 के बाद पहली बार रेड कार्ड का सामना करना पड़ा लेकिन इसके बावजूद उनकी टीम रियल मैड्रिड स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में अलावेस पर 1-0 से जीत हासिल करने में सफल रही। एमबाप्पे को अलावेस के मिडफील्डर एंटोनियो ब्लैंको को गलत ढंग से टैकल करने के कारण मध्यांतर से ठीक पहले बाहर भेज दिया गया। फ्रांस के स्टार को शुरुआत में पीला कार्ड दिखाया गया था लेकिन वीडियो समीक्षा के बाद रेफरी ने इसे रेड कार्ड में बदल दिया। यह 2019 के बाद पहला अवसर है जबकि एमबाप्पे को किसी भी प्रतियोगिता में रेड कार्ड मिला। इस कारण वह कम से कम अगले रविवार को एथलेटिक बिलबाओ में होने वाले स्पेनिश लीग मैच में नहीं खेल पाएंगे। एडुआर्डो कैमाविंगा ने 34वें मिनट में रियाल मैड्रिड की तरफ से गोल किया जो आखिर में निर्णायक साबित हुआ।

## दिल्ली के कप्तान अक्षर पर 12 लाख का जुर्माना

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान अक्षर पटेल पर रविवार को यहां खेले गए इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में मुंबई इंडियंस के हाथों अपनी टीम की 12 रन की हार के दौरान धीमी ओवर गति बनाए रखने के लिए 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने कहा, 'दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान अक्षर पटेल पर दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में मुंबई इंडियंस के खिलाफ टाटा इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के मैच के दौरान धीमी ओवर गति बनाए रखने के कारण जुर्माना लगाया गया है। यह आईपीएल की आचार संहिता के धीमी ओवर गति से संबंधित अनुच्छेद 2.22 के तहत उनकी टीम का सत्र का पहला अपराध था।'

## खबर संक्षेप

### पीएम करेंगे खेलो इंडिया युवा खेल का उद्घाटन

**पटना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खेलो इंडिया युवा खेल 2025 का उद्घाटन करने के लिए अगले महीने बिहार का दौरा करेंगे। राज्य के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को यह जानकारी दी। नीतीश कुमार एक समारोह को संबोधित कर रहे थे, जिसमें केंद्रीय खेल और युवा मामलों के मंत्री मनसुख मांडविया भी उपस्थित थे।




Terms and Conditions apply. **Approval of the loan is at the sole discretion of the financiers, and additional documentation may be required. **The interest rates, down payment, and tenure options are based on the financier's assessment of the applicant's credit profile. **The offers/features may be modified or withdrawn at any time without prior intimation. *Cashback Offer available on all Honda2wheelers models for EMI transactions made using IDFC FIRST Bank credit cards through Pine Labs machines only. *Customers can avail 5% instant cashback, up to a maximum of ₹5000. Valid on one transaction per card/order during the offer period. *The scheme is available in selected outlets only. *3 Years Free Service Maintenance Package is available only on Deluxe variant of Activa 110 and Activa 125. *For detailed Terms and Conditions of the 3-Year Free Service Maintenance Package worth ₹5500, kindly contact authorised main dealers and associate dealers. *Above scheme can be withdrawn at any time without prior intimation. All offers are valid until 30th April 2025. The features shown in the creative are may not be available in all variants. Product shown in the picture may vary from actual product available in the market. Accessories shown in the picture are not part of standard equipment.

**Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office:** Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) 122050, India; **Website:** www.honda2wheelersindia.com; **Customer Care:** customercare@honda.hmsi.in

होंडा अधिकृत विक्रेता : रायपुर : ए सिटी होंडा - 9785823333, ग्रैंड होंडा - 0771-4033794, वरूण होंडा - 0771-4005901, जी.के. होंडा - 8058254444, आरंग: वी श्री होंडा - 9893728947, भिलाई: आन होंडा (पॉवर हाऊस): 0788-4013336, 9584378238, जुनवानी रोड (फरीद नगर मैदान के सामने) - 6269092899, नंदिनी रोड (बैंक ऑफ बडौदा के पास) - 6269090005, हाऊसिंग बोर्ड (एकता चौक) 6269090006, कोहका (रूंगटा रोड) 6269090004, नेहरू नगर (नेहरू नगर चौक) 8518020999, दुर्ग: श्री सांईराम होंडा (स्टेशन रोड) - 0788-4017246, 8458882333, रिसाली (कृष्णा टाकीज रोड) - 0788-4067690, 8823050333, बोरसी (एसबीआई बैंक के पास) - 0788-4058968, 8823050444, राजनांदगांव: अंशदीप होंडा - 07744-223100, मनराज होंडा - 07744-223333, महासमुंद: श्री आर्यन होंडा - 9425204997, दल्लीराजहरा: श्री शुभ होंडा - 7587764225, 9406082344, बालोद (गंजपारा)- 9425564232, बलौदा बाजार: किरण होंडा - 7049518181, कवर्धा: प्रथा होंडा- 7400550099, बेमेतरा : श्री रामा होंडा - 7824222521, धमतरी: श्री श्याम होंडा- 07722-233255, जगदलपुर: वाहेगुरू होंडा - 8435090001, कोंडागांव: दंतेश्वरी होंडा- 8517909999, कांकेर : शिवनाथ होंडा - 8720008800, 7970005301

For Bulk / Institutional enquiries, please write us at : institutionalsales@honda2wheelersindia.com

Embassy

# कॉलेजों में कैसे रुकेगी छात्रों की खुदकुशी, टास्क फोर्स ने किया मंथन

**उच्च-शिक्षण संस्थानों में बढ़ते छात्र आत्महत्या के मामलों की समीक्षा, केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने राजधानी में किया बैठक का आयोजन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

देश के उच्च शिक्षण संस्थानों में छात्रों के बढ़ते आत्महत्या के मामलों को लेकर केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने राजधानी में राष्ट्रीय टास्क फोर्स की दूसरी महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। जिसका उद्देश्य छात्रों में मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े हुए मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करने और उन्हें रोकने के लिए जरूरी रणनीतियों पर चर्चा करना था। मंत्रालय ने बताया कि यह बैठक सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति एस.रविन्द्र भट की अध्यक्षता में हुई। केंद्र सरकार के तीन मंत्रालयों के सचिव और विधि-न्याय मंत्रालय तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी भी बैठक में शामिल हुए। सचिवों में केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय में उच्च-शिक्षा विभाग में सचिव डॉ.विनीत जोशी, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय में सचिव अमित यादव, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय में सचिव अनिल मलिक मुख्य हैं।

### मौजूदा कदमों की विस्तृत समीक्षा

मंत्रालय ने कहा कि बैठक में छात्रों की आत्महत्या के मामलों को लेकर अभी तक उठाए गए कदमों के बारे में विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही डाटा एकत्रित करने के लिए एक पोर्टल और वेबसाइट का विकास, एजेंडा बिंदुओं में शामिल किया गया। रिपोर्ट और नियम संबंधी दिशानिर्देश, प्रश्नों का वितरण, विभिन्न क्षेत्रों से सहयोग हासिल करने के अलावा डीओएसईएल व एमओएचएफडब्ल्यू के अधिकारियों को साथ लेने और संस्थानों, एनआईईपीए के बीच समन्वय पर जोर दिया गया।

### आठ महीने में सौंपेगी रिपोर्ट

गौरतलब है कि इसी साल 24 मार्च को न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला की अध्यक्षता वाली पीठ ने उच्च-शिक्षण संस्थानों में छात्रों की आत्महत्या के मामलों पर ध्यान दिया। साथ ही उनकी मानसिक स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं को दूर करने और ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति एस.रविन्द्र भट की अध्यक्षता में राष्ट्रीय टास्क फोर्स का गठन किया था। 29 मार्च को इसकी पहली बैठक हो चुकी है। टास्क फोर्स को अपनी अंतरिम रिपोर्ट सौंपने के लिए चार महीने और अंतिम रिपोर्ट सौंपने के लिए आठ महीने का समय दिया गया है।



### प्रतिष्ठित विशेषज्ञ कर रहे समीक्षा

इस एनटीएफ को रिटायर्ड जस्टिस एस रवींद्र भट लीड कर रहे हैं। कई प्रतिष्ठित विशेषज्ञों भी इसमें शामिल किए गए हैं। जैसे डॉ. आलोक सरीन, प्रोफेसर मैरी ई जॉन, अरमान अली, डॉ. अक्सा शेख, डॉ. सीमा मेहरोत्रा और प्रोफेसर वर्जिनियस जाक्सा शामिल हैं। इन लोगों के अलावा टास्क फोर्स में उच्च शिक्षा विभाग और महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के प्रतिनिधि भी एनटीएफ के सदस्य हैं।

## खबर संक्षेप

### अटलांटिक तट पर नाव पलटने से एक की मौत



**पोर्ट सेंट लुइस।** अमेरिकी तटरक्षक दल फ्लोरिडा के अटलांटिक तट पर एक नाव के पलट जाने के बाद लापता हुए पांच लोगों की तलाश कर रहा है। तटरक्षक बल ने सोमवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि एक व्यक्ति मृत मिला है और चालक दल ने रविवार को सेंट लुइस इनलेट से चार अन्य को बचा लिया।

### अंतरराज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ कर 36 किलो गांजा जब्त किया

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में पुलिस ने दिल्ली-एनसीआर, हरियाणा और राजस्थान में सक्रिय एक अंतरराज्यीय मादक पदार्थ गिरोह का भंडाफोड़ कर 36 किलोग्राम से अधिक गांजा जब्त किया। गिरोह के दो प्रमुख सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने 11 अप्रैल को द्वारका-नजफगढ़ रोड पर आईटीबीपी कैंप के पास राजा कुमार को गिरफ्तार किया। राजा शैक्षणिक संस्थानों के पास बेचने के लिए 23.9 किलोग्राम गांजा स्कूटर पर ले जा रहा था।

### मलेशिया के पूर्व पीएम अब्दुल्ला अहमद का निधन

**कुआलालंपुर।** मलेशिया के पूर्व प्रधानमंत्री अब्दुल्ला अहमद बदावी का हृदय की बीमारी के कारण यहां निधन हो गया।



कुआलालंपुर स्थित अस्पताल 'इंस्टिट्यूट जांतुंग नेगरा' ने सोमवार को यह जानकारी दी। बदावी का इस अस्पताल में उपचार चल रहा था। वह 85 वर्ष के थे। बदावी मलेशिया के पांचवें प्रधानमंत्री थे।

## पुतिन के हमले से परेशान जेलेंस्की ने ट्रंप को यूक्रेन आने का दिया न्योता

# कहा- आइए और देखिए क्या हाल हो गया हमारा, अस्पतालों का करें दौरा


एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

रूस और यूक्रेन के बीच जंग जारी है। दोनों देशों में शांति स्थापित कराने के लिए अमेरिका समेत कई देश लगातार प्रयास कर रहे हैं। जहां एक और शांति वार्ता की कोशिश की जा रही है। तो दूसरी तरफ दोनों देश एक दूसरे पर हमले करने से पीछे नहीं हट रहे हैं। हाल में ही रूस ने यूक्रेन के सूमी शहर पर बैलिस्टिक मिसाइल से हमला बोला।

इस घटना में 34 लोगों की मौत की जानकारी सामने आई थी। इस बीच यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेंलेंस्की ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को यूक्रेन आने और युद्धग्रस्त इलाकों का दौरा करने के लिए आमंत्रित किया है। जानकारी के अनुसार, यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की चाहते हैं कि अमेरिका के राष्ट्रपति एक बार यूक्रेन का दौरा करें। निमंत्रण देने के पीछे की वजह है कि जेलेंस्की ट्रंप को दिखाना चाहते हैं इस युद्ध से यूक्रेन का क्या हाल हो गया है।

### चर्चों का दौरा करें ट्रंप

राष्ट्रपति जेलेंस्की ने डोनाल्ड ट्रंप से आग्रह किया वह किसी भी फैसले पर पहुंचने से पहले एक बार यूक्रेन का दौरा करें और वहां की वास्तविक स्थिति को देखें। यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने एक साक्षात्कार के दौरान कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति को किसी संधि पर हस्ताक्षर करने से पहले और किसी भी नतीजे पर पहुंचने से पहले एक बार यूक्रेन आना चाहिए और यहां के अस्पतालों, चर्चों, आम नागरिकों और योद्धाओं से मिलना चाहिए।



### 'सीबीएस' और '60 मिनट्स' के प्रसारण पर भड़के ट्रंप

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को अमेरिकी टेलीविजन पर प्रसारित होने वाली समाचार पत्रिका 'सीबीएस' द्वारा अपने कार्यक्रम '60 मिनट्स' में यूक्रेन और ग्रीनलैंड पर कार्यक्रम प्रसारित करने के तुरंत बाद 'सीबीएस' और '60 मिनट्स' पर तीखा हमला करते हुए कहा कि टेलीविजन नेटवर्क नियंत्रण से बाहर हो गया है और उनके पीछे पड़ने के लिए उसे 'बड़ी कीमत चुकानी होगी'।

### पुतिन से 100 प्रतिशत नफरत करता हूं: जेलेंस्की

'60 मिनट्स' के संवाददाता ने यूक्रेन की यात्रा की और देश के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के साथ एक साक्षात्कार किया, जहां इस महीने की शुरुआत में रूसी हमले में नौ बच्चे मारे गए थे। रविवार को प्रसारित साक्षात्कार में जेलेंस्की ने कहा कि यूक्रेन पर आक्रमण के लिए वह रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से "100 प्रतिशत" नफरत करते हैं।

### रूस ने यूक्रेन पर किया मिसाइल से हमला

बता दें, रूस ने रविवार को यूक्रेन के सूमी शहर पर बैलिस्टिक मिसाइल से हमला बोला। इस हमले में 34 लोगों की जान गई है। इसके अलावा इस हमले में 100 से अधिक लोगों के घायल होने की भी खबर सामने आई है। इस हमले को लेकर यूक्रेन के राष्ट्रपति ने चिंता जाहिर की और रूसी हमले की निंदा की है। 24 फरवरी 2022 से रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध जारी है। दोनों देश एक दूसरे पर लगातार हमला कर रहे हैं। इस युद्ध को समाप्त कराने को लेकर अमेरिका समेत कई देश लगातार प्रयास कर रहे हैं। हालांकि, अभी तक कोई बात नहीं बन सकी है।

# खत्म नहीं हो रहा जिला अस्पताल विवाद, प्रदेश स्तर पर आंदोलन की बन रही रणनीति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जांजगीर-चांपा

जिले के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल में प्रभारी सिविल सर्जन और डॉक्टरों व स्टाफ के बीच चल रहा विवाद कहीं थमने का नाम नहीं ले रहा है। खास बात यह है कि डॉक्टरों व स्टाफ की शिकायत पर जिला प्रशासन ने कमेटी बनाकर जांच के आदेश दिए थे, लेकिन मामले को 40 दिन बीत गए और कार्रवाई आज तक नजर नहीं आई। ऐसे में बीते दिनों ओपीडी बहिष्कार व जिला स्तर पर अस्पतालों में कामकाज ठप करने के बाद डॉक्टर व स्वास्थ्य कर्मचारी संघ प्रदेश स्तरीय आंदोलन के लिए लामबंद हो रहे है। बताया जाता है कि इसको लेकर संभाग मुख्यालय बिलासपुर में प्रतिनिधि मंडल की बैठक रखी गई है, जहां प्रदेश स्तरीय आंदोलन की रणनीति बनाई जाएगी।

- जांच कमेटी बनाने के 40 दिनों बाद भी कोई कार्रवाई नहीं कर सका प्रशासन

गौरतलब है कि ठाकुर छेदीलाल शासकीय जिला चिकित्सालय में प्रभारी सिविल सर्जन के खिलाफ डॉक्टरों व नर्स के साथ कर्मचारियों ने मोर्चा खोल रखा है। उन्होंने सिविल सर्जन पर प्रताड़ना व कर्मचारियों से अमर्यादित व्यवहार करने का आरोप लगाया था। इसको लेकर बीते 5 मार्च को डॉक्टर व स्टाफ नर्स के साथ कर्मचारी नारेबाजी करते हुए पैदल ही कलेक्टोरेट पहुंचे थे और जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर अपनी शिकायत दर्ज कराई थी। इधर इस मामले में जिला प्रशासन ने अपर कलेक्टर के नेतृत्व में एक जांच टीम गठित की और जांच के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया।

### बना रहे रणनीति

हमारी एक सूत्रीय मांगों को लेकर चरणबद्ध आंदोलन की शुरुआत की गई है। अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। ऐसी स्थिति में प्रदेश संगठन को अवगत कराया गया है। 15 अप्रैल को बिलासपुर में बैठक में रखी गई है, जिसमें आगे की रणनीति पर चर्चा होगी।

**-डॉ.इकबाल हुसैन,** प्रदेश अध्यक्ष सीडा

# किसानों की जरूरतों का समाधान है किसान डिजिटल आईडी: चौहान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को विदिशा, मध्य प्रदेश में डिजिटल एग्रीकल्चर मिशन के तहत अपनी किसान आईडी बनवाई। इस कार्यक्रम के दौरान चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार द्वारा डिजिटल कृषि मिशन की शुरुआत की गई है, जिसका उद्देश्य किसानों को डिजिटल रूप से सशक्त आत्मनिर्भर और तकनीक-सक्षम बनाना है। इस मिशन के अंतर्गत सभी किसानों की एक डिजिटल पहचान होगी उनको फार्मर आईडी प्रदान की जाएगी और इसमें किसानों की खेती संबंधी और सभी जानकारियां एक ही स्थान पर होगी मतलब जमीन कौन सा रकबा है, उसके परिवार में कौन-कौन सदस्य हैं, उसने कौन सी फसल बोई है उसकी मिट्टी का स्वास्थ्य कैसा है, मिट्टी में कौन-कौन से तत्व हैं, सॉइल हेल्थ कार्ड की जानकारी उसके पास खेती के अलावा पशुधन या और कोई संपत्ति है तो उसकी जानकारी भी होगी और इसका लाभ क्या है?



### केंद्रीय मंत्री बोले- किसान बनाए आईडी

केंद्रीय मंत्री चौहान ने कहा कि केंद्र सरकार और राज्य सरकार मिलकर फार्मर आईडी बनाने का अभियान चला रही है। आईडी में दी गई जानकारी गोपनीय रहेगी और किसान के चाहने पर ही साझा की जाएगी। अब तक देश में 5.5 करोड़ से अधिक किसानों की आईडी बन चुकी है, जिसमें मध्य प्रदेश के 78 लाख किसान भी शामिल हैं। श्री शिवराज सिंह चौहान ने किसानों से एक जगह सारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए किसान आईडी बनवाने की अपील की।

### बंगाल में आंधी-तूफान और बारिश का अनुमान

**कोलकाता।** भारत मौसम विभाग ने अनुकूल हवा के रुख और बंगाल की खाड़ी से आ रही तेज नमी के कारण सोमवार से 18 अप्रैल तक पश्चिम बंगाल के कई जिलों में बिजली चमकने और तेज हवाएं चलने अथवा आंधी-तूफान आने का अनुमान जताया है। आईएमडी ने कहा कि बांग्लादेश और उसके आसपास के इलाकों में ऊपरी हवा का चक्रवाती घेरा बना हुआ है। विभाग के अनुसार, पश्चिम बंगाल के दक्षिणी हिस्से में एक या दो स्थानों पर आंधी-तूफान आने, बिजली चमकने और हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है, जबकि पुरुलिया, बीरभूम, मुर्शिदाबाद, पूर्वी और पश्चिमी बर्धमान तथा नादिया जैसे जिलों में हवा की तीव्रता तुलनात्मक दृष्टि से अधिक रहने की संभावना है।

# छत्तीसगढ़ के शिमला मैनपाट के झरनों की धार हुई पतली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबिकापुर/मैनपाट

गर्मी में छत्तीसगढ़ के शिमला मैनपाट में प्रदेशभर के पर्यटकों को आकर्षित करने वाले झरनों की धार अब पतली हो गई है। झरनों की ऐसी स्थिति तब है जब मार्च एवं अप्रैल के महीने में क्षेत्र में अच्छी बारिश हुई है। भविष्य में भीषण गर्मी पड़ने पर झरनों की सुंदरता पर विपरीत प्रभाव पड़ने एवं धार और अधिक पतली होने की संभावना जताई जा रही है।

मैनपाट से निकलने वाले एक दर्जन से अधिक नाली-नाले, घाट-पहाड़, प्राकृतिक विविधता एवं अनेक झरनों ने इसे न केवल अलग पहचान दिलाई है बल्कि पर्यटन के नक्शे पर स्थापित



करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। प्राकृतिक विविधता के कारण मैनपाट में अपेक्षाकृत बेहद कम गर्मी पड़ती है। ठंड के मौसम में तो यहां का नजारा ही अलग होता है तथा दिसम्बर में तापमान 2-3 डिग्री सेल्सियस पहुंच जाता है। बुजुर्ग बताते है कि तीन दशक पूर्व तक यहां सालो भर रात में ठंडक लगती थी लेकिन अब ऐसी स्थिति नहीं है।

### रेखा शक्ल में गिर रहा जल


नदियों का जलस्तर कम होने के कारण टाइगर पाइंट से जल एक रेखा शक्ल में गिर रहा है। यही हाल अन्य झरनों का है। अब झरनों के पास न तो पानी गिरने का संगीत सुनाई देता है न ही आसपास में फव्वारे जैसा दृश्य नजर आता है। भविष्य में गर्मी बढ़ने पर झरनों की धार में और अधिक कमी आने की संभावना जताई जा रही है। गर्मी में झरनों का कलरव बंद होने के कारण पर्यटकों की आवाजाही भी प्रभावित हुई है।

### लॉरेन सांचेज सहित महिला सेलिब्रिटी अंतरिक्ष रवाना

**वाशिंगटन।** अमेरिकी कारोबारी जेफ बेजोस की कंपनी 'ब्लू ओरिजिन' ने सोमवार को उनकी मंगेतर लॉरेन सांचेज को कैटी पेरी और गेल किंग सहित अन्य महिला सेलिब्रिटी के साथ अंतरिक्ष के लिए रवाना किया। न्यू शेपर्ड रॉकेट ने वेस्ट टेक्सास से उड़ान भरी। इस अंतरिक्ष यात्री दल की सभी सदस्य महिलाएं हैं। हेलीकॉप्टर पायलट और पूर्व टीवी पत्रकार सांचेज ने अन्य अंतरिक्ष यात्रियों को 10 मिनट की पूरी तरह से स्वचालित उड़ान के लिए आमंत्रित किया, जिसमें गायिका-गीतकार पेरी और 'सीबीएस मॉर्निंग्स' की सह-प्रस्तोता किंग भी शामिल थीं।इस अंतरिक्ष यात्रा पर फिल्म निर्माता केरियन फ्लिन, नासा की पूर्व इंजीनियर आइशा बोवे, और वैज्ञानिक अमांडा गुयेन भी गई हैं।


कैंसर सर्जरी पश्चात अंगों का पुनःनिर्माण (जबड़ा, स्तन व अन्य)
छ.ग.शासन से मान्यता प्राप्त
कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
आर.के.सी. के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay 9827144371






हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com